■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित

www.navbihartime.com

■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 35, अंक : 336

पृष्ठ : 12

औरंगाबाद, रविवार

11 मई 2025

मूल्य : 3.00 रुपये

रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

### देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**2001:** संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रक्षेपास्त्र रक्षा प्रणाली को भारत का समर्थन।

**2005:** बगलिहार परियोजना पर भारत-पाक मतभेदों को निपटाने हेतु विश्व बैंक ने तटस्थ विशेषज्ञ नियुक्त किया।

**2010:** भारतीय सर्वोच्च न्यायालय की संवैधानिक खंड़पीठ ने एक महत्त्वपूर्ण निर्णय में कहा कि पंचायत और स्थानीय चुनाव में राज्य सरकार को आरक्षण देने का अधिकार है।

**जरूरी नहीं कि मिठाई खिलाकर ही दूसरों का मुंह मीठा करें, आप मीठा बोलकर भी लोगों को खुशियां दे सकते हैं!**

### मुख्यमंत्री ने राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों की कड़ी निगरानी हेतु की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

# सभी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर करें पुलिस बल की तैनाती : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/पूर्णिया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' की पृष्ठभूमि में राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों की कड़ी निगरानी के लिए पूर्णिया समाहरणालय स्थित महानंदा सभागार में सुरक्षा संबंधी उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पर्यटक स्थल पहलगाम में पाकिस्तान से आये हुए आतंकवादियों ने 26 पुरुषों की निर्मम हत्या उनकी पत्नी एवं बच्चों के समक्ष कर दी थी। इस घटना के आलोक में भारत एवं पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए बिहार के सीमावर्ती जिलों- पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, अररिया और सुपौल के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, भारतीय सेना तथा सशस्त्र सीमा बल के पदाधिकारियों के साथ यह बैठक की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार सीधे रूप से पाकिस्तान की सीमा से नहीं लगा हुआ है परंतु नेपाल एवं बांग्लादेश से सटे होने के कारण यहां अत्यंत सर्तकता



बरतने की आवश्यकता है। वर्तमान में भारत एवं पाकिस्तान के बीच सीमा पर चल रही तनावपूर्ण स्थिति पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार तथा भारतीय सेनाओं द्वारा प्रशंसनीय कार्रवाई की जा रही है। हम सब लोग पूरी तरह से केन्द्र सरकार के साथ हैं। सभी लोगों को मिलकर काम करना है तथा पूरी सावधानी रखनी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भारत पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को ध्यान में रखते हुए सीमावर्ती इलाकों में पूरी तरह से सतर्कता बरतें। सीमा पर स्थित सड़कों पर लगातार गश्ती करते रहें तथा आने-जाने वालों की पूरी जांच करें। साथ ही महत्वपूर्ण सड़कों, पुलों, रेलवे लाईन एवं धार्मिक स्थलों जैसे संवेदनशील स्थानों पर पूरी निगरानी रखें। राज्य सरकार के सभी पदाधिकारी, भारतीय सेना एवं सशस्त्र सीमा बल के पदाधिकारियों के साथ मिलकर काम करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन 5 जिलों के अलावा अन्य सीमावर्ती जिलों में भी इसी तरह से सतर्क रहने एवं मिलकर काम करने की आवश्यकता है। सभी जिलों में कड़ी चौकसी रखी जाय। सभी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर पुलिस बल प्रतिनियुक्त किया जाय। वरीय पदाधिकारी नियमित रूप से गश्ती कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लेते रहें। भारत-नेपाल सीमा पर कड़ी चौकसी रखी जाय। एसएसबी के साथ मिलकर पूरे इंडो-नेपाल (शेष पृष्ठ 10 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में तीन की मौत

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के भुतही थाना अंतर्गत दोस्तिया स्थित एनएच-77 पर शनिवार को हाइवा और ई-रिक्शा के बीच आमने-सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में ई-रिक्शा चालक राजेन्द्र उर्फ झगरू महतो, इंजीनियर विक्की उर्फ चन्दन कुमार, और उनकी मां वीणा देवी की मौके पर ही मौत हो गई।

### उत्पाद विभाग की बोलेरो पलटी, सिपाही की मौत

**आरा (नबिटा ब्यूरो)।** गजराजगंज ओपी अंतर्गत कटेया रोड के पास उत्पाद विभाग की गाड़ी सड़क हादसे की शिकार हो गई। टीम शराब कारोबारियों का पीछा कर रही थी। हादसे में एक सिपाही चालक की मौत हो गई। जबकि, एएसआइ समेत चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से गाड़ी में फंसे सभी पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज कराया जा रहा है। मृतक सिपाही चालक की पहचान हरी के टोला निवासी संजय यादव के रूप में की गयी है।

### सीआरपीएफ जवान ने की खुदकुशी

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** राजगीर थाना क्षेत्र के पचरुखिया कुआं टिल्डा पर मोहल्ले में शनिवार को सीआरपीएफ जवान ने फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली है। मृतक की पहचान अंबिका मुखिया के बेटे अमरजीत कुमार के रूप में की गई है। वह फिलहाल राजगीर सीआरपीएफ ट्रेनिंग कैंप में कॉन्स्टेबल के पद पर कार्यरत था। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि 5 दिनों से वह अपने ससुराल नवादा जिला के नारदीगंज थाना क्षेत्र के धनीमा पहाड़ गांव में था। शुक्रवार को ही वह घर लौटा था। रात में खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह जब मोहल्ले के लोग फोन कर रहे थे तो वह जवाब नहीं दे रहा था। इसके बाद दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से नीचे उतारा गया और स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।

### अमेरिका की मध्यस्थता के बाद भारत व पाकिस्तान सीजफायर के लिए राजी

# पाकिस्तान को भारत ने बहुत नुकसान पहुंचाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** अमेरिका की मध्यस्थता के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल प्रभाव से सीजफायर के लिए राजी हो गए। सीजफायर की घोषणा के बाद भारतीय सेना की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि हमले पाकिस्तान को बहुत भारी नुकसान पहुंचाया है। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा पाकिस्तान ने झूठी खबर फैलाई है कि भारतीय हमलों में धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं है। भारतीय सेना ने बहुत संयम और निर्धारित टारगेट पर हमला किया। हमारी कार्रवाई बदले की नहीं थी। हमने सिर्फ हमलों का जवाब दिया है। सेना की पीसी में विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि हमने पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया



है। उन्होंने बताया कि जवाबी कार्रवाई में हमने पाकिस्तान के डिफेंस सिस्टम को खत्म कर दिया है। भारत की सेना सुरक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है। पाकिस्तान के कई एयरबेस को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की ओर से ब्रह्मोस बेस को नुकसान पहुंचाने की खबर पूरी तरह से गलत है। महत्वपूर्ण पाकिस्तानी हवाई ठिकानों स्कार्दू, जैकोबाबाद और भोलारी को भारी नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा इक हथियार प्रणाली और रडार के नुकसान ने पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र की रक्षा को असहनीय बना दिया है। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने पीसी में कहा कि पिछले कुछ दिनों में, जैसा कि हमने देखा है, पाकिस्तान ने हमारे प्रतिष्ठानों पर बिना उकसावे के हमला किया है, जिसके बाद उसे बहुत भारी और असहनीय क्षति हुई है। उसे जमीन और हवा दोनों जगहों पर नुकसान उठाना पड़ा है। नियंत्रण रेखा के पार सैन्य बुनियादी ढांचे, कमांड कंट्रोल सेंटर और लॉजिस्टिक प्रतिष्ठानों को व्यापक और सटीक नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा दो सैन्य कर्मियों की मौत ने इसकी रक्षात्मक और आक्रामक क्षमता और पाकिस्तानी मनोबल को पूरी तरह से तोड़ दिया है। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसने अपने जेएफ-17 से हमारे एस-400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया है, जो पूरी तरह से गलत है। दूसरे, उसने यह भी गलत सूचना अभियान चलाया कि सिरसा, जम्मू, पठानकोट, भटिंडा, नलिया और भुज में हमारे हवाई अड्डों को नुकसान पहुंचाया गया है और उसकी यह गलत सूचना भी पूरी तरह से गलत है। तीसरे, पाकिस्तान के गलत सूचना अभियान के अनुसार, चंडीगढ़ और व्यास में हमारे गोला-बारूद डिपो (शेष पृष्ठ 10 पर)

## बस और हाइवा की टक्कर में तीन बारातियों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के कड़ौना थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव के पास गया-पटना एनएच-22 पर शनिवार सुबह बारातियों से भरी बस और हाइवा की आमने-सामने टक्कर हुई है। हादसे में एक बच्चे समेत 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। बस में 28 बाराती सवार थे। घायलों में 12 को गंभीर चोटें आई है। इसमें एक को पटना रेफर किया गया है। मृतक की पहचान दुल्हिन बाजार के लाल भासरा गांव निवासी प्रिंस कुमार (14) और अयोध्या यादव (47) और कोयरी बिगहा गांव निवासी चिंतामणि प्रसाद (37) के रूप में हुई है। बारात मसौढ़ी के कादिरगंज थाना क्षेत्र के दतमई गांव से लौट रही थी। इसी दौरान लोदीपुर गांव के पास सामने से आ रही हाइवा ने टक्कर मार दिया। हादसा इतना भयानक था कि बस के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इस हादसे के बाद घायलों को सदर अस्पताल जहानाबाद में भर्ती कराया गया है। इसमें सूरज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार, अमन कुमार, सदेव पासवान, अभिषेक कुमार, योगिंदर कुमार, गुड्डू कुमार, अमित कुमार, ऋषिकेश कुमार, आयुष कुमार शामिल हैं। वहीं, एक घायल सोहन पंडित की हालत गंभीर होने की वजह से पीएमसीएच रेफर किया गया है। बाराती भोनू ने कहा कि शुक्रवार रात बारात लग गई थी। द्वार पूजन के बाद खाना खाने के बाद सभी बस से निकले थे। आधे घंटे बाद ही हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद कड़ौना थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस घटना की जांच कर रही है। वहीं, स्थानीय लोगों ने बताया कि बाइपास बनने के बाद जिले में सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही है।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**गोपालगंज(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कटेया बाजार से रेफरल हॉस्पिटल की तरफ जाने वाली सड़क पर ईंट ले जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृत युवकों की पहचान कटेया थाना क्षेत्र के दिउलियां राजापुर निवासी निगम कुमार पंडित और भोरे थाना क्षेत्र के बनकटा जागीरदारी गांव निवासी मन्नु चौहान के रूप में हुई है।

## बरसात से पहले गड्ढा मुक्त होंगी ग्रामीण सड़कें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बरसात के मौसम में आम लोगों को सड़क संबंधी परेशानियों से निजात दिलाने के लिए ग्रामीण कार्य विभाग ने समय रहते ही कमर कस ली है। आज अधिवेशन भवन सभागार में मंत्री अशोक चौधरी की अध्यक्षता में ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत एक महत्वपूर्ण संवाद सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य भर के संवेदक और जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर मंत्री श्री चौधरी ने साफ शब्दों में निर्देश दिया कि जून से पहले राज्य की सभी ग्रामीण सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाना अनिवार्य है ताकि मानसून के दौरान आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष बल देते हुए स्पष्ट किया कि लापरवाही या समय सीमा का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं



किया जाएगा। संवेदकों के भुगतान को और अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाने पर भी मंत्री ने जोर दिया। ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव ने इस मौके पर स्पष्ट कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और सभी कार्य समय पर पूरे हों, यह सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी जिलों में अधिकारियों और संवेदकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्यों को प्रभावी ढंग से संपन्न करने का आह्वान किया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 14087 पथ, जिनकी कुल लंबाई 24482 किलोमीटर है, की स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें से 6374 पथों पर कार्य आवंटित कर दिया गया है। संवाद सत्र के दौरान अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त भगवत राम ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत, उन सभी ग्रामीण पथों को आगामी सात वर्षों तक मानक अनुरूप सेवा स्तर पर बनाए रखने की व्यवस्था की गई है, जो अपनी पंचवर्षीय अनुरक्षण / त्रुटि निवारण अवधि पूर्ण कर चुके हैं। इस अवधि के भीतर इन पथों के कालीकृत हिस्सों पर दो बार कालीकरण (री-सर्फेसिंग) करना है। संवाद सत्र में विशेष सचिव उज्ज्वल कुमार सिंह, अभियंता प्रमुख निर्मल कुमार एवं विभाग के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पेट्रोल पंप पर मानक के अनुरूप होंगे इंडियन और वेस्टर्न टॉयलेट

- प्रदेश के सभी पेट्रोल पंप पर शौचालय और यूरिनल की नियमित हो सफाई
- निर्धारित आकार के इंडियन और वेस्टर्न (कमोड) टॉयलेट अनिवार्य
- सुविधाओं में कमी होने पर पंप लाइसेंस होगा निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के सभी पेट्रोल पंप पर मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करना जरूरी है, ऐसा नहीं करने पर लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की जा सकती है। परिवहन विभाग की ओर से पूर्व में जारी आदेश के अनुसार प्रदेश के सभी पेट्रोल पंप पर शौचालय और यूरिनल की नियमित सफाई होनी चाहिए, जिसके लिए एक कर्मचारी को प्रतिनियुक्ति करना होगा। इसके साथ ही महिला और पुरुष के लिए निर्धारित आकार के अलग-अलग इंडियन और वेस्टर्न (कमोड) शौचालय और यूरिनल की सुविधा होनी चाहिए। बिहार मोटर स्पिरिट और हाई स्पीड डीजल ऑयल डीलर लाइसेंसिंग ऑर्डर 1966 के नियम-2 (ई) के आलोक में पेट्रोल पंप पर यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चत कराना अनिवार्य है। इनमें पंप पर महिला और पुरुष के लिए साफ शौचालय और यूरिनल, स्वच्छ पेयजल, आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता, पेट्रोल पंप की स्वच्छता और रखरखाव, ग्राहकों से संबंधित सुविधाएं होनी चाहिए। मूलभूत सुविधाओं वाले पेट्रोल पंप का लाइसेंस रिन्यू किया जाएगा। वहीं, ऐसे पेट्रोल पंप संचालक, जिन्होंने पम्प पर मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित नहीं किया है, उनका लाइसेंस निलंबित किया जाएगा। परिवहन मंत्री शीला कुमारी ने कहा कि परिवहन सेवा को सुलभ बनाने के लिए लोगों को सुविधाजनक सफर उपलब्ध कराना जरूरी है। सफर के दौरान लोग पेट्रोल पंप पर शौचालय का इस्तेमाल करते है। ऐसे में पंप मालिक शौचालयों में पर्याप्त रोशनी, सफाई और चलित अवस्था में रखें। पेट्रोल पंप पर महिला, पुरुष, बच्चे और बूढ़े सभी के लिए एक सुरक्षित और सुविधाजनक शौचालय जरूरी है। महिला और पुरुष दोनों के लिए अलग-अलग इंडियन और वेस्टर्न (कमोड) टॉयलेट होना चाहिए। वेस्टर्न टॉयलेट होने से बीमार और बुजुर्गों को सफर के दौरान सहूलियत होगी।







### पीएनबी किसान बचत खाता : वेरिएंट-हरित

pnb

| मापदंड | विशेषताएँ* |
|---|---|
| पात्रता | 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के किसान |
| लाभ प्राप्त करने के लिए न्यूनतम अर्धवार्षिक औसत (HYAB) | ₹5000/– (अर्धवार्षिक औसत शेष) |
| व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु बीमा (PAI) | ₹10 लाख (पशु, सांप व कीट काटने की स्थिति भी शामिल) |
| स्थायी पूर्ण विकलांगता दुर्घटना बीमा (PTD) | ₹10 लाख |
| हवाई दुर्घटना मृत्यु बीमा (AAI) | ₹20 लाख |
| स्थायी आंशिक विकलांगता दुर्घटना बीमा (PPD) | ₹5 लाख (विकलांगता प्रतिशत GPA शेड्यूल के अनुसार होगा; कई चोटों की स्थिति में अधिकतम दावा बीमा राशि तक) सीमित |
| PAI से जुड़े अतिरिक्त लाभ (प्राथमिक खाताधारक की मृत्यु की स्थिति में) | उच्च शिक्षा – 25 वर्ष की आयु तक के 2 आश्रित बच्चों के लिए दुर्घटना मृत्यु के मामले में 3 वर्ष के लिए पीए कवर का 25% (अधिकतम ₹2.50 लाख)<br>बालिका विवाह कवर (18–25 वर्ष) : बीमित PA कवर का 10% (प्रत्येक बालिका के लिए अधिकतम ₹1 लाख), दो बालिकाओं के लिए<br>एम्बुलेंस शुल्क – ₹10,000/–<br>अंतिम संस्कार व्यय – ₹10,000/–<br>घरेलू हवाई यात्रा के लिए खोए हुए सामान का बीमा – ₹25,000/– तक |
| प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं | निःशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा: शाखा के पास ई–क्लिनिक या मोबाइल ऐप के माध्यम से असीमित ऑडियो/वीडियो टेली–कंसल्टेशन योग्य डॉक्टरों से<br>ई–क्लिनिक पर नर्स की सहायता से ऑडियो/वीडियो कंसल्टेशन |
| कृषि ऋण (ट्रैक्टर, पावर टिलर आदि के लिए) | बैंक की वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार शुल्क लागू |
| चेक बुक | निःशुल्क चेक पन्नों की संख्या : 25 प्रति अर्धवर्ष |
| एसएमएस अलर्ट | लागू सेवा शुल्क के अनुसार |
| लॉकर किराया | लागू सेवा शुल्क के अनुसार |
| RTGS/NEFT शुल्क (Online) | निःशुल्क |
| डिमांड ड्राफ्ट | प्रति अर्धवर्ष 1 ड्राफ्ट निःशुल्क लाभ |
| शिक्षा ऋण | शून्य प्रोसेसिंग/डॉक्युमेंटेशन शुल्क (पीएनबी सरस्वती/प्रतिभा योजना के तहत, सह–उधारकर्ता के रूप में) |
| वाहन ऋण | दोपहिया वाहन ऋण हेतु शून्य प्रोसेसिंग/डॉक्युमेंटेशन शुल्क |
| गृह ऋण | प्रोसेसिंग व डॉक्युमेंटेशन शुल्क में 25% की छूट |

### पीएनबी किसान बचत खाता : वेरिएंट-समृद्धि

| मापदंड | विशेषताएँ* |
|---|---|
| पात्रता | किसान जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो |
| न्यूनतम अर्धवार्षिक औसत बैलेंस (HYAB) लाभ लेने हेतु | ₹25000/– (अर्धवार्षिक औसत शेष) |
| पर्सनल एक्सिडेंटल इंश्योरेंस (PAI) | ₹20.00 लाख (पशु, सांप व कीट काटने की स्थिति भी शामिल) |
| परमानेंट टोटल डिसएबिलिटी (PTD) | ₹20.00 लाख |
| हवाई एक्सिडेंटल इंश्योरेंस (AAI) | ₹40.00 लाख |
| स्थायी आंशिक दुर्घटना विकलांगता बीमा (PPD) | ₹10 लाख (डिसएबिलिटी का % GPA Schedule के अनुसार होगा; एक से अधिक चोटों की स्थिति में अधिकतम दावा बीमा राशि तक सीमित होगा) |
| PAI से जुड़े अतिरिक्त लाभ (प्राथमिक खाताधारक की मृत्यु की स्थिति में) | उच्च शिक्षा – 25 वर्ष की आयु तक के 2 आश्रित बच्चों के लिए दुर्घटना मृत्यु के मामले में 3 वर्ष के लिए पीए कवर का 25% (अधिकतम ₹2.50 लाख)<br>बालिका विवाह कवर (18–25 वर्ष) : बीमित PA कवर का 10% (प्रत्येक बालिका के लिए अधिकतम ₹1 लाख), दो बालिकाओं के लिए<br>एम्बुलेंस शुल्क: ₹10,000/–<br>अंतिम संस्कार व्यय: ₹10,000/–<br>घरेलू हवाई ट्रैवल के लिए लॉस्ट बैगेज प्रोटेक्शन इंश्योरेंस: ₹25,000/– |
| प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा | सर्विस अकाउंट होल्डर को फिजिकल ई–क्लिनिक (ब्रांच या मोबाइल ऐप के माध्यम से<br>अनलिमिटेड टेली–कंसल्टेशन (ऑडियो–वीडियो) क्वालिफाइड डॉक्टर से ई–क्लिनिक में विजिट्स (नर्स की सहायता से) |
| एग्री लोन (फार्म मशीनरी, ट्रैक्टर–पॉवर टिलर्स) | फार्म उपकरण लोन में अपफ्रंट फीस/डॉक्युमेंटेशन चार्ज शून्य (सरकारी सब्सिडी स्कीम छोड़कर)<br>ब्याज दर में 0.05% की छूट (सरकारी सब्सिडी स्कीम छोड़कर) |
| चेक बुक | निःशुल्क चेक पन्नों की संख्या : 50 प्रति अर्धवर्ष |
| SMS अलर्ट | NIL |
| लॉकर किरायों में छूट | छोटे लॉकर पर जीवनभर के लिए 20% छूट |
| RTGS/NEFT (Online) चार्जेस | NIL |
| RTGS/NEFT (Branch) चार्जेस | निःशुल्क 10 प्रति अर्धवर्ष NEFT/RTGS (Branch) |
| डिमांड ड्राफ्ट | प्रति अर्धवर्ष 2 ड्राफ्ट निःशुल्क |
| एजुकेशन लोन | NIL – प्रोसेसिंग/अपफ्रंट फीस और डॉक्युमेंटेशन चार्जेस शून्य (सरस्वती व प्रतिभा स्कीम के तहत, सह–उधारकर्ता के रूप में) |
| व्हीकल लोन | NIL – प्रोसेसिंग/अपफ्रंट फीस और डॉक्युमेंटेशन चार्जेस (Two/Wheeler व Car Loan के लिए) |
| हाउसिंग लोन | NIL – प्रोसेसिंग फीस/अपफ्रंट फीस व डॉक्युमेंटेशन चार्जेस |

Call at Toll Free: 1800 - 1800, 1800 - 2021 | Follow us: | www.pnbindia.in

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

मंडल कार्यालय, औरंगाबाद

# राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट का प्रशिक्षण शुरू

## निर्वाचन प्रक्रिया में बूथ लेवल एजेंटों की भूमिका महत्वपूर्ण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल के निर्देश के आलोक में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के प्रशिक्षण का शुभारंभ शनिवार को पटना के जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक अनुसंधान संस्थान में किया गया। यह प्रशिक्षण 10 मई से 26 मई तक प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से सायं 5:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र के उद्घाटन के बाद उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने उपस्थित बूथ लेवल एजेंटों को संबोधित करते हुए चुनाव प्रक्रिया में उनकी भूमिका की महत्ता पर प्रकाश डाला और निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में बूथ लेवल एजेंटों की भूमिका महत्वपूर्ण हैं। प्रशिक्षण सत्र में पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, शिवहर तथा सीतामढ़ी जिलों से आए मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के पहले दिन विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों में निर्वाचक नामावली (ई-राल) की मूलभूत जानकारी, निर्वाचक नामावली के अद्यतन एवं संक्षिप्त पुनरीक्षण प्रक्रिया, निर्वाचक सूची तैयार करने में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (एईआरओ) की भूमिका एवं दायित्व, बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति, कर्तव्य एवं दायित्व, बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) की नियुक्ति, भूमिका एवं दायित्व, निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता एवं गणना अभिकर्ता की भूमिका विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का संचालन राष्ट्रीय स्तर एवं राज्य स्तर के मास्टर ट्रेनर्स अशोक प्रियदर्शी, मनोज कुमार सिंह, राजेन्द्र कर्मशील, संजय कुमार मिश्रा, देवव्रत मिश्रा, प्रियंका सिन्हा, शिखा सिन्हा, स्टेट मीडिया नोडल पदाधिकारी कपिल शर्मा, जन सम्पर्क पदाधिकारी रंजीत रंजन ने किया। समापन सत्र में प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण सत्र निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पूरा देश सेना के साथ : राजेश राम

## हमारी सेना 'जय हिंद' की ताकत के साथ बॉर्डर पर पाकिस्तान की कमर तोड़ेगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाकिस्तानी आतंकियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर के बीच कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा है कि भारतीय सेना लगातार अपने शौर्य कौशल का परिचय दे रही है। शनिवार को पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय सेना पूरी मुस्तैदी और ताकत से लड़ रही है और पूरा देश सेना के साथ है। भारतीय सेना पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रही है। पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। राजेश राम ने साफ तौर पर कहा कि हमारी सेना 'जय हिंद' की ताकत के साथ बॉर्डर पर पाकिस्तान की कमर तोड़ेगी। जब-जब पाकिस्तान हमारे देश के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की है, उसे मुंह की खानी पड़ी है। 1971 में भी पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब मिला था, कारगिल में भी उसे पीछे हटना पड़ा था। हमारी सेना सक्षम है, हर व्यक्ति सेना और सरकार के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता भारतीय सेना के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं जिस तरीके से भारतीय सेना कार्रवाई कर रही है, पूरा देश उनके साथ है। राजेश राम ने कहा कि पाकिस्तान लगातार उकसाने का काम कर रहा है, लेकिन हमारी सेना धैर्य और संयम का परिचय दे रही है। संयम की भी एक सीमा होती है। उन्होंने सरकार और सेना की कार्रवाई की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारी सेना मजबूत है और आगे भी पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देगी।

# रेशम उत्पादन ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का उत्तम स्रोत : प्रो.केसरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मगध विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के सभागार में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसकी मुख्य व्यक्ता यूपी कॉलेज वाराणसी की प्रो सुनंदा दुबे थीं। इस विशेष व्याख्यान का विषय सेरीकल्चर पोटेंशियल फॉर सस्टेनेबल ग्रोथ एंड एम्प्लॉयमेंट था। समारोह का उद्घाटन जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष एवं बायोटेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो दिलीप कुमार केसरी, मुख्य वक्ता प्रो सुनंदा दुबे, प्रो एसएनपी दीन एवं प्रो सुनील कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया। प्रो केशरी ने विषय वस्तु का परिचय देते हुए बताया कि रेशम उत्पादन ग्रामीण



महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने का उत्तम स्रोत है। इसमें तकनीकी नवाचारों का उपयोग कर उत्पादकता एवं गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। मुख्य वक्ता प्रो दुबे ने बताया कि रेशम उत्पादन सतत विकास एवं रोजगार सृजन की संभावनाओं का एक महत्वपूर्ण साधन सिद्ध हो सकता है जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बहुत मजबूती मिलेगी। रेशम के कीड़ों के भोजन के लिए, शहतूत के पेड़ों की खेती पर्यावरण संरक्षण में मदद करता है। इस समारोह में जंतु विज्ञान विभाग की डॉ आदिति, पूनम सिंह, आभा कुमारी एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग के डॉ लव कुश तरुण, डॉ सरफराज अली तथा डॉ वीरेंद्र कुमार के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन प्रो दीन ने किया। मंच संचालन आभा कुमारी ने किया।

# नवनियुक्त सिपाहियों को एक से 30 जून तक ज्वाइन कर लेने का आदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में नए बहाल हुए 21 हजार 391 सिपाहियों को इस वर्ष 1 से 30 जून के बीच ज्वाइन करने की मोहलत दी गई है। इन्हें योगदान के दौरान सभी आवश्यक दस्तावेजों को अपने साथ लाने के लिए कहा गया है। सभी सफल अभ्यर्थियों को उनके आवंटित इकाई में नियुक्त प्राधिकार के समक्ष योगदान करने के लिए कहा गया है। यह जानकारी केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि 9 मई को सिपाही बहाली से संबंधित अंतिम रिजल्ट एवं सूची का प्रकाशन किया जा रहा है। अभ्यर्थी इसे पर्षद की वेबसाइट पर देख सकते हैं। अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) की तरफ से सिपाही के 21 हजार 391 पदों पर चयन के लिए 2023 में बहाली की विज्ञापन निकाला गया था। इसकी लिखित परीक्षा अगस्त 2024 में छह चरणों में आयोजित की गई। इसके बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) का आयोजन 9 दिसंबर 2024 से 10 मार्च 2025 तक पटना में किया गया। विज्ञापन प्रकाशित होने के बाद 17 लाख 87 हजार 720 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें 11 लाख 95 हजार 101 अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में शामिल हुए।

# जदयू सांसद देवेशचंद्र ठाकुर ने सैनिकों के लिए दिया एक साल का वेतन

## प्रधानमंत्री राहत कोष में दिया 15 लाख रुपए का चेक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान के आतंकियों को सबक सिखाने उतरी भारतीय सेना की पूरे देश में जमकर तारीफ हो रही है। इसी बीच बिहार के सीतामढ़ी से जदयू सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए शनिवार को अपने एक साल का वेतन (15 लाख रुपये) प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा कोष में देने का ऐलान किया है। देवेश चंद्र ठाकुर ने अपने एक वर्ष का वेतन देश के जवानों के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष में चेक के माध्यम से दान किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के आतंकी हमले से देश मर्माहत है और पूरा भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है। ठाकुर ने कहा कि भारतीय सैनिकों के साथ हम सभी देशवासियों की भावना है। हम पीएम नरेंद्र मोदी को बधाई देते हैं कि जिन आतंकियों ने निहत्थे पर्यटकों को कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोष लोगों का कत्ल किया उसको एक सबक सिखाने के लिए उन्होंने कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को लीड करने वाली हमारी जांबाज महिला कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह को हृदय से आभार व्यक्त करता हूं और सैल्यूट करता हूं। सिंदूर की लाज बचाने के लिए माता सीता का आशीर्वाद हमारे जवानों के साथ है। हम अपने सैनिकों पर गर्व करते हैं और पीएम मोदी को धन्यवाद भी देते हैं।

उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री से मिलने की कोशिश करूंगा, लेकिन मुझे पता है कि उनके पास समय नहीं होगा। बावजूद इसके मैंने प्रधानमंत्री कार्यालय में जाकर प्रधानमंत्री राहत कोष में चेक देने का फैसला किया है, ताकि वह पैसे सैनिकों के कल्याण के लिए काम आ सके। उल्लेखनीय है कि देवेश चंद्र ठाकुर पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में देश के पहले सांसद हैं जो सैनिकों के कल्याण के लिए एक वर्ष का वेतन दे रहे हैं। देवेश चंद्र ठाकुर साल 2024 में सीतामढ़ी से चुने गये थे।

# इकोकार्डियोग्राफी के क्षेत्र में विकास से मरीजों को बेहतर इलाज की संभावना : डॉ. अजय सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के तत्वावधान में होटल चाणक्या, पटना तथा जयप्रभा मेदांता हॉस्पिटल परिसर में दो-दिवसीय वर्कशॉप 'इकोकार्डियोग्राफी-बेसिक एंड बियॉन्ड' का आयोजन किया गया जिसमें शनिवार 10 मई को इकोकार्डियोग्राफी के क्षेत्र में हुए नवीनतम विकास पर परिचर्चा एवं वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें देश एवं बिहार के प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्टों के अलावा तकरीबन 180 डॉक्टरों और मेडिकल स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन शनिवार 10 मई को होटल चाणक्या में साइंटिफिक सेशन का उद्घाटन मेदांता हार्ट इंस्टिट्यूट के निदेशक एवं एचओडी डॉ. प्रमोद कुमार, क्लिनिकल एंड प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी के निदेशक डॉ. अजय



कुमार सिन्हा, कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी के निदेशक डॉ. अरविंद कुमार गोयल, पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी के एसोसिएट डायरेक्टर एवं पीडियाट्रिक इकोकार्डियोग्राफी प्रोग्राम के कोर्स डायरेक्टर डा आशीष सप्रे, नॉन-इनवेसिव कार्डियोलॉजी हार्ट इंस्टीट्यूट की सीनियर कंसलटेंट एवं एडल्ट इकोकार्डियोग्राफी कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. श्रद्धा रंजन के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जयप्रभा मेदांता हॉस्पिटल परिसर में वर्कशॉप का आयोजन रविवार 11 मई को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया। इस मौके पर मेदांता के पिडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आशीष सप्रे आयोजन समिति के अध्यक्ष और पीडियाट्रिक वर्कशॉप के डायरेक्टर बनाये गये थे। उन्होंने कहा कि वर्कशॉप में आये फैकल्टी तथा अन्य डॉ. अपने ज्ञान और अनुभव साझा करते हैं। इसका सीधा फायदा मरीजों को मिलता है। वर्कशॉप के जरिये डॉक्टर्स अपने ज्ञान और अनुभव को बढ़ाते हैं और इनका इस्तेमाल मरीजों के इलाज के दौरान किया जाता है।

# शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर जोर दे पटेल समाज : भूपेश बघेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बिहार के एकदिवसीय दौरे पर उन्होंने पटेल सेवा संघ में अपने समाज के उत्थान के प्रति समर्पित 17 समाज सेवियों को सम्मानित किया एवं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए इस बात पर बल दिया कि यदि अपने समाज की प्रगति को लेकर कोई वर्ण विशेष यदि प्रयासरत है तो उसे सबसे पहले अपने लोगों की शिक्षा, स्वास्थ एवं आमद के स्त्रोत को मजबूत करने पर बल देने की जरूरत होती है। इसके उपरांत सरदार पटेल छात्रावास पटना में आहूत सैनिकों के सम्मान में छात्र युवा संवाद कार्यक्रम में वे शामिल हुए जहां उनका स्वागत पटेल छात्रावास के संरक्षक उपेंद्र सिंह ने किया। बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गुंजन पटेल ने स्वागत भाषण करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामाजिक न्याय की लड़ाई में योगदान पर प्रकाश डाला और देश में चल रही सैन्य कार्यवाही के बीच उनके छात्रों से संवाद के निर्णय के लिए उनका साधुवाद किया। अपने संबोधन में पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि कांग्रेस पूर्ण रूपेण आतंकवाद से सख्ती से निपटने के फैसले पर अपनी सेना और सरकार के साथ खड़ी और पूर्व में स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने भी पाकिस्तान को खंड खंड कर 90 हजार फौजियों को आत्मसमर्पण को बाध्य किया था । उपस्थित छात्रों से संवाद के क्रम में उन्होंने प्रश्नों का जवाब देते हुए अपनी सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकरी कार्यों पर प्रकाश डाला और छात्रों से सामाजिक न्याय की लड़ाई में सतत संघर्षरत रहने की अपील भी की ।

# लहठी उद्योग को मिले प्रोत्साहन, तभी बढ़ेगा ग्रामीण रोजगार : महिला संवाद में उठी आवाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं ने स्वरोजगार और लघु-उद्योगों को बढ़ावा देने की पूरजोर मांग की। कार्यक्रम के दौरान बोचहा प्रखंड की महिलाओं ने पारंपरिक लहठी (चूड़ी) उद्योग को एक व्यवस्थित स्वरूप देने के लिए सरकारी अनुदान और प्रशिक्षण की आवश्यकता जताई। उनका कहना है कि यदि सरकार से उचित सहयोग मिले तो यह उद्योग न केवल सैकड़ों महिलाओं को रोजगार देगा, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में भी एक मजबूत कदम होगा। महिलाओं ने कहा कि लहठी उद्योग को सरकारी मान्यता और आर्थिक सहयोग मिलने से वे कम लागत में व्यवसाय शुरू कर सकती हैं और अधिक से अधिक लोगों को रोजगार से जोड़ सकती हैं। इसके साथ ही उन्होंने लहठी के लिए व्यापक बाजार की व्यवस्था और विपणन



सहायता की भी मांग रखी। कार्यक्रम में औराई पंचायत की नसीमा खातून ने बेकरी उद्योग को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर और आसपास के जिलों में बेकरी उत्पादों की अच्छी मांग है और यदि इस क्षेत्र में प्रशिक्षण व संसाधन उपलब्ध कराए जाएं तो यह स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने वाला क्षेत्र बन सकता है। महिला संवाद में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की भी चर्चा हुई। महिलाओं ने मक्का, सरसों और सब्जियों से जुड़े लघु उद्योगों की स्थापना की मांग करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और किसानों को भी लाभ होगा। महिला संवाद कार्यक्रम के तहत जागरूकता वाहन में एलईडी स्क्रीन और लीफलेट्स के माध्यम से महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। महिलाएं इन योजनाओं के बारे में जानकारी पाकर अपने सुझाव और समस्याएं बेझिझक साझा कर रही हैं जिससे उनकी भागीदारी सीधे नीति निर्माण में सुनिश्चित हो रही है। इसके अलावा कार्यक्रम में जन वितरण प्रणाली से राशन की मात्रा बढ़ाने, पेंशन, आवास, शौचालय, छात्रवृत्ति, पोशाक, साइकिल योजना की राशि में वृद्धि और स्थानीय बुनियादी ढांचे जैसे सड़क, गली-नाली की समस्याएं भी प्रमुखता से उठाई गईं।

# भारतीय सेना के समर्थन में कांग्रेस ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और वीरता के समर्थन में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने गांधी मैदान स्थित गांधी मूर्ति से लेकर कारगिल चौक तक भव्य तिरंगा यात्रा एआईसीसी के राष्ट्रीय महासचिव व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में निकाला। संध्या में निकले इस यात्रा में भारतीय सेना के समर्थन में कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गगनभेदी नारे लगाए। पाकिस्तान के नापाक हरकतों के खिलाफ भी नेताओं ने नारेबाजी की और सेना के समर्थन में इस यात्रा के आयोजन का महत्व बताया। एआईसीसी के राष्ट्रीय महासचिव व छत्तीसगढ़ के पूर्व



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा भारतीय सेना के वीर जवानों के देश के प्रति समर्पण और जज्बे के समर्थन में कांग्रेस के द्वारा देश भर में आयोजित समर्थन यात्रा के फलस्वरूप बिहार से प्रदर्शित संदेश था कि जब आप देश के लिए युद्ध जैसे हालात में मजबूती से दुश्मन देश पाकिस्तान के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं तो हम सब आपके लिए प्रत्येक परिस्थिति में खड़े मिलेंगे। देश में जो स्थिति है, उसमें हम भारतीय सेनाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं और सेनाओं के शौर्य, साहस को सलाम करते हैं। इस तिरंगा यात्रा ने आम लोगों में जागरूकता भी लाने का काम किया है और युद्ध के स्थिति में सेना के द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन और रक्तदान को भी हम आम लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भारतीय सेना के साथ कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता मजबूती से खड़ा है। हम जवानों के परिवार के साथ हैं और उनके लिए हर परिस्थितियों में अपना साथ देंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि ये वो भारतीय सेना है जिसने अपने शौर्य और पराक्रम के बल पर पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे। आज एक बार फिर आतंक के पनाहगारों को सबक सिखाने का समय आ चुका है। कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता इस घड़ी में सेना के साथ खड़े हैं। पाकिस्तान अपनी जमीन पर आतंक को बढ़ावा देकर, बार-बार भारत के स्वाभिमान को चुनौती दे रहा है। ऐसे में भारत की सरकार को कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेताओं ने सर्वदलीय बैठक में पूर्ण समर्थन दिया है और भारतीय सेना के समर्थन में हम यात्रा निकालकर उनके मनोबल को बुलंद करने के लिए तिरंगा यात्रा देश भर में निकाल रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि भारतीय सेना आतंक को खत्म करने के लिए हर मोर्चे पर पाकिस्तान को सबक सिखा रही है। सेना का साफ संदेश है कि भारत के खिलाफ जो कोई भी आंख उठाकर देखेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। कांग्रेस पार्टी सेना के इस फैसले के साथ खड़ी है और उनके प्रत्येक निर्देशों को आम जनता तक पहुंचाने में मददगार की भूमिका में पूरे युद्ध की स्थिति तक बनी रहेगी। बिहार कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता सेना के साथ खड़ा है और किसी भी आपात स्थिति में हम रक्तदान से लेकर कारसेवा तक करने के लिए तैयार हैं।

# प्रशिक्षकों द्वारा कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** राष्ट्रीय जनता दल 'सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम' का आयोजन कैमूर जिले के मोहनियां विधान सभा में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व मंत्री सह विधायक सुरेंद्र राम, पूर्व विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष विजेंद्र यादव, राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव अदीब रिजवी साहब, आरा जिला परिषद की पूर्व अध्यक्षा आरती देवी एवं युवा राजद के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी बेलाल खान ने प्रशिक्षक के तौर पर शिरकत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहनियां प्रखंड अध्यक्ष नन्द कुमार यादव, संचालन नंद कुमार यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कैमूर जिलाध्यक्ष अकलू राम, जिला प्रधान



महासचिव भोला नाथ यादव, युवा जिला प्रधान महासचिव सलमान खान, अवधेश कुशवाहा, जगनारायण यादव, मुन्ना सिंह, लक्ष्मी यादव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में पार्टी द्वारा निर्धारित विषयों पर प्रशिक्षकों द्वारा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में विधान सभा के प्रकोष्ठों के प्रखंड के अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष एवं राजद के वरीय नेता कार्यकर्ता एवं युवा साथी उपस्थित थे।

# मां वैष्णो देवी सेवा समिति की ओर से आठ जून को 51 जोड़े का दहेज रहित सामूहिक विवाह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। मां वैष्णो देवी सेवा समिति द्वारा 'एक विवाह ऐसा भी' के 13 वें संस्करण के अंतर्गत 8 जून को 51 जोड़े का दहेज रहित सामूहिक विवाह कराया जाएगा। यह जानकारी तैयारी बैठक के बाद मां वैष्णव देवी सेवा समिति के कार्यक्रम संयोजक कन्हैया अग्रवाल (कन्नू) ने दी। अग्रवाल ने बताया कि इसके लिए राज्यपाल बिहार, मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों को आमंत्रित किया गया है। कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि पटना के महाराणा प्रताप भवन आर्य कुमार रोड में शादी का सभी विधि विधान आयोजित होगा। इसमें वर एवं वधू पक्ष के लोग मौजूद रहेंगे। बारात यहीं से 8 जून को संध्या 4 बजे निकलेगी जिसमें 51 अलग-अलग घोड़े पर 51 दूल्हे राजा बैठेंगे। विवाह हेतु श्रीकृष्ण मेमोरियल में 16 हजार स्क्वायर फीट का पंडाल बनाया जा रहा है। विवाह में प्रत्येक जोड़े को आवश्यक जरूरी सामान भी दिया जाएगा। शादी के लिये निबंधन हेतु उम्र प्रमाणपत्र लड़के व लड़कियों को देना जरूरी होता है। लड़के की उम्र 21 एवं लड़की की उम्र 18 वर्ष से अधिक होना अनिवार्य है जिनके पास मैट्रिक का प्रमाणपत्र नहीं होता है। उनको नोटरी से शपथपत्र लेना होता है। साथ ही गांव के मुखिया से सर्टिफिकेट भी जरूरी होता है। निबंधन हेतु मोबाइल नंबर 9931158774 और 9835093400 पर संपर्क कर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। मौके पर मुकेश हिसारिया ने बताया कि इस वर्ष शादी में विशेष आयोजन स्पाईनल कॉर्ड इंज्यूरी का रहेगा। इसमें बिहार के बहुत सारे वैसे बच्चे आएंगे जिनका कमर से नीचे का हिस्सा काम नहीं कर पा रहा है। उन बच्चों के लिए अस्पतालों में विशेष व्यवस्था करने का अनुरोध किया जाएगा।

मौके पर समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश सरावगी ने बताया कि इस सामूहिक विवाह में भाग लेने वाले जोड़े को बिहार के प्रमुख हस्तियों द्वारा आशीर्वाद दिया जाएगा। बैठक में समिति के संस्थापक सदस्य मुकेश हिस्सारिया, अध्यक्ष जय प्रकाश सरावगी, सचिव संजय तोतला, जगजीवन सिंह, कन्हैया अग्रवाल (कन्नू), नन्द किशोर अग्रवाल, जितेंद्र कुमार (जीतू) आदि उपस्थित थे।

# रविन्द्रनाथ टैगोर जयंती पर नाटक 'माल्यदान' का मंचन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 164 वीं रविन्द्रनाथ टैगोर जयंती के अवसर पर पटना रवींद्र भवन के प्रेक्षागृह में अतुल्या आर्ट्स पटना की नवीनतम नाट्य प्रस्तुति 'माल्यदान' का मंचन लाडली कुमारी के निर्देशन में किया गया। कहानी का शीर्षक भारतीय रीति-रिवाज़ से लिया गया है जिसमें विवाह की रस्मों के दौरान माला का आदान-प्रदान किया जाता है। जतिन, एक युवा डॉक्टर, अपनी छुट्टियों के दौरान अपनी बहन से मिलने जाता है। घर पर जतिन को उसकी चचेरी बहन पटल लगातार शादी करने के लिए उकसाती है। वह उसे एक किशोरी लड़की, बिन्नी से मिलवाती है। बिन्नी एक अनाथ है जो अकाल से बच गई थी और जिसे पटल और हरकुमारबाबू (पटल के पति) ने बचाया और ठीक किया और तब से इस निःसंतान जोड़े ने उसका पालन-पोषण किया है।

# दो दिवसीय तानसेन मेगा म्यूजिक एंड डांस फेस्टिवल का शानदार आगाज

## फेस्टिवल में बच्चों ने भारतीय संगीत की विविधता को किया प्रदर्शित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** तानसेन स्कूल ऑफ म्यूजिक द्वारा ए एन कॉलेज के सत्येंद्र नारायण सिन्हा सभागार में दो दिवसीय तानसेन 9वीं मेगा म्यूजिक एंड डांस फेस्टिवल-2025 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन तानसेन स्कूल ऑफ म्यूजिक के सीईओ कैप्टन आशुतोष कुमार एवं एमडी वंदना कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तानसेन स्कूल के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना पर कत्थक नृत्य की प्रस्तुति से की गई। इसके बाद बच्चों ने एक से बढ़कर एक क्लासिकल एवं सेमी क्लासिकल नृत्य - संगीत की प्रस्तुति दी जिसे देख सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो



गए। कार्यक्रम में संस्थान के 250 से बच्चों ने भजन, गजल, सूफी, पियानों व डांस के परफॉरमेंस से सबका दिल जीत लिया। संस्थान के पांचों ब्रांच के बच्चों ने सालसा, फ्यूजन डांस परफॉरमेंस के साथ हीं एक से बढ़कर एक गाने की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में तानसेनाइट ऑफ द ईयर का भी आयोजन हुआ जिसमें बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। तानसेन स्कूल ऑफ म्यूजिक के सीईओ कैप्टन आशुतोष कुमार ने कहा कि यह आयोजन छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देता है और भारतीय संस्कृति को भी बढ़ावा देता है। यह आयोजन भारतीय संगीत की विविधता और समृद्धि को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष हम कुछ नए वादें कर उसे पूरा करने के लक्ष्य के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहते हैं। वहीं एमडी वंदना कुमार ने कहा कि इस संस्थान के माध्यम से अब तक हजारों बच्चों ने प्रशिक्षण लेकर अपना परचम लहराया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 177 मामलों का निपटारा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शनिवार को व्यवहार न्यायालय डिहरी में राष्ट्रीय लोक अदालत में 177 मामलों का निपटारा किया गया। यह जानकारी देते हुए अधिवक्ता रितेश कुमार ने बताया कि डिहरी व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें चार बेचों का गठन किया गया। रजतदीप अनुमण्लीय न्यायिक दण्डाधिकारी डिहरी सदस्य-रीतेश कुमार, अर्चना कुमारी सिविल जज जेडी सदस्य-अमरनाथ सिंह, प्रवीण कुमार न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी सदस्य-ओमप्रकाश पाण्डेय, रिचा कश्यप न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी सदस्य-सुरेन्द्र प्रसाद सिंह जिसमें दिवानी-फौजदारी व बैंकिंग मामलों के केसों का निष्पादन किया गया जिसमें अपराधिक मामले से 52 व बैंकिंग के 159 मामले आये जिसमें 125 मामले सेटलमेंट हुए। सेटलमेंट राशि 11753427 मे से 5351536 रुपये विभिन्न को बैंकों को प्राप्त हुआ। आपराधिक मामले 52 समाप्त हुए। डिहरी अंचलाधिकारी संजय कुमार नजारत के बड़ा बाबू उदय चौधरी, रामाकांत मिश्रा, राजेश कुमार व डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय, अधिवक्ता प्रभात सिंह, गोपाल राम, सत्यनारायण सिंह आदि मौजूद रहे।

# विशाल सिंह के बिस्कोमान अध्यक्ष बनने पर बंटी मिठाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व सांसद स्व. अजीत सिंह के पुत्र विशाल सिंह को बिस्कोमान के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर मिठाइयां बांट शनिवार शाम खुशी व्यक्त किया गया। कोल परिवहन सेवा संघ के पूर्व अध्यक्ष अध्यक्ष विनोद सिंह, विकासशील इंसान पार्टी के प्रदेश के उपाध्यक्ष लल्लू चौधरी, जेडीयू नेता दीपक शर्मा, प्रमोद सिंह, आभा सिंह, शोभा देवी, मुन्ना पासवान, बसंत राय, जवाहर कुशवाहा, परमानंद कुशवाहा, कृष्ण सिंह, सीमा सिंह, अरुण शर्मा आदि मौजूद थे। विशाल के पिता स्व. अजीत सिंह, मां मीना सिंह व दादा स्व. तपेश्वर सिंह इस क्षेत्र के लोक सभा सांसद रह चुके हैं।

# कैमूर जिला के बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिला अंतर्गत स्थानीय लिच्छवी भवन में आज 205- भभुआ एवं 206- चैनपुर विधानसभा क्षेत्रों के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी चुनावों की तैयारियों के तहत बीएलओ को उनके कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों से अवगत कराना था। प्रशिक्षण सत्र में निर्वाचन प्रक्रिया, मतदाता सूची का शुद्धिकरण, नए मतदाताओं का नामांकन, वोटर हेल्पलाइन ऐप का उपयोग एवं ईआरओ नेट प्रणाली की जानकारी दी गई। साथ ही बीएलओ को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित



दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी, संबंधित निर्वाची पदाधिकारीगण एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। उन्होंने बीएलओ को प्रभावी कार्य निष्पादन हेतु प्रेरित किया एवं चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाए रखने में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का समापन सभी बीएलओ को प्रशिक्षण सामग्री वितरित कर एवं उनके प्रश्नों के समाधान के साथ किया गया।

# जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष ने सौंपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को टास्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)** । जनता दल यूनाइटेड द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा द्वारा जिला जदयू के सभी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, विधानसभा क्षेत्र प्रभारी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग कर बैठक किया गया। जिला अध्यक्ष अजय कुमार पटेल की अध्यक्षता में उनके गांव दतियाव में जिला प्रभारी पसुराम तांतो, मोहनियां विधानसभा प्रभारी संतोष चौधरी, भभुआ विधानसभा प्रभारी अशोक पटेल, चैनपुर विधानसभा प्रभारी उत्तम तिवारी, युवा जिला अध्यक्ष त्रिलोक पटेल की मौजूदगी सभी प्रकोष्ठों का बैठक आहूत किया गया जहां पंचायत एवं बूथ लेवल पर आपसी तालमेल के साथ पार्टी के सक्रिय साथियों का पंचायत स्तर एवं बूथ स्तर पर कमेटी मजबूत रखने एवं मुख्यमंत्री द्वारा किए गए कल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचने का निर्देश दिया गया। बैठक के बाद सभी उपस्थित प्रखंड अध्यक्ष, प्रकोष्ठ अध्यक्ष, विधान सभा प्रभारी, जिला प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष की संयुक्त बैठक की गयी। बैठक में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। बैठक में एक प्रखंड अध्यक्ष अनुपस्थित दुर्गावती प्रखंड अध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। सभी प्रकोष्ठ अध्यक्षों को 15 मई तक अपना कार्यकारिणी बना कर जिला में सौंपने का निर्देश दिया गया सभी जिला के पदाधिकारी को अपने एवं बगल वाले पंचायत का प्रभार देने का निर्णय किया गया। जिला में नीतीश कुमार के शासन काल में योजनाओं का लाभ लेने वाले लाभुक के घर-घर जाकर चाय पीने का निर्देश दिया गया जिस भी प्रखण्ड में यदि कोई बूथ संवेदनशील, अतिसंवेदनशील है तो चिन्हित कर प्रदेश को सूचना देने के लिए यथा शीघ्र करें। वही जेडीयू कार्यकर्ताओं द्वारा देश मे युद्ध जैसी स्थिति को देखते हुए सेना और सरकार के साथ खड़े रहने का संकल्प लिया।

## जदयू के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में बैठक

# संगठन की मजबूती जमीनी स्तर पर दिखे : संजय झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिला जदयू के जिला कार्यालय, सासाराम में जिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा तथा प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा द्वारा पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों एवं विधानसभा क्षेत्र-प्रभारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी



विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक की तैयारी की समीक्षा करना, इसमें तेजी लाना तथा आवश्यक रूपरेखा निर्धारित करना था। बैठक को सम्बोधित करते हुए संजय कुमार झा ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए संगठन का कार्य जमीनी स्तर पर वास्तविक रूप से दिखना चाहिए। उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर लोगों से मिलने तथा उन्हें पार्टी से जुड़ने हेतु प्रेरित करने की भी नसीहत दी। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान की सेना तथा उनके नापाक इरादों को ध्वस्त करने को लेकर भारतीय सेना के शौर्य-पराक्रम की प्रशंसा करते हुए उनके बलिदान के प्रति संवेदना भी प्रकट की। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि 2025 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जो 225 का नारा है, उसे मूर्तरूप देने के लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं को पूरी तरह से तैयार होना है। उन्होंने सबको अपनी जिम्मेदारी के प्रति सजग रहने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सबको मिलकर एक दूसरे से समन्वय स्थापित कर बूथ कमिटी के कार्य को अविलम्ब पूरा कर लिया जाना चाहिए। बैठक में अलख निरंजन, रेणु कुशवाहा, उपेन्द्र पटेल, दीपक चौबे, सिकंजय सिंह, डॉ. अमरेंद्र कुमार, अशोक प्रजापति, धर्मेंद्र कुमार, राजकुमार शर्मा, नवनीत राय, रूपेश चन्द्रवंशी, अशोक चौधरी, विनोद कुशवाहा, हरिहर पटेल तथा गंगा बिन्द सहित अनेक पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला सांख्यिकी पदाधिकारी के निधन पर शोक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिला के जिला सांख्यिकी पदाधिकारी रवि रंजन राकेश के आकस्मिक निधन पर शनिवार को समाहरणालय परिसर में शोक सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला पदाधिकारी ने अपने शोक-संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय राकेश एक कर्मठ, समर्पित एवं कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी थे। उनके असामयिक निधन से जिला प्रशासन को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि श्री राकेश का कार्यकाल सदैव प्रेरणादायी रहा है और उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। ज्ञात हो कि श्री राकेश का निधन पटना स्थित सवेरा अस्पताल में हुआ। उनके निधन की सूचना मिलते ही जिले भर में शोक की लहर फैल गई। समाहरणालय में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।

# सिंदूर लगा कर महिलाओं ने सेना व पीएम को दी बधाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष आरती गुप्ता के नेतृत्व में महिलाओं ने झारखंडी मंदिर परिसर में पूजा अर्चना कर एक दूसरे को सिंदूर लगा कर भारतीय सेना एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मनोबल बढ़ाया। महिलाओं के द्वारा पाकिस्तान पर किए गए ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय महिलाओं की ओर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। आरती गुप्ता ने कहा कि पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों के द्वारा महिलाओं के सामने उनके पति को गोली मारकर हत्या कर उनके सुहाग एवं सिंदूर उजाड़ दिया था, भारतीय सेना ने इसका जवाब देकर सभी भारतीय महिलाओं के सिंदूर की लाज रखीं। इस अवसर पर महिलाओं ने हमारे देश के सेना की सुरक्षा के लिए मंदिर में पूजा अर्चना की और माथे पर एक दूसरे को सिंदूर लगाकर जय घोष कर भारतीय सेना का शौर्य बढ़ाते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में जिला मंत्री ममता देवी के साथ सरिता देवी, गीता देवी, गुड़िया देवी, अनीता देवी, सुमन देवी, सुनीता देवी, संगीता देवी, प्रमिला देवी एवं अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

## दो महिला सैन्य अधिकारियों ने दुनिया को दिखा दिया सिंदूर का शौर्य : अमित पटेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के 15वें दिन बाद मंगलवार को देर रात पाकिस्तान के आतंकी अड्डे पर अब तक की सबसे बड़ी स्ट्राइक की है। भाजपा नेता अमित पटेल ने कहा है कि भारत की इतिहास में पहली बार दो महिला सैन्य अधिकारियों ने दुनिया को सिंदूर का शौर्य दिखा दिया है। महिला सैन्य अधिकारियों पर भारत को गर्व है।



उन्होंने बताया कि नौ आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया गया। इन शिविरों में आतंकियों को भर्ती किया जाता था उन्हें प्रशिक्षित दिया जाता था। उनके दिमाग में जहर भरा जाता था। ऑपरेशन सिंदूर में यह खास ध्यान रखा गया कि पाकिस्तान के सैनिक प्रतिष्ठानों, रिहायशी इलाकों और आम नागरिकों को नुकसान न पहुंचे। उन्होंने बताया कि हमारी सेना ने पाकिस्तान में आतंकी के ठिकानों पर जिस सुनियोजित और जिम्मेदारी से हमला किया उसे पूरी दुनिया ने देखा है।

# आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू।** तिलौथू थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को स्थानीय बाजार से गिरफ्तार कर लिया। मामले की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष विद्या भूषण ने बताया कि कुछ दिन पूर्व थाना क्षेत्र में एक बाइक चोरी की घटना घटी थी जिसमें तीन लोगों को आरोपित किया गया था। यह मामला थाना कांड संख्या 120/2025 के तहत दर्ज किया गया था। घटना के तुरंत बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था जबकि तीसरा आरोपी फरार चल रहा था। शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तिलौथू बाजार से उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान भोला कुमार के रूप में हुई है जो रोहतास थाना क्षेत्र के बंजारी गांव निवासी शिवबचन पासवान का पुत्र है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# सीनियर बैच के छात्रों को जूनियर छात्रों द्वारा समारोह आयोजित कर दी गई विदाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के अंतर्गत संचालित नारायण इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के 2021बैच के बी फार्म और डी फार्म छात्रों को आज संस्थान के जूनियर छात्रों द्वारा एक समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। निर्वाण के बैनर तले आयोजित फेयरवेल कार्यक्रम में उपस्थित एन आई ओ पी के डीन डॉ धर्मेन्द्र कुमार, विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर कुमार आलोक प्रताप, जनसंपर्क अधिकारी भूपेन्द्र नारायण सिंह आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए



अतिथियों ने कहा कि आप लोग अपने कार्य से संस्थान का नाम रोशन करें यही अपेक्षा है। आपको जब भी मदद की आवश्यकता होगी प्रबंधन और शिक्षक गण हमेशा सहयोग में खड़े मिलेंगे। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर डीन डॉ धर्मेन्द्र कुमार, वरीय शिक्षक प्रोफेसर ललितेश्वर प्रताप सिंह, मि.शंकुल कुमार, मि. राज राजेश्वर, मि. वेदान्त कुमार प्रजापति, मि. ओम सत्यम सिंह, मि. आयुष कुमार, मि. विकास कुमार के साथ ही सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# 12 मई को गुरु गोरखनाथ का प्रकोटत्सव मनाने को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** शिव अवतरित महायोगी बाबा गुरु गोरखनाथ का प्रकट उत्सव, 12 मई सोमवार को त्रिनेत्र गुफा सासाराम में मनाया जाएगा। सभी सनातन धर्मियों, अनुयायियों और शिववंशी गोस्वामी समाज एवं जय बाबा गुरु गोरखनाथ सेवा समिति के सभी पदाधिकारी गण एवं संरक्षक पदाधिकारी गण और देव तुल्य सदस्य गण और कार्यकर्ता कंधों से कन्धा मिलकर अपना बहुमूल्य समय निकालकर शिव अवतरित बाबा गुरु गोरखनाथ जी का प्रकट उत्सव 12 मई सोमवार को 10 बजे से पूजा पाठ का कार्यक्रम शुरू होगा। कमिटी द्वारा इस कार्यक्रम में सभी लोगों को भागीदारी अनुरोध किया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया है। शनिवार को जय बाबा गोरखनाथ सेवा समिति के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित किया गया जिसमें पूर्व के पारित निर्णय, प्रकट उत्सव मनाने की रूपरेखा पर विचार किया गया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में आचार्य विनोद गोस्वामी, गोस्वामी गोपाल योगेश्वर, ददन गोस्वामी, राजेश गोस्वामी, संजय तिवारी, नागेन्द्र गोस्वामी सहित कई अन्य उपस्थित रहे।

# भक्ति, शक्ति, सेवा भाव के साक्षात रूप हैं हनुमान : जगद्गुरु रंगनाथाचार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** हनुमान जी भगवान राम के परम भक्त और वीर योद्धा हैं। उनकी भक्ति, शक्ति और सेवाभाव के लिए उन्हें जाना जाता है। डालमियानगर में चल रहे हनुमान चालीसा ज्ञान यज्ञ में जगद्गुरु स्वामी रंगनाथाचार्य ने शुक्रवार रात अपने प्रवचन में कही। उन्होंने कहा कि हनुमान जी भगवान राम के परम भक्त हैं और उनकी भक्ति के लिए जाने जाते हैं। हनुमान जी एक वीर योद्धा हैं और उनकी शक्ति और बल के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने उनके सेवाभाव की चर्चा करते कहा कि हनुमान जी भगवान राम और उनके भक्तों की सेवा करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। वे एक ज्ञानी और बुद्धिमान बानर हैं जो भगवान राम की सहायता करने के लिए अपनी बुद्धिमत्ता का उपयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि हनुमान जी की भक्ति और समर्पण हमें भगवान के प्रति अपनी भक्ति और समर्पण को बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। उनकी वीरता और साहस हमें अपने जीवन में चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित करता है। उनकी सेवा और परोपकार की भावना हमें दूसरों की सेवा करने और उनकी मदद करने के लिए प्रेरित करती है। उनका चरित्र हमें भगवान राम के प्रति भक्ति, वीरता, सेवा और ज्ञान के महत्व को समझने में मदद करता है। उन्होंने ऑपेशन सिंदूर की चर्चा करते कहा कि हमारा राष्ट्र रहेगा तो ही धर्म रहेगा। राष्ट्र सर्वोपरी है। इस विकट स्थिति में हमें धैर्य एवं अपनी सेना का मनोबल बढ़ाना चाहिए जिस प्रकार राम जी का मनोबल वानर सेना ने बढ़ाई थी। भगवान से बड़ा भगवान का भक्त होता है। इस प्रकार देश प्रेम से बड़ा और कोई प्रेम नहीं होता। मौके पर महासचिव केशवर सिंह, नरेंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी अरुण कुमार, सुनील उपाध्याय, अघोरी मदन प्रसाद बबलू, शैलेंद्र प्रसाद, शिवपूजन पाठक, बलराम पांडे, ललित प्रसाद सिन्हा के अलावे भक्तगण उपस्थित थे।

# सासाराम में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 501 मामले निबटाये गये




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** जिला व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। सुबह 10:30 बजे से आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुज कुमार जैन, जिलाधिकारी उदिता सिंह, पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार, रोहतास बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुक्ति नारायण तिवारी, रोहतास जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष जगदंबा सिंह एवं विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कुमार कृष्णदेव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन सिरिस्तेदार मनोज पाण्डेय ने किया। इस मौके पर सभी न्यायिक पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, अधिवक्ता एवं पक्षकार मौजूद थे। राष्ट्रीय लोक अदालत के मद्देनजर पक्षकारों की सुविधानुसार कुल 8 बेंच बनाए गए थे। पक्षकारों की सुविधा हेतु चिकित्सा, पानी एवं बैठने की समुचित व्यवस्था की गई थी। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 501 मामले निबटाये गये।

# प्राइवेट स्कूलों से बेहतर कर रहे हैं सरकारी स्कूल के बच्चे : जिप सदस्य सुदामा राम

## मध्य विद्यालय बौलिया में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नौहट्टा (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय बौलिया में वार्षिक उत्सव शनिवार को मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि जिला पार्षद सुदामा राम, प्रखंड शिक्षा प्रभारी पदाधिकारी प्रिंस कुमार, राधासूत सिन्हा, देवनन्दन महतो, राम उदय नारायण सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापिका वंदना कुमारी, बिरेंद्र राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंच का संचालन रवींद्र कुमार एवं सहयोग प्रदीप कुमार ने किया। वार्षिक उत्सव में बच्चों की ओर से कई आर्ट किया गया जिसमें नृत्य, गीत संगीत संभाषण सहित कई आर्ट किया गया। वही स्कूल प्रशासन की ओर से वेस्ट स्टूडेंट ऑफ इयर सूरज कुमार, मोस्ट प्रोग्रेसिव स्टूडेंट रूपेश कुमार, वेस्ट क्लास मॉनिटर अर्चना कुमारी, वेस्ट सिंगर गौरव कुमार, वेस्ट डांसर मीनाक्षी कुमारी, मोस्ट एक्टिव स्टूडेंट अर्चना कुमारी, वेस्ट स्पोर्ट मैन पंकज उरांव, वेस्ट अटेंडेंस अवार्ड शिवम कुमार, वेस्ट आर्टिस्ट राहुल उरांव, वेस्ट प्लेयर बिकास कुमार सहित अच्छे उत्कृष्ट प्रतिभाशाली बच्चों को मोमेंटो और मेडल दे कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों में प्रतिभा एवं उनका आत्मा विश्वास निखरता है। वार्षिक उत्सव छात्रों को एक साथ काम करने तथा बेहतर नेतृत्व करने और विभिन्न संस्कृतियों को समझने में छात्रों को अपने अध्यापकों से लगाव, एवं उनसे सीखने का मौका देता है। छात्रों को उत्तम विद्यार्थी बनने का प्रेरणा करता है। इस तरह के कार्यक्रम विद्यालय के प्रगति का प्रतीक माना जाता है। विद्यालय के जीवन में एक नई ऊर्जा के बीच एकता सकारात्मक उपयोग करने का अवसर होता है और साथ ही अभिभावकों को स्कूल की गतिविधि और बच्चों की प्रगति भी पता चलता है। मौके पर पद्दूम प्रसाद, पूर्व प्रधानाध्यापक देवी दयाल वर्मा, हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक सुमेर कुमार सिंह, कृष्ण मोहन तिवारी, महेन्द्र प्रसाद, बृजेश मिश्रा, कुसुम कुमारी, तमन्ना परवीन, नसरीन बीबी, लतीफ खलीफा सहित कई शिक्षक और शिक्षिका, छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा**

**मत्स्य मित्र चयन हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

मत्स्य विभाग, द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन तथा मत्स्य कृषकों तथा विभाग के बीच तकनीक के आदान–प्रदान, योजनाओं के संबंध में प्रगति की सूचना एवं अन्य कार्य हेतु गढ़वा जिले के 20 प्रखण्डों से पंचायत स्तर पर स्वैच्छिक कार्यकर्ता के रुप में मत्स्य मित्रों का चयन किया जाना है, मत्स्य मित्रों द्वारा झारखण्ड सरकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के पत्रांक 911 दिनांक 24.05.2016 को निर्गत SOP एवं विभागीय राज्यादेश के अनुरुप कार्य किये जायेंगे। मत्स्य मित्रों के चयन का निर्धारित अर्हता निम्नप्रकार होगा।

**निर्धारित अर्हता:**

1) आवेदक मत्स्य पालक, मैट्रिक पास होना चाहिये।
2) आवेदक को मोटर साईकिल या साईकिल चलाने का ज्ञान हो।
3) आवेदक पूर्व में मत्स्य पालन / मत्स्य मत्स्य बीज उत्पादन के प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हों।
4) आवेदक के पास **Android Mobile** हो।
5) आवेदक को मत्स्य पालन का व्यवहारिक ज्ञान हो।
6) आवेदक स्वैच्छिक कार्यकर्ता के रुप कार्य करने को इच्छुक हो।

**आवश्यक कागजात :**

1) शैक्षिणिक प्रमाण पत्र की स्व0–अभिप्रमाणित छाया प्रति।
2) आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं बैंक पासबुक की स्व0–अभिप्रमाणित छाया प्रति।
3) प्रशिक्षण प्रमाण पत्र की स्व0–अभिप्रमाणित छाया प्रति।
4) दो पासपोर्ट साईज फोटो।

**उम्र सीमा :**

1) 21 से 45 वर्ष (महिला / पुरुष)
2) पूर्व के मत्स्य मित्रों को 05 वर्ष अतिरिक्त छुट दी जायेगी।

स्वैच्छिक कार्यकर्ता के रुप में मत्स्य मित्रों के चयन हेतु इच्छुक व्यक्ति से आवश्यक कागजातों के साथ विहित प्रपत्र में दिनांक 26.05.2025 को अप0 5:00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के बाद आवेदन नहीं लिये जायेंगे। आवेदन प्रपत्र कार्यालय, से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। स्वैच्छिक कार्यकर्ता के रुप में मत्स्य मित्रों का SOP कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

अधिक जाकारी हेतु सम्पर्क मोबाईल नं–8252815144

PR 352152 (Fish) 25-26 (D)

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

# प्रियानुज, काव्या ने असम व महाराष्ट्र के लिए टेबल टेनिस में स्वर्ण पदक जीते

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के टेबल टेनिस मुकाबलों में असम के प्रियानुज भट्टाचार्य और महाराष्ट्र की काव्या भट्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः बालक व बालिका सिंगल्स में स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

बालक वर्ग के फाइनल में प्रियानुज ने तमिलनाडु के पी.वी. अभिनंध को 11-7, 10-12, 7-11, 7-11, 6-11 से हराया। पूरे मैच में प्रियानुज आत्मविश्वास से भरे नजर आए और उन्होंने सहजता से खेल पर नियंत्रण बनाए रखा।

बालिका सिंगल्स के फाइनल में काव्या भट्ट ने तमिलनाडु की एम. हंसिनी को 12-14, 11-8, 11-8, 11-9, 11-9 से शिकस्त दी। काव्या ने पहला गेम हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए लगातार चार गेम जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। गौरतलब है कि टूर्नामेंट के पहले चरण में काव्या हंसिनी से हार गई थीं, लेकिन इस बार उन्होंने रणनीति के साथ खेल दिखाते हुए जीत हासिल की।

काव्या की इस जीत के साथ महाराष्ट्र ने टेबल टेनिस प्रतियोगिता के चारों वर्गों में पदक सुनिश्चित कर लिया है।

**कांस्य पदक मुकाबले में भी दिखा दमखम**

बालक वर्ग में तमिलनाडु के बालामुरुगन मुत्थु राजशेखरन ने महाराष्ट्र के कुशल चोपड़ा को 8-11, 5-11, 8-11 से हराकर कांस्य पदक जीता। वहीं बालिका वर्ग में महाराष्ट्र की दिव्यांशी भौमिक ने अपनी साथी खिलाड़ी सुक्रति शर्मा को 12-10, 11-4, 11-6 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। गौरतलब है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स, केंद्र सरकार के 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम का हिस्सा हैं, जिसकी शुरुआत 14 अक्टूबर 2017 को हुई थी। इस पहल का उद्देश्य देश में खेलों को प्रोत्साहित करना, प्रतिभाओं को उभारना और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। इस बार दिल्ली में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में पहली बार 27 खेलों को शामिल किया गया है। यह आयोजन भारत के उभरते खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा मंच बनकर सामने आया है, जिसमें खेल भावना, प्रतिस्पर्धा और राष्ट्र का गौरव स्पष्ट रूप से झलकता है।

## 33 लाभुकों के बीच मंत्री ने बांटे परचे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** मंत्री श्रवण कुमार आज नालंदा जिले के बिहारशरीफ प्रखंड में आयोजित अभियान बसेरा पर्चा वितरण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने 33 लाभुकों को भूमि संबंधी पर्चा (कागजात) वितरित किए। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी गरीब व्यक्ति बेघर न रहे, और सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का सीधा लाभ मिले। मंत्री श्री कुमार ने आज दो पीड़ित परिवार को आपदा अनुग्रह योजना और पारिवारिक लाभ योजना के तहत चेक प्रदान किया। मंत्री के द्वारा दोनों परिवार को 4 लाख 20 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। भारतीय सेना की वीरता और समर्पण को देखते हुए हर नागरिक का फर्ज है कि वह सेना का मनोबल बढ़ाए और देशहित में सहयोग करे। इस अवसर पर नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार, राजगीर विधायक कौशल किशोर, जनता दलयू महानगर अध्यक्ष नदीम जफर, गुलरेज अंसारी, डॉ. धनंजय कुमार देव, मनीष कुमार, प्रभात रंजन, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रत्ना दूबे, अंचल मनोज, बिट्टू कुशवाहा, मंटू कुशवाहा, इंदू चैहान, धर्मेन्द्र मुखिया, अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स: ओडिशा के हर्षवर्धन साहू ने रचे दो राष्ट्रीय रिकॉर्ड, ज्योशना साबर ने जीता स्वर्ण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** ओडिशा के उभरते हुए वेटलिफ्टर हर्षवर्धन साहू ने राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स बिहार में इतिहास रचते हुए दो राष्ट्रीय यूथ रिकॉर्ड बनाए और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हर्षवर्धन ने क्लीन एंड जर्क में 115 किलोग्राम और कुल 203 किलोग्राम भार उठाकर यह उपलब्धि हासिल की। इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने झारखंड के बाबूलाल हेंब्रम के पिछले साल फिजी के सुवा में विश्व यूथ चैंपियनशिप में बनाए रिकॉर्ड (स्नैच 88 किग्रा, क्लीन एंड जर्क 114 किग्रा) को तोड़ा। साई के एनआईएस पटियाला में प्रशिक्षण लेने वाले हर्षवर्धन हाल ही में पेरू के लीमा में आयोजित विश्व यूथ चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर लौटे थे, जहां उन्होंने कुल 197 किग्रा (स्नैच 87, क्लीन एंड जर्क 110 किग्रा) भार उठाया था। राजगीर में उन्होंने स्नैच में 82 किग्रा से शुरुआत की और फिर 85 किग्रा व 88 किग्रा सफलतापूर्वक उठाए। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने पहले प्रयास में 108 किग्रा उठाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी झारखंड के निकलेश लकड़ा से 8 किग्रा की बढ़त बनाई। इसके बाद 112 किग्रा और फिर 115 किग्रा उठाकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

हर्षवर्धन ने साई मीडिया से कहा, ‍मैं बहुत खुश हूं कि मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और रिकॉर्ड बनाया। पेरू से लौटने के बाद ज्यादा प्रशिक्षण का समय नहीं मिला, लेकिन मेरा पूरा ध्यान इस प्रतियोगिता पर था। भारत सरकार और साई का समर्थन मेरे लिए महत्वपूर्ण रहा। मैं कोच अलकेश सर के मार्गदर्शन में एनआईएस पटियाला में प्रशिक्षण ले रहा हूं, जिनकी वजह से मैं यहां तक पहुंचा। हर्षवर्धन का लक्ष्य इस प्रदर्शन के जरिए अगस्त 2025 में अहमदाबाद में होने वाली कॉमनवेल्थ यूथ, जूनियर और सीनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करना था, जिसमें वे सफल रहे। उन्होंने कहा, यह प्रतियोगिता मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण थी। अगर मैं अहमदाबाद में अच्छा प्रदर्शन करता हूं, तो मुझे एशियन चैंपियनशिप और कॉमनवेल्थ गेम्स के चयन ट्रायल्स में मौका मिल सकता है। हर्षवर्धन ने 2019 में वेटलिफ्टिंग शुरू की थी और तब से वे लगातार प्रगति कर रहे हैं।

**ज्योशना साबर ने 40 किग्रा वर्ग में जीता स्वर्ण**

इसी आयोजन में ओडिशा की ज्योशना साबर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 40 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। विश्व यूथ चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता ज्योशना ने कुल 122 किग्रा (स्नैच 55, क्लीन एंड जर्क 67 किग्रा) भार उठाया। पेरू में उन्होंने 129 किग्रा (स्नैच 56, क्लीन एंड जर्क 72 किग्रा) का स्कोर बनाया था। भुवनेश्वर के वेटलिफ्टिंग हाई परफॉर्मेंस सेंटर में हंगरी के कोच जोल्टान बाटोर्फी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेने वाली ज्योशना को दो बार के कॉमनवेल्थ गेम्स पदक विजेता रवि कुमार ने खोजा था।

# भारत माता के वीर सपूतों को समर्पित तिरंगा यात्रा, नवादा नगर थाना में हुआ समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह के निर्देश पर शनिवार को नवादा जिला कांग्रेस कार्यालय से तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा भगत सिंह चौक, नगर थाना सहित अन्य प्रमुख स्थलों से होती हुई नगर थाना परिसर में जाकर संपन्न हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय सैनिकों को सम्मान देना और हालिया हमलों के खिलाफ एकजुटता प्रकट करना था। इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि बंगाली पासवान और अंजनी कुमार उर्फ पप्पू ने संयुक्त रूप से कहा कि पाकिस्तान के उग्रवादियों को अब करारा जवाब मिल चुका है। पहले हम चुप रहे, लेकिन जब बात सैनिकों के सम्मान की आई तो हमारे जवानों ने दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया। उनका पराक्रम देख पूरा पाकिस्तान दहल उठा है। कांग्रेस प्रवक्ता एजाज अली मुन्ना ने कहा, मैं भारत के वीर सैनिकों को सलाम करता हूं। उनके साहस और जज़्बे ने पाकिस्तान के उग्रवादियों को लोहे का चना चबाने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि यदि 1999 में कंधार कांड और कारगिल युद्ध, 2001 में संसद हमला, 2002 की अमरनाथ यात्रा पर हमला, 2016 में पठानकोट, पूरी और पुलवामा जैसी घटनाओं पर कड़ी कार्रवाई हुई होती, तो 2025 में पहलगाम में हुआ हमला शायद टल सकता था। यह सरकार की कमजोरी का नतीजा है। उन्होंने कहा कि आज राहुल गांधी ने पहलगाम हमले के खिलाफ जोरदार आवाज उठाई है और भारतीय सेना का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अब विरोधियों के साथ-साथ अपनों के भी होश उड़ चुके हैं। तिरंगा यात्रा में सकदेव सिंह, गणेश सिंह, डॉ. एम.पी. सिंह, मनीष कुमार (अध्यक्ष, इंटक सेल), मो. गुड्डू (अध्यक्ष, अल्पसंख्यक सेल), अखिलेश सिंह, कृष्ण कुमार प्रभाकर, डॉ. शैलेन्द्र कुमार, विनोद कुमार पप्पू (अध्यक्ष, सेवा दल), गौतम कुमार (मीडिया सेल), रामाशीष कुमार, कमलेश सैनी, विजय कुमार, चाणक्य राहुल, अब्दुल्ला आज़म, अरविन्द वारसी, विकास कुमार, मिलन सिंह राजवंशी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए।

## 40 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान ने बताया कि 9 मई 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, अनुसूचित जाति/जनजाति में 1, मद्य निषेध में 11 एवं अन्य गिरफ्तारी 28 कुल 40 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 420 लीटर महुआ शराब एवं 1.5 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-33 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या-01 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 712 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 03 लाख 70 हजार रूपया वसूला गया है।

# पुस्तकालय भवन का विधायक ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नवादा।** नवादा सदर विधायक विभा देवी ने शनिवार को अपने विधायक मद् से नवनिर्मित पुस्तकालय भवन का उद्घाटन विशेष पूजा अर्चना के बाद फीता काट कर किया। सदर प्रखण्ड के भदोखरा पंचायत अंतर्गत शंकरपुर गोनी में 8 लाख 90 हजार रूपये की राशि व्यय कर पुस्तकालय भवन का निर्माण किया गया है। इस भवन से स्थानीय लोगों को बहुमुखी सुविधाएँ मिल पायेगी। सैकड़ों ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत करते हुए उनके द्वारा किये गए इस नेक कार्य की जमकर सराहना की। विधायक ने भवन की गुणवत्ता और सुंदरता देख कर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ग्रामीणों से अपील की है कि इस भवन की साफ़-सफाई समेत सभी तरह के रखरखाव की जिम्मेदारी सभी ग्रामीण अपने कंधे पर उठायें। इसी क्रम में उन्होंने डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत शनिवार को लगने वाले कई शिविरों का निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियो को सेवा भाव से महादलितों का काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार शिविर में अभी भी कार्य नहीं हो रहा है जो दुखद है । हालांकि आँती पंचायत के गंगटी, सोनसिहारी के बिबिपुरा और भदोखरा पंचायत के गोनी गांव में लाभुकों की अच्छी भीड़ देखी गई और शिविर कर्मियो ने भी अपने हिस्से का काम इमानदारी से किया। विधायक के काफिले में वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र यादव, देवनंदन यादव उर्फ़ घुटर यादव, सुरेन्द्र उपाध्याय, ए. चन्द्रवंशी, देवनंदन प्रसाद समेत स्थानीय कार्यकर्ता व समाजसेवी लालमुनी मांझी, गणेश सिंह, कमलेश कुमार, श्री मिस्त्री, पूजा देवी, मनोरंजन कुमार, ललन सिंह आदि शामिल थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत हुई आयोजित व सुलहनीय वादों में हुआ समझौता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में कुमारी सरोज कीर्ति, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के सहयोग से 10 मई 2025 को 08:30 बजे पूर्वाह्न से व्यवहार न्यायालय, नवादा परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया एवं पक्षकारों को सुलह के आधार पर वादों का निष्पादन किया गया। इस मौके पर विद्वान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, आशुतोष कुमार झा, अपर समाहर्त्ता चन्द्रशेखर आजाद, बैंक शाखा नवीन कुमार पाण्डेय, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, नवादा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशगण एवं न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी एवं द्वितीय श्रेणी तथा पैनल अधिवक्ता, पारा विधिक स्वयंसेवक एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के समस्त कर्मचारीगण के बीच दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्वान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया कि लोक अदालत से कोई भी निराश होकर पक्षकार नहीं लौटे। जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत वर्ष में चार बार आयोजित की जाती है, जिसका उद्देश्य स्पष्ट है कि बिना फीस के सुलह एवं बातचीत के माध्यम से अधिक से अधिक वादों का निष्पादन हो। सचिव महोदया ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय के बोझ को कम करने का यह एक सरल तरीका है।

# रणनीतिक विराम, न कि संधि से अलगाव: भारत ने सिंधु जल संधि पर पुनर्विचार को बताया आवश्यक कदम

## विश्व बैंक ने अपनी सीमित भूमिका स्पष्ट की, भारत ने दिखाई संयम की पराकाष्ठा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने के अपने हालिया निर्णय को ‍रणनीतिक विरामङ्क की संज्ञा देते हुए स्पष्ट किया है कि यह संधि से बाहर निकलने का संकेत नहीं, बल्कि पुनर्संयोजन का विवेकपूर्ण प्रयास है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने शनिवार को कहा कि भारत शांति का पक्षधर रहा है, लेकिन पाकिस्तान के निरंतर उकसावे और शत्रुतापूर्ण व्यवहार के कारण अब संधि पर पुनर्विचार अपरिहार्य हो गया है।

श्री मिसरी ने कहा कि 1960 में हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि भारत और पाकिस्तान के बीच सद्भावना और मैत्रीपूर्ण भावना पर आधारित थी, जिसका भारत ने 65 वर्षों से अधिक समय तक गंभीरता से पालन किया। उन्होंने कहा कि बार-बार हुए युद्धों, आतंकवादी हमलों और परियोजनाओं में पाकिस्तान द्वारा लगातार डाली गई अड़चनों के बावजूद भारत ने संयम नहीं छोड़ा। इस बीच, विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने संवाददाताओं से बातचीत में स्पष्ट किया कि सिंधु जल संधि को निलंबित करने या चालू रखने में बैंक की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा, ‍हम निर्णयकर्ता नहीं हैं। हमारा कार्य केवल प्रक्रिया-संचालित है—जैसे तटस्थ विशेषज्ञ की नियुक्ति या मध्यस्थता न्यायालय की स्थापना में मदद करना, वह भी तभी जब दोनों पक्ष सहमत हों।ङ्क उन्होंने यह भी कहा कि संधि के भविष्य का निर्धारण केवल भारत और पाकिस्तान को करना है।

**संधि का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य और वर्तमान संदर्भ**

सिंधु जल संधि के तहत भारत को रावी, ब्यास और सतलुज जैसी पूर्वी नदियों पर पूर्ण अधिकार मिला, जबकि सिंधु, झेलम और चेनाब जैसी पश्चिमी नदियों पर सीमित उपयोग (जैसे कृषि और जलविद्युत) की अनुमति दी गई। इसके क्रियान्वयन और विवाद समाधान के लिए स्थायी सिंधु आयोग की स्थापना की गई थी। भारत ने हालिया घटनाओं को इस पुनर्मूल्यांकन का आधार बताया है— जैसे पुरानी हो चुकी अभियांत्रिकी, बढ़ते जनसंख्या दबाव, स्वच्छ ऊर्जा की जरूरतें और सबसे अहम, सुरक्षा खतरों में वृद्धि। इसके अलावा, पाकिस्तान ने बार-बार भारत की जलविद्युत परियोजनाओं को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चुनौती दी, जिससे योजनाओं में अनावश्यक विलंब हुआ।

**पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद और पहलगाम हमला बना निर्णायक बिंदु**

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले को भारत ने इस निर्णय का निर्णायक क्षण बताया है। भारत ने इसके पीछे पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों का हाथ बताया है। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि इस प्रकार के हमले संधि की उस आधारशिला को ही नष्ट कर रहे हैं, जिस पर यह समझौता टिका था— यानी सद्भाव और आपसी विश्वास।

**भारत का रुख: दृढ़ पर संवादोन्मुख**

विदेश सचिव ने स्पष्ट किया कि भारत ने अनुच्छेद के तहत संधि की शर्तों पर पुनर्विचार का प्रस्ताव पाकिस्तान को औपचारिक नोटिस के रूप में कई बार भेजा, लेकिन पाकिस्तान ने कभी सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी। अब भारत का रुख संप्रभुता, सुरक्षा और संसाधनों के न्यायोचित उपयोग की दिशा में एक निर्णायक मोड़ की ओर संकेत करता है। हालांकि, भारत ने यह भी स्पष्ट किया कि उसके द्वार बातचीत के लिए खुले हैं— बशर्ते वह सार्थक, जिम्मेदाराना और आज की भौगोलिक एवं राजनीतिक वास्तविकताओं के अनुरूप हो।

# शिक्षा विभाग के नियमों के खेल से शिक्षकों को पांच माह से नहीं मिला वेतन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के सक्षमता में उत्तीर्ण शिक्षकों को विभाग द्वारा एक लंबे समय से वेतन नहीं दिया गया है।इससे शिक्षकों एवं उनके परिजनों को राशन से लेकर स्वास्थ्य संबंधी कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।रजौली प्रखंड के वरिष्ठ शिक्षक सह शिक्षक नेता अजित कुमार ने बताया कि सक्षमता-1 परीक्षा में उत्तीर्ण शिक्षक 1 जनवरी 2025 को एवं सक्षमता-2 परीक्षा में उत्तीर्ण शिक्षक 1 मार्च 2025 को पुनः विद्यालय में योगदान दिए। परन्तु टेक्निकल कारणों से सक्षमता-1 के शिक्षकों का वेतन विगत पांच माह से एवं सक्षमता-2 के शिक्षकों का वेतन विगत दो माह से भुगतान नहीं किया गया है साथ ही कहा कि शिक्षा विभाग हमेशा नया-नया कानून बनाकर प्रयोग कर रहें हैं। सभी शिक्षक विभाग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने में पूर्णरूपेण लगे हुए हैं।शिक्षा विभाग शिक्षकों के समस्याओं के प्रति संवेदनहीन बनकर सोई हुई है। जिस शिक्षक को 5 माह तक वेतन प्राप्त नहीं होगातो उसका प्रभाव उनके परिवार में सबसे अधिक उनके बच्चे की पढ़ाई और उनके बुजुर्ग माता-पिता के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है।इससे शिक्षकों की काफी दयनीय स्थिति समाज में परिलक्षित हो रहा है। इसके प्रति यथाशीघ्र संवेदनशील होकर वेतन भुगतान होना चाहिए। आज दबे जुबां से शिक्षक बोलते हैं कि यदि हमलोग जानते की शिक्षा विभाग द्वारा सक्ष्मत्ता परीक्षा देने के बाद ऐसी परेशानी होगी, तो हमसभी भी परीक्षा नहीं देते। शिक्षक नेता ने बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री, एसीएस सिद्धार्थ सर एवं निर्देशक प्राथमिक शिक्षा बिहार से प्रार्थना किये कि यथाशीघ्र ऐसे विशिष्ट शिक्षकों का वेतन भुगतान प्रक्रिया में होने वाले समस्या का समाधान करने की कृपा करें। जिससे विद्यालय में शिक्षण कार्य प्रभावित न हो। समस्यारहित शिक्षक ही अपने शिक्षकत्व को विद्यालय में प्रदर्शित कर पाएंगे। एक परेशान शिक्षक का हाव-भाव एवं वेश-भूषा अपने वर्ग में छात्रों के समक्ष नहीं चाहते हुए भी शिक्षकत्व प्रभावित होने की प्रबल संभावना रहती है। शिक्षा विभाग को शिक्षक के समस्या को दूर करना सर्वोपरि होना चाहिए। हम शिक्षक ही सरकार के ऐसे कर्मचारी है, जो शिक्षा विभाग के निर्देशों के साथ ही सरकार के सभी बहुमूल्य योजना को भी पूरा करवाते हैं, फिर भी उपेक्षित महसूस करते हैं।

# दो दिनों में दो लाख रुपए का लगाया जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रजौली।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर शुक्रवार एवं शनिवार को परिवहन विभाग द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों से दो लाख रुपए जुर्माना लगाया गया। इस दौरान परिवहन विभाग के ईएसआई संदीप कुमार के अलावे अन्य कर्मी मौजूद रहे।बिहार में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और यातायात नियमों को कड़ाई से लागू करने के लिए परिवहन विभाग ने कड़े कदम उठाए है। अब वाहन मालिकों को अनिवार्य रूप से हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवानी होगी,अन्यथा उन्हें भारी जुर्माना देना पड़ रहा है। यह नियम बीते 1 अप्रैल 2025 से राज्यभर में सख्ती से पालन कराया जा रहा है। हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट एक विशेष प्रकार की एल्यूमीनियम नंबर प्लेट होती है, जिसमें होलोग्राम और यूनिक कोड शामिल होता है। यह वाहन की सुरक्षा को बढ़ाने और यातायात प्रबंधन को आसान बनाने के उद्देश्य से डिजाइन की गई है। इससे वाहन चोरी और नंबर प्लेट की जालसाजी को रोकने में भी मदद मिलती है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 2,500 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है वहीं ईएसआई ने बताया कि फर्जी नंबर प्लेट के कारण ई-चालान प्रक्रिया में कठिनाई आ रही है,जिससे वाहन पंजीकरण में अनियमितताएं सामने आ रही हैं। इसे रोकने के लिए परिवहन विभाग ने पुलिस के साथ मिलकर अवैध नंबर प्लेट बनाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू कर दी है। परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाएं ताकि अनावश्यक जुर्माने से बचा जा सके और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन हो सके साथ ही बताया कि यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले बाइक एवं कार सवारों से कुल 2 लाख रुपए का जुर्माना किया गया है। परिवहन विभाग के इस कार्रवाई से लोग यातायात नियमों के पालन करने में जुट गए हैं।

# आठ पंचायतों के महादलित टोलों में लगा विकास शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कौआकोल।** बिहार महादलित विकास मिशन के अंतर्गत व डॉ. अम्बेदकर समग्र सेवा अभियान के तहत नवादा डीएम रवि प्रकाश के निर्देश पर शनिवार को कौआकोल प्रखंड के विभिन्न आठ पंचायतों में विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दरम्यान विभिन्न विभागों के कर्मियों द्वारा लाभुकों को आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड,जन्म प्रमाण पत्र,आवास हेतु सर्वे,जॉब कार्ड सहित कई जरूरी सेवाएं मौके पर ही प्रदान की गईं। कौआकोल बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि प्रखण्ड के सोखोदेवरा, कौआकोल, सरौनी, देवनगढ़, लालपुर, पाली सहित आठ विभिन्न पंचायतों के अलग अलग महादलित टोला ने शिविर लगाकर लाभुकों को जरुरी सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। मौके पर सभी सम्बंधित पंचायत में नियुक्त पर्यवेक्षकों के अलावे प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी लोकेशनाथ चौधरी, विकासमित्र जितेंद्र मांझी आदि मौजूद थे वहीं दूसरी ओर विभाग के निर्देश पर महादलित विकास मिशन पटना की टीम ने प्रखण्ड में चल रहे विकास शिविर का निरीक्षण कर कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जांच टीम का नेतृत्व अधिकारी व कौआकोल के पूर्व प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी साजन स्नेही ने किया। उन्होंने सोखोदेवरा एवं कौआकोल में चल रहे शिविर में पहुंचकर लोगों को शिविर से होने वाले फायदा के बारे में अवगत कराया।

## शिक्षिका का आकस्मिक निधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखण्ड के देवनगढ़ पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बन्दैली खुर्द में पदस्थापित विशिष्ट शिक्षिका नुसरत प्रवीण का शुक्रवार को उनके आवास अंसारनगर,नवादा में निधन हो गया। वे लगभग 45 वर्ष की थी। शिक्षक संघ के अध्यक्ष व पूर्व बीआरपी प्रीतम कुमार ने बताया कि शिक्षिका के पारिवारिक सदस्यों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षिका का निधन लू लगने से हो गई थी। शुक्रवार को विद्यालय से लौटने के बाद अचानक उन्हें डिहाइड्रेशन की शिकायत हो गई। जिसके बाद उन्हें स्थानीय स्तर पर निजी चिकित्सकों द्वारा इलाज करवाया गया परन्तु इलाज के क्रम में आकस्मिक निधन हो गया।

# सोखोदेवरा पंचायत में पूर्व विधायक ने किया जनसम्पर्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कौआकोल।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव के पक्ष में चुनावी मैदान में उतरे उनके पति व पूर्व विधायक कौशल यादव ने शनिवार को कौआकोल प्रखण्ड के सोखोदेवरा पंचायत में जनसम्पर्क अभियान चलाकर लोगों से समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने पचंबा, पावापुरी गोवरैया, सोखोदेवरा, जोरावरडीह, तुरियाडीह आदि गांवों का दौरा कर डोर टू डोर लोगों से सम्पर्क साधा वहीं इस दरम्यान बड़ी संख्या में पूर्व विधायक कौशल यादव के समर्थकों ने उन्हें समर्थन देने का आश्वासन दिया। पूर्व विधायक श्री यादव ने पूर्व में की गई गलतियों को क्षमा करते हुए लोगों से एक बार फिर मौका देने की अपील की। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में ब्लॉक, थाना आदि जगहों पर आसानी से लोगों के काम होते थें। परन्तु आज लोगों को छोटे-छोटे कामों में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने लोगों से कहा कि गोविंदपुर विधानसभा के लोगों ने उन्हें एवं उनके परिवार को सदैव घर के बेटा की तरह मान आदर देकर स्नेह किया है। यही कारण है कि वे सदैव यहां के लोगों के साथ जाति एवं धर्म से ऊपर उठकर विकास करने का काम किया है। मौका मिलने पर अनवरत यह कार्य आगे भी जारी रहेगा। मौके पर पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन, पैक्स अध्यक्ष सह प्रमुख प्रतिनिधि संजय यादव,पैक्स अध्यक्ष रामाश्रय सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मंटू यादव पूर्व मुखिया लीला देवी, उप प्रमुख नवीन यादव समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

CMYK

# हीट वेब को लेकर स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर

## मगध मेडिकल कॉलेज में हीट वेब से जुड़ी तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिला में हीट वेब और चमकी बुखार को लेकर स्वास्थ्य विभाग की हो रही तैयारियों का जिला प्रशासन द्वारा लगातार अनुश्रवण किया जा रहा है। इस क्रम में शनिवार को डीएम डॉ त्यागराजन एसएम द्वारा अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्वास्थ्य पदाधिकारियों के साथ हीट वेब तथा चमकी बुखार के इलाज से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की। डीएम ने अस्पताल में चमकी बुखार के इलाज की तैयारियों का जायजा लिया तथा स्वास्थ्य अधिकारियों को हीट वेब के इलाज से संबंधित जरूरी दवा की उपलब्धता, वार्ड में पर्याप्त बेड की उपलब्धता तथा मरीजों के आवागमन के लिए एंबुलेंस में एसी सुनिश्चित करने सहित दवाईयों के रखरखाव आदि की जांच की। इस मौके पर अस्पताल अधीक्षक डॉ केके सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ राजाराम प्रसाद, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, डीपीएम नीलेश कुमार तथा दोनों वार्ड के नोडल पर्सन तथा अन्य स्वास्थ्य पदाधिकारी मौजूद थे। मगध मेडिकल अस्पताल में निरीक्षण के दौरान डीएम को अस्पताल की तैयारियों के विषय में अद्यतन जानकारी देते हुए अधीक्षक डॉ केके सिन्हा ने बताया कि हीट वेब के लिए सौ बेड की व्यवस्था वाले वार्ड तैयार किये गये हैं। जापानी बुखार के लिए 20 बेड का वार्ड बनाया गया है। हीट वेब के किसी भी मामले से निपटने के लिए एंबुलेंस में एसी की व्यवस्था कराया गया है। एसी पूरी तरह काम कर रहे हैं। हीट वेब से निपटने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों की ट्रेनिंग भी हो चुकी है। पर्याप्त संख्या में डॉक्टर को ड्यूटी पर लगाया गया है। चार सौ आइस पैक की व्यवस्था है। 44 तरह की आवश्यक दवा उपलब्ध है। अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि प्रत्येक मरीज के साथ उनके एक परिजन के रहने की भी व्यवस्था की गयी है। सिविल सर्जन डॉ राजाराम ने बताया कि सामुदायिक तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को हीट वेब तथा जापानी बुखार के मामले में सभी जरूरी तैयारियां रखने का निर्देश दिया गया है।

**डीएम ने अलर्ट मोड में रहने का दिया निर्देश**

जिले के डीएम ने कहा कि हीट वेब के मामलों को लेकर अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल को अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग हीट वेब से बचाव के लिए आमजन को जागरूक करने का भी काम करेंगे। अस्पताल में हीट वेब के साथ जापानी बुखार के मरीजों के लिए भी स्पेशल वार्ड में सभी व्यवस्थाओं के सुनिश्चित कराने का निर्देश है। सभी वार्ड में बेड तक ऑक्सीजन की आपूर्ति व्यवस्था सुचारु रखने, बीमारी से जुड़ी दवाईयों और अन्य आवश्यक जरूरतों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। एंबुलेंस में जरूरी सामानों जैसे दवा व ऑक्सीजन हमेशा उपलब्ध रखने तथा एंबुलेंस के स्वास्थ्यकर्मियों को प्राथमिक इलाज के बारे में प्रशिक्षण समय समय पर मुहैया कराने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्यकर्मियों को जापानी बुखार के मामले में सामुदायिक स्तर पर भी जागरूक करते हुए प्राथमिक इलाज व बचाव संबंधी जानकारी आशा तथा प्रखंड स्तरीय चिकित्सा पदाधिकारियों के माध्यम से दिया जाये। चमकी बुखार के मामले की जानकारी तथा त्वरित कार्रवाई के लिए कंट्रोल रुम बनाने का निर्देश दिया गया है। हीट वेब सहित जापानी बुखार से होने वाली मौत का सत्यापन कराने के लिए भी कहा गया है।

# गया जिला अंतर्गत 21 परीक्षा केंद्रों पर 11,500 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

## परीक्षा को लेकर डीएम-एसएसपी ने की संयुक्त ब्रीफिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार कर्मचारी चयन आयोग पटना द्वारा 11 मई रविवार को विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना द्वारा कार्यालय परिचारी पद हेतु आयोजित प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के अवसर पर स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन हेतु समुचित विधि व्यवस्था, परीक्षा संचालन तथा गोपनीयता बनाए रखने हेतु जिला दंडाधिकारी सह डीएम डॉ त्यागराजन एसएम एवं एसएसपी आनंद कुमार द्वारा समाहरणालय सभागार में संयुक्त रूप से ब्रीफिंग कर सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। ब्रीफिंग में बताया गया कि 11 मई को एक पाली अर्थात अपराह्न 12:00 से अपराह्न 2:00 तक सामान्य अंक गणित, सामान्य ज्ञान एवं समान हिंदी विषय की परीक्षा गया जिला अंतर्गत 21 परीक्षा केंद्रों पर 11,500 परीक्षार्थियों को परीक्षा देने हेतु निर्धारित है।

**इन परीक्षा केंद्रों पर होगी परीक्षा**

अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया, जगजीवन कॉलेज, मानपुर, गया, महावीर इंटर कॉलेज, स्वराजपुरी रोड, गया, प्लस टू जिला स्कूल, गया, टी मॉडल इंटर विद्यालय, जीबी रोड, गया, प्लस टू हरिदास सेमिनरी, गया, प्लस टू हाई स्कूल, चंदौती मोड़, गया, राम रुचि बालिका इंटर विद्यालय, नई गोदाम, गया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गौरी कन्या उच्च विद्यालय, मानपुर, गया, गवर्नमेंट गर्ल्स प्लस टू स्कूल, रमना रोड, गया, प्लस टू कासमी हाई स्कूल, दुर्गाबाड़ी, गया, अनुग्रह कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, स्टेशन रोड, गया, प्लस टू हाई स्कूल, न्यू करीमगंज, गया, प्लस टू हाई स्कूल, रसलपुर, मानपुर, गया, प्लस टू हाई स्कूल, बोधगया, गया, प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, बोधगया, गया, डीएवी पब्लिक स्कूल, कैंट एरिया, बोधगया, गया, मानव भारती नेशनल स्कूल, केन्दुई, गया,परम ज्ञान निकेतन, गया, दया प्रकाश सरस्वती विद्या मंदिर, मारनपुर, गया एवं शताब्दी पब्लिक स्कूल, गया।

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री शहरी ग्राम विकास योजना की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री सह जिला के प्रभारी मंत्री डॉ सुनील कुमार के अध्यक्षता में शनिवार को मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार, विधायक, टिकारी अनिल कुमार, विधायक, वजीरगंज वीरेंद्र सिह, एमएलसी कुमुद वर्मा, विधायक बाराचट्टी ज्योति मांझी, विधायक बेलागंज मनोरमा देवी, डीएम, सिटी एसपी एवं अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि 123 योजनाओं में से 56 योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। मंत्री ने कुल योजनाओं को समय से पूरा करने का निर्देश दिया। एमएलसी कुमुद वर्मा ने गया में खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 के आयोजन को लेकर काफी प्रशंसा की। बेलागंज विधायक मनोरमा देवी ने नल जल योजना की त्रुटियों को दूर करने को कहा। मंत्री डॉ सुनील कुमार ने कहा मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना के क्रियान्वयन में देरी न हो, सीओ प्राथमिकी तय करे। पानी की कमी को दूर करने के लिए प्रयास करें। चापाकल के मरम्मत की कारवाई में तेजी लाए तथा जहां आवश्यकता हो, वहां नए चापाकल लगाए। नल जल योजना को सुचारू रूप से चलाएं योजनाओं को त्वरित गति से पूरा करें।15 जून तक कार्य योजना धरातल पर आ जाए इसका निर्देश अधिकारियों को दिया गया। दिगघी तालाब का सौंदर्यकरण का कार्य जल्द किया जाएगा।

# 85 बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गया)।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शनिवार को बीएलओ को एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया गया। वजीरगंज विधानसभा अंतर्गत मतदान केन्द्र संख्या 159 - 244 के 85 बीएलओ को दिल्ली से ट्रेनिंग लेकर आये मास्टर ट्रेनर विकास कुमार ने सभी बीएलओ को नये नाम जोड़ने के लिये फार्म 6 एवं नाम हटाने के लिये फार्म संख्या 7 तथा निवास और सुधार, पुनः नया वोटर कार्ड जारी करने के लिये फार्म संख्या 8 को विस्तृत ढंग से भरने के लिये बताया। मौके पर सदर गया के अवर निर्वाचन पदाधिकारी दिलीप कुमार ध्वज, सहायक निर्वाचन पदाधिकारी रंजू कुमारी, प्रखण्ड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ प्रभाकर सिंह ने विभाग द्वारा निर्देशित आदेशों के बारे में बताया। बीडीओ ने कहा कि दो बैच में प्रशिक्षण दिया गया जा रहा है जिसके पहले बैच में 85 बीएलओ को ट्रेनिंग दिया गया है एवं अपने पोषक क्षेत्र में मतदाता सूची को शुद्ध करने तथा नये मतदाताओं का नाम जोड़ने सहित अन्य निर्देश दिये गये हैं।

# मगध विश्वविद्यालय में रिसर्च मेथाडोलॉजी विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के मानविकी संकाय, ग्लोबल संस्कृत फोरम नई दिल्ली और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला 'मैपिंग द स्पेक्ट्रम ऑफ रिसर्च मेथाडोलॉजी' का समापन शनिवार को हुआ। दूरस्थ शिक्षा विभाग के डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित समापन सत्र में कुलपति एसपी शाही ने कार्यशाला की सफलता के लिए आयोजन से जुड़े सभी शिक्षकों और सदस्यों को बधाई दी और कहा कि यह कार्यशाला शोधार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने विश्वविद्यालय की पुरानी संस्कृति को सुधारने और गौरव-गरिमा लौटाने के प्रयासों की बात करते हुए नैक ग्रेडिंग में सुधार की दिशा में भी प्रतिबद्धता जताई। समापन सत्र को प्रतिकुलपति बीआरके



सिंह, एसएस सिन्हा कॉलेज औरंगाबाद के प्राचार्य सुधीर कुमार मिश्रा, मौलाना मजहरूल हक अरबी और फारसी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एजाज अली अरशद, दाउदनगर कॉलेज के प्राचार्य शमसुल इस्लाम, अंग्रेजी विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष निभा सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यशाला के छठे सत्र में शूरी विद्यासागर कॉलेज, पश्चिम बंगाल से अंग्रेजी के एसोसिएट प्रोफेसर सुशांत कुमार वर्धन, जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा से संस्कृत के प्रोफेसर दिव्यांशु कुमार और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी से हिंदी विभाग के प्रोफेसर अनुराग कुमार ने शोध पर आधारित अपने विचार रखे। दिव्यांशु कुमार ने संस्कृत में शोध की परंपरा, प्रारूप, वैज्ञानिकता और पारदर्शिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस सत्र का संचालन संस्कृत विभाग की सहायक आचार्य ममता मेहरा ने किया और अध्यक्षता नीरज कुमार ने की। धन्यवाद ज्ञापन परम प्रकाश राय ने दिया। सातवें सत्र में ऑनलाइन माध्यम से पटना विश्वविद्यालय के फारसी विभाग के प्रोफेसर सादिक हुसैन जुड़े। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के प्रोफेसर धीरेंद्र कुमार राय ने पत्रकारिता में गुणात्मक शोध, नैतिक मूल्य और बदलते परिप्रेक्ष्य में पत्रकारिता के स्वरूप पर व्यापक चर्चा की। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की ओर बढ़ रही है और इसमें शोध की गहराई, सटीकता और प्रासंगिकता अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। सत्र का संचालन मनोविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर मीनाक्षी और अध्यक्षता दर्शनशास्त्र विभाग के प्रोफेसर जावेद अंजुम ने की। तीन दिवसीय कार्यशाला में मानविकी संकाय से जुड़े 9 विषयों के शिक्षक, शोधार्थी और पीजी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान शोध से संबंधित अनेक उपयोगी जानकारियां साझा की गईं। इस अवसर पर संकायाध्यक्ष रहमत जहां, अंग्रेजी विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष निभा सिंह, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष एवं कोऑर्डिनेटर सरिता वीरांगना, नीरज कुमार, आयोजन समिति के सचिव एवं कोषाध्यक्ष संजय कुमार, सचिव जियाउल्लाह अनवर, प्रो प्रमोद कुमार चौधरी, पाली विभागाध्यक्ष संजय कुमार, तरन्नुम जहां, संस्कृत विभाग की सहायक आचार्य ममता मेहरा और एकता वर्मा, वंदना कुमारी, हिंदी विभाग के परम प्रकाश राय, प्रियंका तिवारी, बागेश कुमार और मुमताज अहमद उपस्थित रहे। शोधार्थियों में अभिषेक कुमार निराला, मौमिता सरकार, मधुरेंद्र कुमार, वासिफ रजा, वंदना समेत अन्य शोधार्थी भी शामिल रहे। समापन सत्र का संचालन एकता वर्मा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन रहमत जहां ने दिया।

# डीएम ने आपात स्थिति को लेकर नागरिक सुरक्षा विभागों के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के समाहरणालय सभागार में आपात स्थिति को लेकर नागरिक सुरक्षा विभागों की बैठक शनिवार को डीएम डॉक्टर त्याग राजन एसएम ने किया। बैठक में कहा गया कि नागरिक सुरक्षा को बेहतर बनाना है, इसके लिए नगर सुरक्षा की एजेंसी, यानी नागरिक सुरक्षा की एजेंसी एनसीसी, स्काउट एंड गाइड सहित अन्य सुरक्षा एजेंसी को को तैयार करना है। ताकि आपात स्थिति से निपटने में आंतरिक व्यवस्था में लगाया जा सके। नागरिक सुरक्षा को लेकर जिले के संवेदनशील क्षेत्र जैसे रेलवे, एयरपोर्ट, जल का भंडार, गंगा परियोजना, स्टेशन, बैंक ऐसे तमाम क्षेत्रों में लगाया जाएगा। आंतरिक सुरक्षा और व्यवस्था निरंतर चलता रहे। अधिकारियों ने कहा कि नगर सुरक्षा के साथ-साथ आम लोगों को भी आपात स्थिति के लिए जागरूक करना है विशेष कर सोशल मीडिया पर आपात स्थिति के दौरान विशेष निगरानी रखना है की अगर कोई व्यक्ति सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर तनावपूर्ण बातों को पोस्ट करता है वैसे लोगों पर प्रशासन तत्काल कार्रवाई करेगी। बैठक में एसएसपी आनंद कुमार, एसएसबी, सीआरपीएफ, एनसीसी के कर्नल पंकज एवम अन्य विभागों के अधिकारी शामिल थे।

# ट्रक व बस की टक्कर में युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** शनिवार की अहले सुबह ट्रक व बस की टक्कर में टिकारी के एक युवक की मौत हो गई। घटना जहानाबाद से गुजरी डोभी पटना एनएच 22 स्थित लोदीपुर गांव के समीप शनिवार की अहले सुबह घटित हुई। मृतक की पहचान कोयरी बिगहा निवासी अरुण शर्मा के 30 वर्षीय पुत्र चिंतामणि उर्फ मणि कर रूप में हुई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम मणि टिकारी से अपने मित्र के भाई की बारात में शामिल होने मसौढ़ी के भसमई ग्राम गया था जहां मणि का अपने परिचितों से ही अनबन हुआ जिसके बाद नाराज हो मणि टिकारी लौटने की बात कह बारात छोड़ निकल गया।

# केंद्रीय मंत्री ने पाकिस्तान के आतंकवादी संगठनों पर किए जा रहे हमले के लिए सेना को दिया धन्यवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भारत के जांबाज सैनिकों द्वारा पाकिस्तान के आतंकवादी संगठनों पर हमले किए जाने पर भारत के सेना को धन्यवाद देते हैं जो संयम से काम ले रही है। भारत के तरफ से रिहाएसी इलाकों पर कोई प्रहार नहीं हुआ है। अब पाकिस्तान से युद्ध का अंतिम वक्त आ गया है। हर बार पाकिस्तान कायराना हरकत करता है। सबसे पहले उसी ने शुरू किया ये कायराना हरकत अंत अब हम करेंगे। अब मान लीजिए की कोई तीर्थ स्थान पर या पर्यटन स्थान पर घूमने फिरने जाते है जिस तरह से चार दिन कि ब्याही



औरत के पति को मार दिया और कहा मोदी से कह देना। पूरे भारत के लोगों का कहना है कि इसका बदला लिया जाय। हम लोग का जो सेना है और प्रधानमंत्री है। वह अभी भी संयम से काम कर रहे हैं। अभी भी जो रिहाएसी इलाका है उस पर भारत के तरफ से कोई प्रहार नहीं हुआ है जो भी प्रहार हुआ है वह आतंकवादी अड्डा पर हुआ है। यह भारत नहीं पूरे विश्व को समझा करके कहा जा रहा है कि हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहे हैं जब आप ऐसा कर रहे हैं तो हम कितना बर्दाश्त करेंगे बर्दाश्त करने के भी एक क्षमता होती है। इसके बावजूद भी हम भारत के सेना को धन्यवाद देते हैं कि वह अपना संयम से काम कर रही है, लेकिन अभी जो स्थिति है उस स्थिति हम यह समझते हैं कि उनको अभी ही सबक सिखा देना ही चाहिए। भारत के जितने भी विरोधी दल हैं वह भी साथ हैं और भारत का बच्चा-बच्चा साथ है और यही अब यही कह रहा है कि अब नहीं समझेगा पाकिस्तान अब अंतिम रूप देने का मौका आ गया है और पाकिस्तान को दुनिया के नक्शे से मिटाने का समय आ गया है।

# नया एकीकृत बिलिंग सॉफ्टवेयर पायलट प्रोजेक्ट के तहत शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने हेतु मौजूदा बिलिंग सॉफ्टवेयर को अपडेट किया जा रहा है। इस दिशा में एकीकृत बिलिंग सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है जिसे पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर चार प्रमंडलों, पटना ग्रामीण, गया ग्रामीण, बेनीपुर एवं शिवहर में लागू किया जाएगा जिसकी जानकारी विद्युत कनीय अभियंता कोंच, राजेश कुमार ने शनिवार को दी है। उक्त प्रमंडलों में अवधि 11 मई से 20 मई 2025 तक बिलिंग संबंधित सेवाएं अस्थायी रूप से स्थगित रहेंगी। अर्थात इस अवधि में नया बिजली बिल जारी नहीं होगा, न ही लोड बढ़ाने या घटाने से संबंधित कोई प्रक्रिया की जाएगी। हालांकि उपभोक्ता पूर्व में जारी किए गए बिलों का भुगतान सामान्य रूप से कर सकेंगे एवं किसी भी बकाया राशि का निपटारा किया जा सकेगा। इस अवधि में बिजली आपूर्ति यथावत सुचारू रूप से जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में राज्य के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लिए अलग-अलग बिलिंग सॉफ्टवेयर कार्यरत हैं। पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद राज्य भर में नया एकीकृत सॉफ्टवेयर लागू किया जाएगा जिससे सभी क्षेत्रों में एक ही प्रणाली के माध्यम से बिलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी।

# डॉ. सुजीत केन्द्रीय हिन्दी सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुजीत कुमार भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के हिन्दी सलाहकार समिति के सदस्य के रूप मनोनीत किए गए हैं। ज्ञात हो डॉ. सुजीत पहले भी तीन वर्षों के लिए 2022 से 2025 तक इस समिति के सदस्य थे और उनके बहुमूल्य योगदान के लिए मंत्रालय ने दोबारा उन्हें अगले दिन वर्षों 2028 तक के लिए नामित किया है। कुलपति प्रो. कामेश्वरनाथ सिंह ने डॉ. सुजीत के मनोनीत होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए यह आशा व्यक्त की है कि वे सदस्य के रूप में बेहतर कार्य करेंगे तथा मातृभाषा के विकास में अपना योगदान देंगे। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि हिन्दी सलाहकार समिति के अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल हैं। यह समिति अगले दिन वर्षों 2025 से 2028 तक मंत्रालय में हिन्दी में कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सुझाव देने का काम करेगी। पीआरओ ने बताया कि डॉ. सुजीत गृह मंत्रालय के शब्द सिंधु परियोजना से भी जुड़े हुए हैं और अब तक उन्होंने मीडिया में प्रयुक्त हो रहे अंग्रेजी के करीब 1100 शब्दों का सरल अनुवाद किया है, ताकि उन अंग्रेजी के शब्दों की जगह हिन्दी के शब्द आम प्रयोग में आ सके। अपने पिछले कार्यकाल के संबंध में डॉ. सुजीत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार देश की सभी भाषाओं को आगे बढ़ाने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने बताया कि मंत्री पीयूष गोयल भी हिन्दी भाषा बढ़े और फले फूले इसको लेकर गंभीर हैं। यही कारण है कि वाणिज्य मंत्रालय भाग क के राज्यों में सर्वाधिक काम हिन्दी में ही होने शुरू हो गए हैं। हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए वाणिज्य मंत्रालय हिन्दी में सुगंधि नाम की एक पत्रिका भी प्रकाशित करती है। इसके अलावा पूरे साल हिन्दी के प्रति कर्मचारियों का झुकाव बढ़ाने के लिए कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत व्यवहार न्यायालय गया एवं शेरघाटी में आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को व्यवहार न्यायालय गया एवं शेरघाटी में किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मदन किशोर कौशिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) सचिव अरविंद कुमार दास के देख रेख में हुआ। इस मौके पर प्रधान न्यायाधीश ने बताया कि एकमात्र यही तरीका है जिसमें दोनों का विजय होती है दोनों पक्ष जीतते हैं दोनों में सद्भावना बना हुआ रहता है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए कुल 22 बेंच बनाए गए थे। 20 बेंच गया में 2 बेंच शेरघाटी में बनाया गया था गया में बेंच नंबर एक में शशिकांत ओझा डिस्ट्रिक एंड सेशन जज (डीएएसजे) एक एवं अधिवक्ता अंजना कुमारी, बेंच नंबर में दो नलिन कुमार पाण्डेय डीएएसजे दो एवं पैनल अधिवक्ता रविकांत, बेंच नंबर तीन में राजेश सिंह डीएएसजे चार एवं पैनल अधिवक्ता रजनीश कुमार, बेंच नंबर चार में विजय किशोर सिंह डीएएसजे बारह एवं पैनल अधिवक्ता अखिलानंद मिश्रा, बेंच नंबर पांच में कुमार कार्तिकेय शाही डीएएसजे तेरह एवं पैनल अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद, बेंच नंबर छह में विपिन लवानिया डीएएसजे चौदह एवं पैनल अधिवक्ता शंभू शरण पांडेय, बेंच नंबर सात में किरण चतुर्वेदी डीएएसजे सत्रह एवं पैनल अधिवक्ता पंकज राजेश शरण, बेंच नंबर आठ में रोमी कुमारी सीजेएम एवं पैनल अधिवक्ता कुमारी सुमन सिंह, बेंच नंबर नौ विभूति भूषण में एसीजेएम चार एवं पैनल अधिवक्ता अरविंद कुमार सिन्हा, बेंच नंबर दस में सौम्या एसीजेएम पांच एवं पैनल अधिवक्ता शकुंतला कुमारी बेंच नंबर इग्राह में सुशांत सागर रेलवे जुडिशल मजिस्ट्रेट एवं पैनल अधिवक्ता गणेश प्रसाद, बेंच नंबर बारह में सनम हयात एसडीजेएम एवं पैनल अधिवक्ता नरेश कुमार सिन्हा, बेंच नंबर तेरह में अर्पिता जेएम फर्स्ट क्लास एवं पैनल अधिवक्ता अजीत कुमार सिंह, बेंच नंबर चौदह में प्रिया बर्नवाल जेएम फर्स्ट क्लास एवं पैनल अधिवक्ता विभा सिन्हा, बेंच नंबर पंद्रह में संजय कुमार जेएम फर्स्ट क्लास एवं पैनल अधिवक्ता ब्रजेश चंद्रा महतो बेंच नंबर सोलह में अश्विनी कुमार राय जेएम फर्स्ट क्लास एवं पैनल अधिवक्ता अजय कुमार सिंह, बेंच नंबर सत्रह में पूजा सिंह जेएम फर्स्ट क्लास एवं पैनल अधिवक्ता सनुपम सिन्हा, बेंच नंबर अठारह में अभिनव राज जेएम फर्स्ट क्लास एवं पैनल अधिवक्ता जितेंद्र कुमार सिंह, बेंच नंबर उन्नीस जुबेर अहमद जेएम फर्स्ट क्लास एवं पैनल अधिवक्ता धनंजय नारायण सिंह, बेंच नंबर बीस में आकाश कुमार जेएम फर्स्ट क्लास एवं पैनल अधिवक्ता राजेश कुमार मेहता, एवं शेरघाटी में बेंच नंबर इक्कीस प्रीति कुमारी एसीजेएम एक एवं पैनल अधिवक्ता कपिलदेव पाठक, बेंच नंबर बाईस कल्पना भारती जेएम फर्स्ट क्लास एवं पैनल अधिवक्ता शमशाद खान है।

# शराब के नशे में दो भाई गिरफ्तार

**कोंच।** थाना क्षेत्र के जैतीया गांव में शराब के नशे में शोरगुल कर रहे दो भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया। प्रभारी थानाध्यक्ष सोहराब अली के अनुसार, नशे में धुत दोनों भाई टुनटुन सिंह और इंद्रजीत कुमार शोरगुल कर रहे थे जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही थी।

**शपथ पत्र**

मैं मनोरमा देवी पति सुदीना तिवारी निवासी ग्राम-गम्हारी पो.-गम्हारी थाना-उपहारा जिला-औरंगाबाद, बिहार पिन 824203 शपथ पूर्वक बयान करती हूं कि मेरे नाम से जमीन खरीदी गयी है जिसका वसीका नं.-37 तथा निबंधन तिथि 25-08-2008 है तथा निबंधन कार्यालय शेखपुरा है और इस दस्तावेज में मेरा नाम मनोरमा देवी है जो सही है।

मेरा आधार नं.-5002 4095 4010 है और इस पर मेरा नाम रमुना देवी है।

मैं उक्त दोनों नाम मनोरमा देवी तथा रमुना देवी दोनों नामों से जाना एवं पहचाना जाती हूं और उक्त दोनों नाम की एक ही महिला है जो मैं ही हूं।

मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें पारा मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही एवं सत्य है। शपथ पत्र संख्या-5688-दिनांक-07/05/25 है।

शपथकर्ता
मनोरमा देवी

# जदयू महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में नेताओं के साथ वर्चुअल बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** शहर के रमना रोड स्थित समर्पण भवन (अपने आवास) में जदयू महानगर अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल ने नेता गणों के साथ वर्चुअल माध्यम द्वारा लाइव प्रसारण में शनिवार को शामिल हुए। यह वर्चुअल जदयू प्रदेश कार्यालय, पटना स्थित कर्पूरी सभागार से हो रहा था। वर्चुअल मीटिंग में बिहार के सभी जिला के संगठन प्रभारी, जिला अध्यक्ष/महानगर अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी, प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षों के साथ हो रही थी। इस दौरान बूथ स्तर पर संगठन को सक्रिय और सशक्त बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई।वर्चुअल बैठक में जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा व राज्यसभा सांसद संजय झा की मौजूदगी रही।

# कांग्रेस पार्टी ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** कांग्रेस पार्टी के द्वारा शहर के राजेंद्र आश्रम मोहल्ला स्थित पार्टी कार्यालय से शनिवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह तिरंगा यात्रा शहर के विभिन्न सड़क मार्ग से होकर गुजरी। तिरंगा यात्रा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुशवाहा सहित जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी के अलावा बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता व समर्थक शामिल हुए। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों के द्वारा कायराना हमला किया गया था जिसके जवाब में भारतीय सैनिकों ने बड़ी कार्रवाई की और आतंकियों के 9 ठिकानों को तबाह कर दिया गया। इसी को लेकर तिरंगा यात्रा निकाली गई है। हम भारतीय सैनिकों के जज्बे को सलाम करते हैं जिन्होंने पीड़ितों को न्याय दिलाने का कार्य किया है। साथ ही पहलगाम की घटना में जो लोग मारे गए हैं, उन लोगों के प्रति हमलोग सच्ची श्रद्धांजलि श्रद्धांजलि दे रहे हैं। भारत के वीर सैनिक लगातार आतंकियों के खिलाफ मोर्चा लिए हुए हैं। उन्हें पूरा देश सलाम कर रहा है। हमलोग भी भारतीय सैनिकों के साथ खड़े हैं। यह तिरंगा यात्रा शहर के विभिन्न सड़क मार्ग से होते हुए गुजरी है।

# राज्यसभा सदस्य राकेश कुमार का भाजपा नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** भाजपा नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा शनिवार को राज्यसभा सदस्य राकेश कुमार का गया जी के आगमन पर स्वागत किया गया। डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि आज विद्वान, राष्ट्रनिष्ठ और समाजसेवी व्यक्तित्व का आगमन गया परिसदन में हुआ है। गया,जी जो भगवान विष्णु की चरणभूमि है, आज एक बार फिर गौरवान्वित हुआ है आपके आगमन से। इसी पावन अवसर पर अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और भगवान विष्णु के चरण चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। यह चरण चिन्ह सिर्फ एक प्रतीक नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, श्रद्धा और परंपरा का प्रतीक है जो हमें सदा धर्म, कर्तव्य और सत्य की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। मिश्रा ने कहा राकेश जी विचार, दूरदृष्टि और राष्ट्र निर्माण में आपकी भूमिका हम सभी के लिए प्रेरणादायी है।

संपादकीय

# इंडिया इज गोइंग टू विन?

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत की एंटी टेरर स्ट्राइक और उसके पश्चात पाकिस्तान ने नाकाम जवाबी हमले बदले में भारत द्वारा पाक के समूचे एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह की खबरों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की करीबी सहयोगी लॉरा लूमर का एक पोस्ट दुनिया में चर्चा में है। लॉरा ने भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के संदर्भ में भविष्यवाणी के अंदाज में लिखा- 'इंडिया इज गोइंग टू विन।' यानी भारत आतंकवाद के खिलाफ यह लड़ाई जीतने जा रहा है। भारत के लिए यह संदेश बहुत सकारात्मक समझा जा रहा है। बताया जाता है कि लॉरा के इस पोस्ट को सोशल मीडिया पर डेढ़ लाख से ज्यादा व्यूज और 30 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं। बता दें कि लॉरा सोशल एक्टि विस्ट हैं। खासकर राष्ट्रपति ट्रंप के मागा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) मिशन में लॉरा एक जाना पहचाना नाम हैं। उन्हें अक्सर राष्ट्रपति ट्रंप के साथ देखा जाता रहा है। लूमर एक मशहूर कॉन्सपिरेसी थ्योरिस्ट (साजिशी सिद्धांतकार) हैं। वो खुद को 'प्रो-व्हाइट नेशनलिस्ट' बताती हैं। वो मानती हैं कि अमेरिका में गोरे लोगों को सबसे ज्यादा महत्व मिलना चाहिए। उन्होंने टेस्ला (ञ्जद्गह्यद्यड्ड) और स्पेस एक्स (स्श्चड्डष्द्गङ्ग) के सीईओ (ष्टश्वह्र) एलन मस्क के साथ ॥-1क्चवीजा प्रोग्राम को लेकर भी बहस की थी। वह 'अमेरिका फर्स्ट' पॉलिसी की समर्थक हैं। इसलिए वो ॥-1क्च वीजा प्रोग्राम का विरोध करती हैं। ॥-1क्चवीजा एक ऐसा वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों को नौकरी पर रखने की अनुमति देता है। हालांकि अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के दौरान विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता और पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के खिलाफ उनके बयानों की वजह से ट्रंप के कैंपेन को नुकसान हुआ था। इसके बाद उन्हें थोड़ा साइडलाइन कर दिया गया था। ट्विटर पर उनके 1.6 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। लूम अक्सर ट्विटर पर अपनी खोजी खबरें पोस्ट करती रही हैं। यहा कुतूहल इस बात का है कि क्या लॉरा की पोस्ट में कोई स्पष्ट संदेश छुपा है? क्या यह अमेरिकी नीति नियंताओ की सोच को परिलक्षित करता है या फिर लॉरा मनमौजी तरीके से यह पोस्ट डाल दी है। इसे गहराई से समझें तो पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत पाकिस्तान में आए भारी तनाव और लगभग युद्ध की स्थिति के चलते अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का हल्का सा भारत की ओर झुका रवैया, अमेरिकी प्रशासन द्वारा आतंक के खिलाफ लड़ाई में भारत का कभी खुलकर तो कभी दबी जबान से समर्थन इस बात का संकेत है कि अमेरिका इस मामले में कम से कम पाकिस्तान का तो खुलकर साथ नहीं देगा। पाकिस्तान ने पहलगाम हमला करवाकर अपने पैरों पर खुद कुल्हाड़ी मार ली है, इसका अहसास अमेरिका को भी है। भारत के जवाबी ड्रोन हमलों के बाद पाकिस्तान में अफरा-तफरी के हालात हैं। इस बीच अमेरिका ने अपने नागरिकों को तुरंत पाकिस्तान छोड़ने की सलाह दी है। मतलब साफ है कि अमेरिका को इस बात का अहसास हो गया है कि आज की तारीख में पाकिस्तान कहां खड़ा है और उसकी औकात क्या है? पाकिस्तान का चीन की गोद में जा बैठना भी अमेरिका को फूटी आंखों नहीं सुहा रहा। अफगानिस्तान से बाहर निकलने के बाद अमेरिका को पाकिस्तान की कोई जरूरत नहीं रह गई है, जबकि चीन के खिलाफ वैश्विक मोर्चाबंदी के लिए अमेरिका को भारत की ज्यादा जरूरत है। जाहिर है कि लॉरा ने यह पोस्ट बिना सोचे समझे नहीं की होगी। भारत पाक के बीच जो चल रहा है, हालात उसी ओर संकेत कर रहे हैं, जिसका इशारा लॉरा ने अपने एक्स पोस्ट में किया है। हर भारतीय चाहेगा कि 'इंडिया मस्ट विन।'

# आतंकवाद के कारण सार्क देशों में बढ़ी दूरियां

**सार्क का गठन बहुत ही अच्छे उद्देश्य से किया गया था। इसे दक्षेस के नाम से बहुत प्रसिद्धि मिली और इसके 7 स्थाई सदस्य देशों की मंशा थी कि साऊथ एशिया के हम सभी देश एक साथ प्रगति करेंगे। इसके मुख्यालय और सभी सदस्य देशों में मैत्री, विकास, शांति के लिए इसका निर्माण किया गया था। सदस्य देशों के लिए एक साथ आना कोई चुनौती नहीं थी बल्कि सामाजिक, आर्थिक, राजनितिक व जलवायु संबंधी सुधार के लिए सभी देशों के आम सहमति से व्यापार व साझा विस्तार के लिए एक अवसर यह संगठन प्रदान करने वाला प्लेटफ़ॉर्म बन रहा था लेकिन इसे बहुत लम्बे अरसे से जो साझे विकास करने के लिए प्रयत्न करना था, उसमें अब ग्रहण लग सा गया है। इसके पीछे सबसे ज्यादा किसी समस्या ने विघ्न पैदा किया है, तो वह है आतंकवाद।**

**प्रो. कन्हैया त्रिपाठी**

भारत और पाकिस्तान के आपसी तनाव, आतंकवाद और क्षेत्रीय चालाकियों ने दक्षेश देशों के गठबंधन की कमर तोड़ दी। इसके कई सम्मलेन हुए थे 2014 से पहले। सभी देशों ने मेजबानी भी पूरी गर्मजोशी से की। तनाव व आपसी मतभेद ने सामाजिक, आर्थिक, राजनितिक और कूटनीतिक स्तर पर ज्यादा भेद पैदा कर दिया। भारत के समावेशी संस्कृति को इससे बहुत धक्का लगा क्योंकि पाकिस्तान के मंसूबे कभी सेतु के लिए आगे आये ही नहीं और न ही जाहिर हुए। ऐसे में कश्मीर एक तरह से सार्क देशों को एकजुट होने में बहुत व्यापक स्तर पर असर डाला। पाकिस्तान का यद्यपि कोई अधिकार ही नहीं है जम्मू और कश्मीर पर लेकिन अपने स्तर पर और संयुक्त राष्ट्र में विवाद का हवाला देकर उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो भारत के बारे में दुष्प्रचार किया उसने भारतीय छवि को ख़राब किया और सार्क की गतिशीलता व उसके मजबूती को ज्यादा हानि पहुँचाया।

नेपाल की राजधानी काठमांडू में सार्क प्रोग्रामिंग समिति के 60वें सत्र का आयोजन हुआ। महत्वपूर्ण बात यह है कि दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन-सार्क की प्रोग्रामिंग समिति के इस 60वें सत्र में बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका के विदेश मंत्रालयों के संयुक्त सचिव व महानिदेशक स्तर के सार्क सदस्य जिन मुद्दों पर एकमत हुए हैं, उसमें देश के बॉर्डर को लेकर होने वाली समस्याएं बहुत अहम् हैं, उसे केंद्र में रखकर बातें होनी चाहिए, उस पर भी कोई गंभीर पक्ष सामने नहीं आया। नेपाल के विदेश सचिव और सार्क स्थायी समिति के अध्यक्ष महामहिम अमृत बहादुर राय ने जरूर यह कहा कि सार्क तंत्र को पुनर्जीवित करने और क्षेत्रीय सहयोग को गहरा करने की तत्काल आवश्यकता है। सार्क चार्टर और उसके उद्देश्यों के प्रति नेपाल की दृढ़ प्रतिबद्धता रही है क्षेत्रीय प्रक्रिया में गति बहाल करने के लिए उन्नीसवें सार्क शिखर सम्मेलन और अन्य प्रमुख तंत्रों को आयोजित करने के महत्व को हम भूलते जा रहे हैं, उसे पुनः बहल करना ही होगा। महामहिम मोहम्मद गुलाम सरवर, सार्क




के महासचिव का सार्क शिखर सम्मेलन की ओर ले जाने वाले उच्च-स्तरीय जुड़ाव को बहाल करने के लिए रचनात्मक रूप से जुड़ने का आग्रह हो सकता है आने वाले समय में सार्क शिखर सम्मलेन के लिए राह खोले लेकिन सार्क देशों के नेतृत्व जब तक आपसी रायसुमारी नहीं करते, ऐसे सम्मेलन के लिए एकजुट नहीं होते, तब तक यह आग्रह कोई स्वरूप पाएगा, यह कहना मुश्किल है। सार्क देशों के इस संगठन द्वारा उभरती क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए नए सिरे से प्रयास करने पर जोर देने के लिए समय समय पर जितने भी दक्षेश समर्थकों ने जोर लगाए, उसके भी आजतक परिणाम कहाँ सामने आए। निश्चय ही आतंकवाद व अपनी-अपनी डफली व अपने-अपने राग ने सार्क की यह हालत बना रखी है वरना एक समय था कि वैश्विक स्तर पर जो सांगठनिक चेतना के साथ देशों के समूह आगे बढ़ रहे थे, उसमें सार्क की गणना महत्वपूर्ण उभरते हुए संगठन के रूप में हुआ करती थी।

इस साल 2025 के लिए सार्क सचिवालय में जो यह बैठक हुई उसमें विशेष निकायों, क्षेत्रीय केंद्रों के लिए बजट, नए कार्यक्रमों पर विचार और अनुमोदन, प्रमुख सार्क संस्थाओं जिसमें साऊथ एशियन यूनिवर्सिटी जैसी महत्वपूर्ण संस्था के प्रगति पर बहुत ही अच्छे मन से विचार हुए हैं। निश्चय ही इस विशेष बैठक में साउथ एशियन यूनिवर्सिटी के प्रेसीडेंट प्रो। आर के अग्रवाल भी हिस्सा लिए हैं और दिल्ली में चल रहे इस संस्थान के वैश्विक अकादमिक उपस्थिति को महसूस कराए हैं। सार्क देशों के बीच मतभेद की वजह से विगत वर्षों में इस विश्वविद्यालय को जितनी प्रगति मिलनी चाहिए थी, वह नहीं मिली। अब जब से प्रो। अग्रवाल आए हैं उसकी गतिविधियाँ चर्चा में हैं और विश्वविद्यालय में रौनक आ सकी है।

सार्क खाद्य सुरक्षा, आर्थिक सहयोग, व्यापार, ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य, शिक्षा, गरीबी उन्मूलन और सामाजिक विकास पर काम करता है। यह क्षेत्रों में प्रगति का आकलन करने व भविष्य की सार्क बैठकों के आयोजन और 2025 के लिए सार्क गतिविधियों से संबंधित मामलों पर विशेष चर्चा हुई है, यह तो तात्कालिक रूप से ठीक है लेकिन दृढ व स्थायी सामूहिक कदम की आवश्यकता है इस पर सभी देशों को एकमत होने का संयोग कब बनेगा, यह आज भी कहना आसान नहीं है। वस्तुस्थितियों की यदि विवेचना की जाए तो यही लगता है की सार्क देशों में मानवाधिकारों का हनन व्यापक पैमाने पर हो रहा है। किसी भी देश में शांति, विकास व समृद्धि के मार्ग खोजने वाले सार्क देश अपने नागरिकों के हित को सुरक्षित करने में अक्षम से हो रहे हैं क्योंकि व्यक्तिगत राज्यों की महत्वाकांक्षाएं साथ-साथ चलने व साथ-साथ प्रगति की राह ढूंढने में सबसे बड़ी बाधा हैं। पाकिस्तान, श्रीलंका व बांग्लादेश में इंसान गरीबी व भुखमरी का शिकार इस कदर हुआ है कि असंतोष व प्रतिरोध विगत पांच वर्षों में व्यापक पैमाने पर देखने को मिल रहा है। भारत यदि अपने नागरिकों के लिए सक्षम संसाधन एकत्रित करके विकसित देश बनने की प्रतिस्पर्धा में स्वयं को सम्मिलित कर रहा है तो पडोसी मुल्क इसे आगे बढ़ने नहीं देना चाहते। कश्मीर में की गयी आतंकवादी घटना इसका प्रमाण है।

यह केवल आतंकवादी घटना नहीं है अपितु भारत की नरेंद्र मोदी सरकार को अस्थिर करने की पुरजोर कोशिश है। जिस देश में गरीबी व भुखमरी चरम पर हो, उस देश के विदेश मंत्रालय व सेना प्रमुख युद्ध की धमकियाँ दे रहे हैं। भारत में पर्यटन क्षेत्रों में पहुंचे शैलानियों को धर्म पूछकर उन्हें मौत की नींद सुलाने व वीभत्स तांडव करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे कृत्य सार्क देशों को कभी भी एकजुट होकर काम करने का अवसर नहीं प्रदान कर सकते। ऐसे कृत्य केवल उलझने, तनाव, विद्वेष व संसय पैदाकर शांति को भंग कर सकते हैं।

आतंकवाद, तनाव, व बॉर्डर एरिया के संकट से बढती सार्क देशों की दूरी सार्क के भविष्य के लिए खतरा है। यह खतरा साउथ एशियन यूनिवर्सिटी जैसे प्रकल्प के लिए है जिससे हम अच्छे मानव संसाधन तैयार करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रकट कर चुके हैं। इस संकट को चुनौती के रूप में यदि सार्क सदस्य देश नहीं लेंगे तो सार्क कभी एकजुट हो ही नहीं सकेगा। भारत की अगुआई में सार्क के बहुत से उद्देश्यों की पूर्ति हुई है, इसे पूरा विश्व जानता है लेकिन यदि भारत में ही अस्थिरता पैदा करेंगे पडोसी देश और मित्र-धर्म नहीं निभाएंगे तो निश्चय ही इसमें साउथ एशिया के समस्त देशों की हानि है। आवश्यकता इस बात की है की सार्क देशों के सेतु के लिए पुनः सार्क समिट हो और सभी इसके समृद्धि व विकास के बारे में एकमत होने के लिए बात करें। संवाद से ही कोई राह शायद निकल आए। भारत द्वारा पहलगाम के बाद आतंक के खिलाफ की गई कार्रवाई स्थाई शांति के लिए है लेकिन यदि पाकिस्तान इस बात को समझकर आतंक के खिलाफ कार्य करे तो सार्क बचेगा। लेकिन जिस प्रकार से पाकिस्तान का रुख है उससे यह लगता नहीं कि वह सार्क को आगे फलने-फूलने देगा और उसको जीवन दे सकेगा।

अध्यात्म

## दूसरों की बुराइयां नहीं अच्छाइयां देखनी चाहिए

दूसरों की बुराई करने की आदत की वजह से एक व्यक्ति हमेशा अशांत रहता था, एक दिन वह भगवान को कोस रहा था तभी भगवान उसके सामने प्रकट हुए दूसरों की बुराई करना भी एक पाप माना गया है। कुछ लोग अपनी चीजों को महत्व नहीं देते और दूसरों के सुख से ईर्ष्या करते हैं। जो लोग ये काम करते हैं, वे अशांत रहते हैं। इस बुराई से बचने पर व्यक्ति कई परेशानियों से बच सकता है। इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार पुराने समय में एक व्यक्ति हमेशा अपने पड़ोसियों के सुख को देखकर जलता था। वह सभी की बुराई करते रहता था। दूसरों की बुराई करने की आदत की वजह से वह हमेशा अशांत रहता था। एक दिन वह भगवान को कोस रहा था कि उसे सुख-सुविधाएं क्यों नहीं दीं। तभी भगवान उसके सामने प्रकट हुए। भगवान ने उससे कहा कि तुम क्या चाहते हो? उस व्यक्ति ने कहा कि भगवान मैं सफल होना चाहता हूं, मुझे भी सुख-सुविधाएं चाहिए, मैं चाहता हूं कि सभी लोग मेरी प्रशंसा करे। भगवान ने उस व्यक्ति को दो थैले दिए और कहा कि एक थैले में तुम्हारे पड़ोसी की बुराइयां है और दूसरे थैले में तुम्हारी बुराइयां हैं। पड़ोसी की बुराइयां वाले थैले को तुम अपनी पीठ पर टांग लेना और अपनी बुराइयां वाला थैला तुम्हें आगे टांगना है। अपनी बुराइयों को बार-बार खोलकर देखते रहना। ऐसा करोगे तो तुम सुखी हो जाओगे और तुम्हें सम्मान मिलेगा। उस व्यक्ति ने दोनों थैले उठाए, लेकिन उसने एक भूल कर दी। उसने अपनी बुराइयों का थैला पीठ पर लाद लिया और पड़ोसी की बुराइयों का थैला आगे लटका लिया। अब व्यक्ति बुराइयों के दोनों थैले लेकर बाहर निकला और पड़ोसी की बुराइयां खुद भी देखता और दूसरों को भी दिखता। खुद की बुराइयां तो उसने पीछे टांग रखी थी। भगवान के वरदान का उल्टा असर होने लगा, क्योंकि भगवान ने जैसा उसे बताया था, उसका उल्टा उस व्यक्ति ने कर दिया था। उसे दुख और अशांति मिलने लगी। वह व्यक्ति और ज्यादा परेशान रहने लगा। लोग अपनी बुराइयां तो पीठ पर टांगकर रखते हैं और दूसरों की बुराइयां आगे लटका लेते हैं। खुद की बुराइयां पीठ पर टंगी होती हैं, इस वजह से दिखाई नहीं देती, दूसरों की बुराइयां आगे रहती हैं तो खुद भी देखते हैं और दूसरों को भी दिखाते हैं। इसी वजह से जीवन अशांत रहता है। हमें खुद की बुराइयां देखनी चाहिए, उन्हें सुधारना चाहिए। दूसरों की बुराइयां नहीं अच्छाइयां देखनी चाहिए।

# 'सिंदूर' शक्ति का प्रतीक, जहां शक्ति है राघव, वहीं विजय

**इजराइल, रूस, जापान से लेकर अनेक देश खुलकर भारत के समर्थन में खड़े हैं, तो अनेक ऐसे भी हैं जो कुछ तटस्थ हैं, कुछ वे भी हैं, जो खुलकर कुछ भी बोलना नहीं चाहते। जीत यहां भारत रूपी 'राम' की होनी है, क्योंकि (शक्ति) को जो सबसे प्रिय है, वह सिंदूर आज भारत के पास है, सदियों से यही सिंदूर अपने पौरुष की रक्षा करता आया है। शक्ति के लिए आज यही सिंदूर 'राजीव लोचन' (भगवान श्रीराम की आंख) हो गया है। इस सिंदूर में त्याग है, समर्पण है, सौन्दर्य है और इससे भी बढ़कर वह उदीप्तमान आभा है जिसके प्रकाश से आच्छादित एक सुहागिन 'मां शक्ति' की आराधना अपने जीवन मे नित्यप्रति कर रही है। इसी 'शक्ति' को दुष्ट पाकिस्तान रूपी रावण ने आज ललकारा है। अब 'शक्ति 'कैसे छोड़ दे उसे अब पाकिस्तान का सर्वनाश तो होना ही है।**

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत का 'ऑपरेशन सिंदूर' पाकिस्तान पर पूरा हो चुका है। परिणाम दुनिया के सामने हैं। इसी के साथ कवि निराला की लिखी कविता 'राम की शक्ति पूजा' के एक-एक शब्द कानों में गूंज रहे हैं। वस्तुतः 312 पंक्तियों की ये कविता अपने युगीन-चेतना व आत्मसंघर्ष का मनोवैज्ञानिक धरातल पर बड़ा ही प्रभावशाली चित्र प्रस्तुत करती है, लेकिन यह साथ में बता देती है कि जहां शक्ति है, वहीं विजय सदियों से रहती आई है। श्रीराम को भी विजय के लिए शक्ति की आराधना करनी पड़ी। वे रावण जैसे लम्पट, अधर्मी और अनंत शक्ति सम्पन्न राक्षसराज पर विजय पाने में तब तक समर्थ नहीं होते जब तक कि श्रीराम 'शक्ति' की आराधना नहीं करते हैं।

'राम की शक्ति पूजा' की अंतिम पंक्तियों पर गहराई से विचार करिए;

'साधु, साधु, साधक धीर, धर्म-धन धन्य राम !'
कह, लिया भगवती ने राघव का हस्त थाम।
देखा राम ने, सामने श्री दुर्गा, भास्वर
वामपद असुर स्कन्ध पर, रहा दक्षिण हरि पर।
ज्योतिर्मय रूप, हस्त दश विविध अस्त्र सज्जित,
मन्द स्मित मुख, लख हुई विश्व की श्री लज्जित।
हैं दक्षिण में लक्ष्मी, सरस्वती वाम भाग,
दक्षिण गणेश, कार्तिक बायें रणरंग राग,
मस्तक पर शंकर! पदपद्मों पर श्रद्धाभर
श्री राघव हुए प्रणत मन्द स्वरवन्दन कर।

कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' इस कविता में कहते हैं, जैसे ही श्रीराम अपने कमल के समान (राजीव नयन) नेत्रों में दायीं आंख निकाल कर 'भगवती शक्ति' को समर्पित करने के लिए आगे हाथ बढ़ाते हैं, तभी विद्युत् वेग से तत्क्षण देवी का वहां पर अभ्युदय हुआ। उन्होंने तुरंत राम का हस्त थाम लिया। सामने माँ दुर्गा अपने पूरे स्वरूप एवं श्रृंगार में भास्वर थी। उन्होंने राम को आशीर्वाद दिया-

'होगी जय, होगी जय, हे पुरूषोत्तम नवीन।'
कह महाशक्ति राम के वदन में हुई लीन।

यहाँ पर 'निराला' की शब्द रचना और उसके मनोविज्ञान के व्यापक अर्थ हैं, पर सरल व्यंजना जो आज समझ आती है वह यही है कि देवी 'शक्ति स्वरूपा' ने रावण को भी उसकी तपस्या के फलस्वरूप एक स्थान दिया था, पर यहाँ तो वह स्वयं ही 'राम' के हृदयांक में समाहित हो जाती हैं। इसके साथ ही जिन देवताओं का वर्णन कवि 'निराला' इस कविता में कर रहे हैं, उनमें लक्ष्मी, सरस्वती, गणेश, कार्तिक और स्वयं महाकाल जो कालों के भी काल हैं वे भगवान शंकर का स्मरण है। कविता की अंतिम पंक्तियों में वे कहते हैं कि 'शक्ति' जब प्रसन्न होती है और किसी के पास आती है, तो वह अकेली नहीं आती, उनके साथ यह देवतागण भी साथ रहते हैं। फिर हिन्दू धर्म में हर देवता की अपनी विशेषता है। यथा; 'लक्ष्मी'- धन की देवी, 'सरस्वती'- ज्ञान की देवी, 'गणेश'- बुद्धि के दाता, 'कार्तिकेय'- निर्भीकता, प्रखरता, त्याग के देव और स्वयं भगवान 'शिव'- जो संपूर्ण ब्रह्माण के सामर्थ्य को अपने में धारण करने वाले देव हैं। वे आदि हैं, अनादि हैं, अनन्त हैं, प्रलय भी हैं और सृष्टि भी हैं। तात्पर्य शर्व शक्तिमान वे हैं। यानी यहां 'शक्ति' होगी, वहां यह सभी देवगण भी होंगी ही।

निराला अपनी इस कविता में एक पंक्ति ओर लिखते हैं-

'आया न समझ में यह दैवी विधान।
रावण, अधर्मरत भी, अपना, मैं हुआ अपर,
यह रहा, शक्ति का खेल समर, शंकर, शंकर!
करता मैं योजित बार-बार शर-निकर निशित,
हो सकती जिनसे यह संसृति सम्पूर्ण विजित,
जो तेजः पुंज, सृष्टि की रक्षा का विचार,
हैं जिसमें निहित पतन घातक संस्कृति अपार।'

यानी राम यहां रावण और स्वयं में तुलना कर रहे हैं, दोनों के कार्यों के अंतर को समझा रहे हैं, वे यहां प्रश्न भी यह कह कर खड़ा करते हैं कि 'अन्याय जिधर, हैं उधर शक्ति।' यह बात उन्हें समझ नहीं आ रही है कि जहां अन्याय और अत्याचार है वहां 'शक्ति' कैसे साथ में खड़ी हो सकती है! लेकिन यही तो सदियों से चला आ रहा सुर-असुरों का युद्ध है। 'शक्ति' दोनों ओर खड़ी है निरपेक्ष भाव से जो जितनी अधिक आराधना 'शक्ति' की करेगा, यह 'शक्ति' सदियों से उसी के पास रहती आई है, क्योंकि 'शक्ति' कभी अच्छा और बुरे में भेद नहीं करती। 'शक्ति' के लिए सभी समान हैं, इसलिए जो 'शक्ति' पहले रावण के साथ रहती है, प्रयत्न पूर्वक जब श्रीराम उसकी आराधना और अधिक उच्च स्तर पर करते हैं, यहां तक कि अपने 'राजीव नयनों' को भी उन्हें अर्पित कर देने के लिए उठ खड़े होते हैं, तब फिर यह 'शक्ति' रावण का साथ छोड़ राम के साथ खड़ी हुई दिखाई देती है और तब यही निष्कर्ष निकलता है;

'होगी जय, होगी जय, हे पुरूषोत्तम नवीन।'

'राम की शक्तिपूजा' में राम सत् के प्रतीक हैं तो रावण असत् का सूचक। राम और रावण का युद्ध असत् के विरुद्ध सत् का संघर्ष है। रावण ने सीता (अच्छायियों) का हरण किया है। राम उसकी मुक्ति के लिए लड़ रहे हैं, वास्तव में सीता की मुक्ति का प्रयास सत् की पुर्नस्थापना का कार्य है। राम के साथ जाम्बवान, सुग्रीव, हनुमान, अंगद आदि हैं। ये सभी सत् की शक्तियों के द्योतक हैं। असत् पक्ष का परित्याग कर राम के सत् पक्ष का साथ निभाने आया, विभीषण इस संघर्ष को बल प्रदान करने आया है।कभी-कभी ऐसा होता है कि सत् पक्ष का सहयोग असत् पक्ष को मिल जाता है। महाशक्ति का आरम्भ में रावण के पक्ष में खड़ा होना इसका उदाहरण है। राम इससे ही सर्वाधिक आहत भी हैं। किन्तु ऐसा सदा नहीं रहता है। आज के समाज में कुछ दुष्ट व्यक्तियों को भले ही 'सज्जन शक्ति' का सहयोग मिल जाता हो, परन्तु वह अंत समय तक नहीं रहता है। सत् और असत् के इस संघर्ष में अन्त में विजय सत् पक्ष की ही होती है।

यही कारण है कि इजराइल, रूस, जापान से लेकर अनेक देश खुलकर भारत के समर्थन में खड़े हैं, तो अनेक ऐसे भी हैं जो कुछ तटस्थ हैं, कुछ वे भी हैं, जो खुलकर कुछ भी बोलना नहीं चाहते। जीत यहां भारत रूपी 'राम' की होनी है, क्योंकि (शक्ति) को जो सबसे प्रिय है, वह सिंदूर आज भारत के पास है, सदियों से यही सिंदूर अपने पौरुष की रक्षा करता आया है। शक्ति के लिए आज यही सिंदूर 'राजीव लोचन' (भगवान श्रीराम की आंख) हो गया है। इस सिंदूर में त्याग है, समर्पण है, सौन्दर्य है और इससे भी बढ़कर वह उदीप्तमान आभा है जिसके प्रकाश से आच्छादित एक सुहागिन 'मां शक्ति' की आराधना अपने जीवन मे नित्यप्रति कर रही है। इसी 'शक्ति' को दुष्ट पाकिस्तान रूपी रावण ने आज ललकारा है। अब 'शक्ति 'कैसे छोड़ दे उसे अब पाकिस्तान का सर्वनाश तो होना ही है।

साथ ही रावण का जैसा स्वभाव है, जिसे वो अपना कहता है, उसे ही सबसे पहले मारता और मरवाता है, फिर भी जो जाने-अनजाने रावण (पाकिस्तान) को अपना मान रहे हैं, उन्हें यह तथ्य जरूर समझ लेना चाहिए कि वो 'मुहाजिर' के नाम पर लोगों को मार रहा है। 'दुनिया में जितने मुसलमान पाकिस्तान ने मारे, उतने किसी ने नहीं, पाकिस्तानी फौज ने एक रात में फिलीस्तीन जाकर 10 हजार मुसलमानों को मार दिया था। 02 लाख बलूचिस्तान में ये मुसलमान मार चुके। बांग्लादेश में 30 लाख मुस्लिम लोगों को मार चुके और अफगानिस्तान में 04 लाख मुसलमानों को पाकिस्तान अब तक मार चुका है।' (,बलूचिस्तान की निर्वासित प्रधानमंत्री नायल कादरी)।

यदि फिर भी किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा तो कुछ किया नहीं जा सकता है! उनकी नियती भी उधर से न सही इधर से सही 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे प्रयोगों के तहत प्रतिबंधित जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिज्बुल मुजाहिदीन एवं अन्य भारत विरोधियों के आतंकी ठिकानों से जुड़कर अपनी मौत को आमंत्रण देना, बना रहेगा। उन्हें इसी तरह भारत द्वारा उड़ाया जाता रहेगा। यहां सनातन हिन्दू स्त्री के सुहाग का प्रतीक 'सिंदूर' बार-बार धूल के रूप में आसुरी प्रवृत्तियों के शरीर पर चारों ओर ऐसे ही जैसा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद का दृश्य दिखाई दे रहा था, ठीक वैसे ही हवा में सर्वत्र उड़ता रहेगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
संवादशैली से लोग प्रभावित रहेंगे। करियर में बदलाव करने की योजना बना सकते हैं। दाम्पत्य सम्बन्धों में भावनात्मक लगाव और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**वृषभ**
जीवनसाथी के साथ आप एकान्त में समय बिताना पसन्द करेंगे। बाहर का भोजन करने से पाचन खराब हो सकता है। आज उधार लेने से आपको बचना चाहिये।

**मिथुन**
पुराने निवेश से धन लाभ होगा। युवा जातक प्रेम सम्बन्धों को लेकर परिवार में चर्चा कर सकते हैं। ऑफिस का काम पूरी मेहनत से करेंगे।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में आपका मन नहीं लगेगा। तात्कालिक निर्णय लेने में जल्दबाजी करना उचित नहीं है। बिना माँगे किसी को राय देने से अपमान हो सकता है।

**सिंह**
शेयर मार्केट से धन लाभ होगा। प्रेम सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। लोग आपसे परामर्श लेना पसन्द करेंगे। कारोबार को लेकर यात्रा हो सकती है।

**कन्या**
रिश्तों में मधुरता का आनन्द लेंगे। कारोबार में कठिनाई हो सकती है। आपके कार्य धीमी गति से पूर्ण होंगे। पड़ोसियों के साथ विवाद उभरने की आशंका है।

**तुला**
दाम्पत्य सम्बन्धों में थोड़ी उठा-पठक हो सकती है। धर्म-कर्म में रुचि कम होने की सम्भावना है। शोधकार्यों में बड़ी सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक**
अत्यधिक कार्यभार के कारण थकान महसूस होगी। स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में खराबी हो सकती है।

**धनु**
अपने खानपान की आदतों पर ध्यान दें। साझेदारी में नया कारोबार शुरू कर सकते हैं। आपके सभी काम बेहतरीन तरीके से पूरे होंगे। जीवनसाथी के साथ रोमान्टिक समय का आनन्द उठायेंगे।

**मकर**
आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। जॉब में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। पुराना उधार चुकाने में सफलता मिलेगी। कानूनी मामलों के लिये आज का दिन शुभ है। कोई कठिन कार्य आज पूरा हो सकता है।

**कुंभ**
नव विवाहित लोग हनीमून के लिये जा सकते हैं। अपने प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिये दिन शुभ है। अपनी कार्यक्षमता पर विश्वास करें।

**मीन**
युवा अपनी पढ़ाई को लेकर गम्भीर रहेंगे। नजदीकी लोगों की सलाह की उपेक्षा करना नुकसानदेह हो सकता है। दाम्पत्य सम्बन्धों में कड़वाहट हो सकती है।

# लंबित आवासों को पूर्ण करने का निर्देश

## जिला प्रभारी मंत्री ने की कार्यान्वयन समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनकर कला भवन में जिला प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रभारी मंत्री, सांसद बेगूसराय एवं उपस्थित सभी को शॉल एवं जिला का स्मृति चिन्ह देकर से स्वागत किया गया। सर्वप्रथम बैठक में बरौनी प्रखंड अंतर्गत अमरपुर पंचायत के शहीद सुजीत कुमार की पत्नी को प्रभारी मंत्री द्वारा 21 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया गया। इस दौरान पूरा माहौल गमगीन हो गया एवं भारत माता की जय, शहीद सुजीत अमन रहे के नारों से दिनकर भवन गुंज उठा। इसके बाद बैठक में सर्वप्रथम प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के पिछली बैठक में 2016-17 से 2021-22 तक लंबित आवासों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया था, जिसके आलोक में निदेशक जिला ग्रामीण




विकास अभिकरण द्वारा बताया गया कि 20016-17 से 2021-22 तक कुल 124588 आवासों की स्वीकृति दी जा चुकी है। जिसमें से 123016 आवास पूर्ण कर लिया गया है। शेष लंबित आवास को प्रभारी मंत्री द्वारा अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर सांसद गिरीराज सिंह ने 1990 से 2005 तकस, 2005 से 2014 तक तथा 2014 से 2025 तक कितने आवास की स्वीकृति हुई है। प्रतिवेदन अगली बैठक में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। नल-जल योजना में बीस सूत्री सदस्य द्वारा बताया गया कि बखरी प्रखंड के मोहनपुर पंचायत के अकहा ग्राम में ऑपरेटर द्वारा पानी संचालन बंद कर दिया गया है। पूछने पर बिजली बिल भुगतान नहीं होने की बात कहीं जा रही है जिस पर प्रभारी मंत्री द्वारा पीएचईडी के पदाधिकारी एवं बिजली विभाग के पदाधिकारियां को इसपर अविलंब कार्रवाई करने की बात कहीं गई। वहीं कई सदस्यों ने फिल्टर साफ नहीं होने तथा साफ पानी नहीं आने की बात कहीं। जिसपर प्रभारी मंत्री द्वारा इसकी जाँच कराने की बात जिला पदाधिकारी से कहीं गई। इसी प्रकार शिक्षा विभाग पर चर्चा करते हुए विधायक मटिहानी ने कहा कि सरकार द्वारा विद्यालयां में बैच डेस्क उपलब्ध कराया गया है। इसकी गुणवत्ता की जाँच कराई जाय। विधान पार्षद सर्वेश कुमार ने शिक्षा विभाग द्वारा बनाये गये पोर्टल पर सभी विद्यालयों में आधारभूत संरचना के लिए जिस-जिस चीज की आवश्यकता हो। उसे पोर्टल पर अंकित कराने का निर्देश दिया, इसके लिए उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को सभी एचएम से बात करने की बात कहीं।साथ ही विधान पार्षद ने कहा कि लगातार उनके पास अवकाश प्राप्त शिक्षकों द्वारा एरियर एवं पेंशन को लेकर शिकायतें की जाती है। उन्होंने इससे संबंधित अगली बैठक में एक रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। मनरेगा की चर्चा करते हुए बखरी विधायक ने बागवन पंचायत में कराये गये वृक्षारोपण की जाँच कराने की मांग की। सांसद द्वारा भी पिछले दस वर्षो में कितना पौधा उपलबध कराया गया है। उन्होंने कहा कि बुडको द्वारा कहीं भी कभी भी सड़क को क्षतिग्रस्त कर कार्य प्रारंभ कर दिया जाता है, जिससे जिलेवासियों को काफी परेशानी होती है। वर्तमान समय में नगर निगम क्षेत्र में कहीं भी नल-जल योजना चालू नहीं है। बैठक में माननीय केन्द्रीय कपड़ा मंत्री भारत सरकार गिरीराज सिंह, खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता, जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, पुलिस अधीक्षक मनीष, विधायक बेगूसराय कुंदन कुमार, विधायक मटिहानी राजकुमार सिंह, विधायक बखरी सूर्यकांत पासवान, विधान पार्षद सर्वेश कुमार, महापौर नगर निगम पिंकी देवी, जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बीस सूत्री रूदल राय, उपाध्यक्ष बीस सूत्री राजीव कुमार सहित सभी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एक नजर

### एनसीसी कैडेट्स ने कराया मॉक ड्रिल का अभ्यास

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वर्तमान में युद्ध की स्थिति को देखते हुए समस्तीपुर कॉलेज समस्तीपुर में एनसीसी कैडेट्स के द्वारा लोगों को मॉक ड्रिल का अभ्यास करवाया गया। ताकि सभी नागरिक युद्ध के स्थिति में अपनी बचाव कर सकें। इस मॉक ड्रिल अभ्यास में सायरन सुनकर कैसे सतर्क होना है, ब्लैकआउट में क्या क्या करना है एवम् किसी प्रकार की दुर्घटना में किस तरह से एक दूसरे को मदद करना है आदि की जानकारी दी गई। इस मॉक ड्रिल का नेतृत्व 12 बिहार बटालियन के कमाडिंग ऑफिसर कर्नल रविन्द्र रावत एवं एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टीनेंट डॉ राहुल मनहर ने तथा संचालन डॉ कविता रावत ने किया। अंत में प्रधानाचार्य डॉ मीना प्रसाद ने इस मॉक ड्रिल अभ्यास के लिए कर्नल रविन्द्र रावत एवम् 12 बिहार बटालियन के सदस्यों का आभार प्रकट किया। इस मॉक ड्रिल में सूबेदार वेद प्रकाश, हवालदार रोहित, हवालदार भीम, हवालदार सन्देश, कैडेट राज कुमार, अंकित, मेंटोस, आलोक, छोटी, नीरज, सहित सैकड़ों कैडेट्स ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

### अज्ञात का शव बरामद

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के भैंसवां पंचायत के पकरी सामुदायिक भवन में शनिवार को एक व्यक्ति का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची है शव को कब्जे मे लेकर शव कि शिनाख्त करने मे जुटी है। ग्रामीणों ने बताया कि गला दबाकर इसकी हत्या कर यहां फेंक दिया है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि शव की पहचान की जा रही है आसपास के लोग पंचायत के मुखिया अन्य लोगों की जानकारी दी गई है।

### लू और चमकी बुखार से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सभी सरकारी स्कूलों में सुरक्षित शनिवार के दिन जागरूकता अभियान चलाया गया। जहाँ छात्र-छात्राओं के बीच चमकी बुखार और लू से बचाव की जानकारियां दी गई। जहां छात्र-छात्राओं के बिच घर से स्कूल आते वक्त कैसे लू से बचाव करें, इसके बारे में जानकारी दी।संबंध में स्कूल के मसौढ़ी मलिकाना स्थित उर्दू मध्य विद्यालय में शिक्षक नेयाज अहमद, रहमतगंज के मो।शदाब जेया, मीरचक प्राथमिक विद्यालय में दीपक शर्मा, भदौरा मध्य विद्यालय में मंजर शादाब,शिक्षक ब्रजकिशोर प्रसाद, ने बताया कि गर्मी के दिनों में सबसे ज्यादा बच्चे प्रभावित होते हैं।लू लगने से कई तरह की बीमारियां हो जाती है। उल्टी, दस्त, सर दर्द, बुखार, पेट मरोड़ जैसी चीजों से बचाव के लिए बच्चों को जानकारियां दी जा रही है। छात्राओ में आयशा हसनैन, आयशा परवीन, आदि छात्राओं ने कहा कि लू से बचने को लेकर हमारे स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खान-पान में बदलाव के बारे में बताया गया है कि घर से जब भी बाहर निकले तो सर को ढक कर रखना है। खूब पानी पीना है इसके अलावा चटपटी चीजों को खाने से बचना है।

### प्रखंड कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिक्रम में प्रखंड कार्यक्रम कार्यान्यवन समिति की पहली बैठक अयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अभिषेक रंजन मोंटी एवं संचालन बीडीओ पंकज कुमार ने की।बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित हुए।विभागीय समस्याओं को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। मौके पर उपाध्यक्ष सुरेश वर्मा, अंचलाधिकारी स्वयं प्रभा आदि थे।

## एससी-एसटी उत्थान हेतु विशेष शिविर आयोजित

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पांच पंचायतों में भीम समग्र सेवा अभियान के तहत अनुसूचित जाति व जनजाति के समग्र विकास एवं उत्थान हेतु विशेष शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। इसमें महेशवाड़ा, पहसारा पश्चिम, पहसारा पूर्वी, समसा तथा नावकोठी पंचायत हैं। यों शिविर के पूर्व ही विभिन्न 22 विभागों में समस्याओं व समाधान के लिए प्रशासनिक कसरत आरंभ थी। फिर भी सरकारी दिशा निर्देश के आलोक में अनुसूचित जाति मुहल्ले में शिविर आयोजित की गयी। सीओ सूरज कुमार ने बताया कि कैंप की तारीख के दौरान प्राप्त आवेदनों की संख्या 238 तथा निष्पादन 164 बतायी गयी। कैंप की तिथि में प्राप्त आवेदनों की संख्या 8 तथा निष्पादित 43 है। कुल निष्पादित आवेदनों की संख्या 164 बतायी गयी। कुल लंबित आवेदनों की संख्या 74 है। शिविर का औचित्य हर अनुसूचित जाति जनजाति परिवारों को विशेष रूप से मिलने वाले लाभ को घर घर पहुंचाना है।

## लोक अदालत में कई मामलों का निष्पादन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर/दलसिंहसराय।** लोक अदालत में वादों का निबटारा करने से समय व पैसे की बचत होती है। उक्त बातें शनिवार को राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार स्थानीय व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष शशिकांत राय ने कही। वहीं एसडीओ प्रियंका कुमारी ने कहा कि लोक अदालत में न किसी की जीत होती है और न ही किसी की हार। आगे कहा कि छोटे छोटे मामले को समझौता के आधार पर लोक अदालत में वादों का निबटारा करा लेना चाहिए। समारोह को विवेकचंद्र वर्मा, अवर न्यायाधीश प्रथम, मुंसिफ स्पर्श अग्रवाल, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी निभा आनन्द, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रभात




कुमार चैधरी, महासचिव राजीव रंजन सिंहा आदि ने लोक अदालत की महत्ता को बताया। लोक अदालत के सफल संचालन के लिए तीन पीठ का गठन किया गया था। लोक अदालत असिस्टेंट गंगेश झा ने बताया कि लोक अदालत में सभी बैंकों के कुल 109 वादों का निस्तारण किया गया जिसमें बयालीस लाख पैंतीस हजार सात सौ पचास रुपये का सेटलमेंट हुआ। जबकि बिजली के 05 मामले का निस्तारण हुआ। सुलहनीय अपराधिक फौजदारी के 89 वादों का निस्तारण हुआ। बीएसएनएल के कुल 02 मामले का निस्तारण हुआ जिसमें 1500 रुपये संबंधित विभाग को प्राप्त हुए। कुल 205 मामलों का निस्तारण हुआ जिसमें बयालीस लाख सैंतीस हजार दो सौ पचास रुपये का सेटलमेंट हुआ। राष्ट्रीय लोक लोक अदालत में अधिवक्ता शिव शंकर प्रसाद वर्मा, संतोष कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, राहुल कुमार झा, अभिनव कुमार, कर्मचारीगण श्रीराम सिंह, रामविनोद महतो, मक्केश्वर प्रसाद, रामानंद चैधरी, विशालदीप प्रकाश, प्रकाश रंजन, संगीता झा, मुन्ना, चाँद, हरीश कुमार, पीएलभी संजीत कुमार, सुभाष चंद्र पासवान, धर्मेंद्र कुमार, रामबाबू पासवान, प्रियंका कुमारी इत्यादि ने भरपूर सहयोग किया।

### बखरी लोक अदालत मे 71 मामले निष्पादित

**बखरी।** बखरी व्यवहार न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान दिन भर न्यायालय परिसर में चहलकदमी देखा गया। लोक अदालत में पीठासीन पदाधिकारी के रूप में एसीजेएम मनोज कुमार सिंह एवं पीठ के सदस्य अधिवक्ता शंकर पंडित के समक्ष पेशकार गौतम भारद्वाज ने अभिलेख प्रस्तुत किया। समझौता के आलोक में एसीजेएम न्यायालय के कुल 15 एवं फर्स्ट क्लास मजिस्ट्रेट कोर्ट के 9 आपराधिक वादो का लोक अदालत में वर्षो से चल रहे मामलों का निष्पादन किया गया। मामलों के निष्पादन के बाद दोनों पक्षों के पक्षकार खुशी-खुशी अपने घर को वापस गए। एसीजेएम श्री सिंह ने कहा कि वाद में आपसी समझौता हो जाने से किसी पक्ष का हार जीत नहीं होता है और ना ही उभय पक्षों में किसी प्रकार का विद्वेष रहता है। कई मामलों में सूचक के मृत्यु उपरांत उनके पुत्र तो कुछ में पत्नी ने मुदालय के साथ समझौता कर मुकदमा समाप्त करवाया। वहीं अनुमंडल दण्डाधिकारी कोर्ट में 47 वाद निष्पादित किए गए। मौके पर अनुमंडल अभियोजन अधिकारी शर्मा प्रवीण कुमार रामरतन, अधिवक्ता के महासचिव राजकुमार, गौरव कुमार, संजीव कुमार, पेशकार वीरेश कुमार सिन्हा, सिस्टम सहायक संदीप कुमार, लिपिक दिलीप राम, अभिषेक कुमार के अलावे संबंधित पक्षकार मौजूद थे।

## ओडिशा ने चंडीगढ एवं मेघालय ने वेस्ट बंगाल को हराया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स नेशनल फुटबल के ग्रुप ठ पुरुष पुरुष वर्ग का मैच शनिवार को आइओसीएल रिफायनरी मैदान में ओडिशा और चंडीगढ़ की पुरुष टीम के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। जहां ओडिशा ने चंडीगढ को रोमांचक मुकाबले में 1-0 से हराया।ओडिशा की पुरुष टीम ने पहले हॉफ में एक गोल किया। ओडिशा की ओर से वेंकटेश्वर ओरम ने 35वे मिनट पर पहला और एक मात्र गोल किया। जबकि दूसरे हॉफ में ओडिशा की टीम कोई गोल नहीं कर पाई। चंडीगढ़ की तरफ से पहले हॉफ में और दूसरे हॉफ में गोल का खाता नहीं खुला। मैच काफी अच्छा और अनुशासित हुआ। यमुना भगत स्टेडियम तेघड़ा में ग्रुप ठ पुरूष वर्ग में वेस्ट बंगाल और मेघालय के बीच मैच खेला



गया। मेघालय ने वेस्ट बंगाल को 3-1 से हराया। दोनों ही टीम के बीच काफी कड़ा और रोमांच पूर्ण मुकाबला रहा। पहले हफ में दोनों ही टीम गोल का खाता नहीं खोल पाई। वेस्ट बंगाल की ओर से उनके खिलाड़ी इरफान सरदार ने मैच के दूसरे हफ में 61 वे मिनट पर एक मात्र गोल दागा। मैच के 48 में, 66 वे और 90 वे मिनट पर रेफरी द्वारा वेस्ट बंगाल के खिलाड़ी को येलो कार्ड दिखाया गया। वही 81 वे और 90 वे मिनट पर रेफरी द्वारा वेस्ट बंगाल के खिलाड़ी को रेड कार्ड भी दिखाया गया। वही मेघालय की टीम पहले हॉफ में कोई गोल नहीं कर पाई। दूसरे हॉफ में मेघालय के खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाते हुए 3 गोल दागे। मेबानलामल ने मेघालय की ओर से 78 वे और 87 वे मिनट पर 2 शानदार गोल किया। मैच के आखिरी मिनट में ईशांबोक ने एक गोल कर अपने टीम को 3-1 से जीत दिला दी। 66वे और 90 वे मिनट पर रेफरी द्वारा मेघालय के खिलाड़ी को येलो कार्ड दिखाया गया। मैच के हॉफ टाइम ब्रेक के बाद आईओसीएल मैदान में शिक्षक गौरव कुमार पाठक ने भारत माता की जय घोष कर अपनी देश भक्ति कविता से स्टेडियम में देश प्रेम और राष्ट्रवाद का संचार किया। इंडियन रेड क्रास सोसाइटी बेगूसराय की टीम भी मैच देखने के साथ-साथ लोगों को जागरूक करती नजर आई। टीचर ट्रेनिंग कॉलेज बिशनपुर के उप प्राचार्य डा. गौतम कुमार भी मैच देखने आए थे। खेल अधिकारी ऐश्वर्य कश्यप, कला संस्कृति पदाधिकारी श्याम सहनी, जिला खेल संयोजक विश्वजीत कुमार और अन्य पदाधिकारियो एवं अतिथियों ने आइओसीएल ग्राउंड में खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका हौसला बढ़ाया।

## चोरी के आभूषण के साथ सात गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर पुलिस की विशेष टीम को बड़ी सफलता मिली जिसमें, माड़वारी बाजार स्थित व्यवसायी के घर में हुए चोरी का सफल उद्भेदन करते हुए चोरी किये गये आभूषण के साथ घटना में संलिप्त 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। एएसपी संजय पाण्डेय ने बताया कि 26 अप्रैल को नगर थानान्तर्गत के खान मार्केट स्थित व्यवसायी रवि कुमार गुप्ता के मकान में अज्ञात चोरों ने घर का दरवाजा एवं खिड़की का ताला तोडते हुए घर में घुसकर लोहा एवं लकड़ी के अलमारी से सोना चॉदी के आभूषण एवं नगद रूपये चुरा लिये थे। जिस संबंध में पीड़ित रवि कुमार गुप्ता, पिता इन्द्रदेव गुप्ता, सा0-माड़वारी बजार खान मार्केट थाना-नगर, जिला-समस्तीपुर के आवदेन के आधार पर नगर थाना में सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत अज्ञात अपराधकर्मी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया। घटना को समस्तीपुर पुलिस ने चुनौती के रूप में लिया और घटना के उद्भेदन, सामानों की बरामदगी एवं संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक, समस्तीपुर के निर्देशन एवं अनुमडंल पुलिस पदाधिकारी, सदर-1 समस्तीपुर के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित विशेष टीम ने घटना में संलिप्त अपराधकर्मियों की पहचान कर गिरफ्तारी एवं चोरी किये गये सामानों की बरामदगी हेतु छापामारी कर रही थी। इसी क्रम में घटना में संलिप्त अभियुक्त मजहर ईमाम उर्फ तौशीफ उम्र-19 वर्ष, पिता अली ईमाम सा0-नीम गली नगरदही घाट वार्ड सं0-19 थाना-नगर जिला-समस्तीपुर को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पुछताछ किया तो उसने खान मार्केट स्थित रवि कुमार गुप्ता के मकान में अपने सहयोगी अपराधकर्मियों के साथ चोरी करने की बात स्वीकार किया गया है। तौशीफ के स्वीकारोक्ति बयान एवं निशानदेही पर चोरी किये गये विभिन्न प्रकार के आभूषणों एवं नगद 05 लाख रूपया बरामद कर लिया गया है। चोरी किये गये शेष सामानों की बरामदगी हेतु छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार अपराधकर्मियों का अपराधिक इतिहास रहा है, जिस संबंध में पता किया जा रहा हैं। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान 1) मजहर ईनाम उर्फ तौशीफ उम्र-19 वर्ष, पिता-अली ईमाम सा0-नीम गली मगरदही घाट वार्ड स0-19, 2) मो0 इरमान उर्फ नोनी उम्र 20 वर्ष, पे0 मुजीव सा0-मिल्लत एकेडमी के पीछे, गुदरी बजार वार्ड सं0-22 3) मो0 दानिश, उम्र-22 वर्ष, पे0 मो0 मुजीय सा0-मिल्लत एकेडमी के पीछे, गुदरी बजार वार्ड स0-22, 4) मो0 नैय्यर रजा उर्फ कैययर उम्र-20 वर्ष पे0 हाजी अनवार आलम सा0-माड़वारी बजार, ठाकुर वारी गली स0-22 थाना-नगर, 5) सौरम कुमार उम्र-20 वर्ष पिता-अमरेन्द्र पोद्दार सा0-पेठिया गाछी (संध्या होटल के पीछे), बहादुरपुर नाका की सामने वाली गली 6) मो0 आसिफ उम्र-19 वर्ष, पिता-इशरारून हक सा0-पुरानी पोस्ट ऑफिस रोड वार्ड सं0-17 7) नुरजहों खातुन उम्र 45 वर्ष, पिता-मो0 मुजीव सा0-मिल्लत एकेडमी के पीछे, गुदरी बजार वार्ड स0-22. सभी नगर थाना समस्तीपुर के रूप में हुई है। छापेमारी में पुनि शिव कुमार यादव, धानाध्यक्ष नगर थाना, समस्तीपुर, पुनि शिवपूजन एवं पुनि चन्द्रकेतू आदि शामिल थे।

## अज्ञात अपराधी ने की किसान की गला रेतकर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** तेघरा थान क्षेत्र के बरौनी 1 पंचायत में अज्ञात अपराधियों ने किसान की धारदार हथियार से गर्दन काटकर निर्मम हत्या कर दी है। मृतक किसान की पहचान करीब 45 वर्षीय फूटूश सिंह के रूप में हुई है। जो तेघड़ा थाना क्षेत्र के बरौनी एक स्थित वार्ड - 11 के रहने वाले थे। परिजनों के अनुसार, फूटूश कुमार सिंह शाम को गाय और भैंस को चारा देने गए थे। जब वह दूध लेकर पैदल घर लौट रहे थे, तभी अज्ञात अपराधियों ने उन्हें घेर लिया और उनकी पिटाई की। इसके बाद अपराधियों ने धारदार कुल्हाड़ी से उनकी गर्दन काटकर निर्मम हत्या कर दी और शव को बाया गंगा नदी किनारे फेंक दिया।स्थानीय लोगों ने इस घटना की सूचना तेघड़ा थाना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को शव सौंप दिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है और अपराधियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। परिजनों का कहना है कि किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी, बावजूद इसके अपराधियों ने इस निर्मम हत्या को अंजाम दिया।बता दे कि मृतक के भाई ने बताया कि जनवरी 2024 में उनके बड़े भाई पप्पू सिंह की भी बदमाशों ने हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद अब एक साल के अंदर ही फूटूश सिंह की भी हत्या हो गई है। परिजनों का कहना है कि दोनों हत्याओं में कोई पुरानी रंजिश या दुश्मनी का मामला हो सकता है, लेकिन पुलिस अभी तक इसकी पुष्टि नहीं कर पाई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और अपराधियों को पकड़ने का

## हरियाणा टीम ने आंध्रप्रदेश एवं मणिपुर टीम ने दिल्ली को हराया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** खेलो इंडिया यूथ गेम के तहत पांचवें दिन शाम में ग्रुप बी का महिला वर्ग में दो मैच खेला गया। जिसमे यमुना भगत स्टेडियम खेल गांव बरौनी तेघड़ा में आंध्रप्रदेश एवं हरियाणा के बीच मैच खेला गया। वहीं आईओसीएल बरौनी रिफाइनरी स्टेडियम में मणिपुर एवं दिल्ली के टीमों के बीच मुकाबला हुआ। आंध्रप्रदेश एवं हरियाणा की टीम के बीच खेले गये एकतरफा मुकाबले में हरियाणा की टीम ने आंध्रप्रदेश की टीम को 4-0 से हराया। हरियाणा की टीम ने पहले हाफ एवं दूसरे हाफ में दो-दो गोल दागे। हरियाणा की खिलाड़ी सिमरिण ने 32वें मिनट पर पहला गोल, विपांशी ने 41वें मिनट में दूसरा एवं संध्या ने 53वें मिनट पर तिसरा एवं 79वें मिनट पर चौथा गोल किया। दूसरी तरफ मणिपुर




एवं दिल्ली के बीच खेले गये मुकाबले में मणिपुर की टीम ने दिल्ली की टीम को 5-0 से हराया। मणिपुर की टीम ने पहले हाफ में 4 गोल एवं दूसरे हाफ में 1 गोल दागे। हरियाण की कप्तान नेमइराकपंप अरिना देवी ने तीन गोल 10वें, 41वें एवं 53वें मिनट पर की, निंगटोउजम ओलिविया चानू ने 7वें मिनट एवं कायेनेपिम्ब अंजू चानू ने 42वें मिनट पर गोल किया। मणिपुर की खिलाड़ी थोडम इलिजा देवी को 74वें मिनट पर यलो कार्ड दिया।

## झुलसी बच्ची को इलाज के लिए नहीं मिली राशि

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ट्रांसफार्मर फटने से गंभीर रूप से झुलसी अंजलि कुमारी के इलाज के लिए अब तक कोई सरकारी आर्थिक सहायता नहीं मिलने से पीड़ित परिवार बेहद परेशान है। इलाज के लिए पैसे नहीं होने के कारण बच्ची की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। परिवार वाले इलाज के लिए दर-दर भटक रहे हैं लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई मदद नहीं मिली है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए पूर्व विधायक अरुण मांझी आज पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने पीड़िता के परिजनों से मिलकर उनकी समस्या को गंभीरता से सुना और जिला प्रशासन व विद्युत विभाग के अधिकारियों से त्वरित हस्तक्षेप करने की मांग की। अरुण मांझी ने कहा कि यह घटना प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है और पीड़ित परिवार को तुरंत मुआवजा और बच्ची के इलाज के लिए आवश्यक सहयोग मिलना चाहिए।

## दिवंगत आर्मी जवान का पार्थिव शरीर पहुंचा गांव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के डफरपुर पंचायत के छतौना के दिवंगत आर्मी के जवान पवन पंडित का पार्थिव शरीर शनिवार को दोपहर के बाद गाँव आया। ऐसे तो राजनीतिक कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं सैकड़ों पुरूष एवं महिलाऐ का हुजूम सबेरे से ही उनके आवास तथा इर्द गिर्द जमें हुए थे। वे सभी अपने वीर सपूत के अंतिम दर्शन के लिए इंतजार कर रहे थे। दिन के 3 बजकर 20 मिनट पर इनका पार्थिव शरीर गांव आया। इनके साथ लगभग डेढ किलोमीटर का सैकड़ों बाइक सवार के हाथों में तिरंगा लिए काफिला था। यह काफिला आर सी एस कॉलेज मंझौल से ही साथ हो गया। वहाँ अपने प्रिय जवान के लिए घंटों इंतजार किया। शहीद पवन अमर रहे, भारत माता की जय के नारों से वातावरण गूंजायमान हो रहा था। सर्वप्रथम बंद बक्सा में इनका पार्थिव शरीर इनके पैतृक आवास पर कुछ क्षणों के लिए रखा गया। इनके पार्थिव शरीर के रखने के साथ ही स्वजनों की करूण चीत्कार से वातावरण गमगीन हो गया। उसके बाद इनका पार्थिव शरीर पंचायत भवन परिसर लाया गया। यहाँ सर्वप्रथम जबलपुर से साथ आये सेना के जवान हवलदार एन के वर्मा, हवलदार विकास बेन ने राष्ट्रीय ध्वज पार्थिव शरीर पर प्रदान कर श्रद्धांजलि दी। उसके उपरांत स्थानीय विधायक सूर्य कांत पासवान, पूर्व विधायक राम विनोद पासवान, प्रजापति समन्वय समिति के सदस्यों ने, विधायक प्रत्याशी रामशंकर पासवान, मुखिया प्रतिनिधि ई रंजीत कुमार पमपम, जिप प्रतिनिधि डा राजेन्द्र शर्मा, सरपंच शांति देवी, पूर्व मुखिया महेन्द्र महतो, जय जय राम महतो, सहित कई अन्य ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार रग्बी टीम ने जीता स्वर्ण पदक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन बिहार के पांच जिलों में 4 मई से प्रारंभ हो चुका है। इस राष्ट्रीय आयोजन में पूरे देश के युवा खिलाड़ी विभिन्न खेल विधाओं में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। 9 मई 2025 को पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रग्बी अंडर-18, बालिका वर्ग के फाइनल मैच आयोजित किया गया। बताते चले कि बिहार की रग्बी टीम ने क्वालीफाइंग मैचों से ही अपने जीत का दावा प्रस्तुत कर दिया था। टॉप 8 राज्यों की टीम क्वार्टर फाइनल के लिए चयनित हुई थी। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बिहार का सामना केरल की टीम से हुआ जिसमें बिहार की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए केरल को शून्य के मुकाबले 57 अंक से मात दी। सेमीफाइनल में इस टीम का मुकाबला राजस्थान की टीम से हुआ, जिसमें बिहार की टीम ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखते हुए शून्य के मुकाबले 27 अंक से राजस्थान की टीम को हराया वहीं फाइनल मैच में बिहार की युवा बालिका खिलाड़ियों का सामना उड़ीसा के मजबूत टीम से हुआ। इसमें भी परिणाम बिहार के पक्ष में रहा। शानदार प्रदर्शन करते हुए बिहार की टीम ने जीरो के मुकाबले 27 अंक से स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रग्बी के राष्ट्रीय खेल में बिहार राज्य को गोल्ड मेडल दिलाने में जहानाबाद की रग्बी खिलाड़ी सलोनी कुमारी का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। बिहार रग्बी टीम की तरफ से खेलते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाई।

इससे पहले सलोनी ने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी रग्बी खेल प्रतिस्पर्धा में पदक प्राप्त किए हैं एवं जिले एवं राज्य को गौरवान्वित किया है। जहानाबाद प्रखंड के अमैन पंचायत में रग्बी के उभरते हुए खिलाड़ी, जिसमें बालक एवं बालिकाएं दोनों शामिल है अविनाश कुमार के द्वारा प्रशिक्षित हो रहे हैं एवं राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे ने सलोनी कुमारी एवं उनके प्रशिक्षक एवं परिवार को बधाई दी गई है। जीत की सूचना प्राप्त होते ही उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा पूनम कुमारी के द्वारा दूरभाष पर सलोनी कुमारी से संपर्क कर उन्हें जिला प्रशासन की तरफ से उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाइयां दी गई है। विनय कुमार, वरीय पदाधिकारी, खेल विभाग जहानाबाद -सह -अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, जहानाबाद के द्वारा भी इस युवा खिलाड़ी के प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त किया गया है एवं भविष्य में भी सफल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी गई है।

# दिव्यांगता प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन, 14 बच्चों को प्रदान किए गए नवीन प्रमाण-पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ सुनिश्चित कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत दिनांक शनिवार को रतनी फरीदपुर प्रखंड मुख्यालय में दिव्यांगता पहचान एवं प्रमाणीकरण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से 14 दिव्यांग बच्चों का चिकित्सकीय परीक्षण कर उन्हें नवीन दिव्यांगता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। साथ ही, अभिभावकों को यूडी आईडी पंजीकरण, संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी और आवश्यक परामर्श भी एक ही स्थल पर उपलब्ध कराया गया। शिविर का संचालन जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग की सहायक निदेशक माला कुमारी के निर्देशन में किया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल बोर्ड द्वारा सभी बच्चों का परीक्षण कर प्रमाण-पत्र जारी किए गए। इस दौरान प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने नोडल पदाधिकारी की भूमिका में समन्वय सुनिश्चित किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में आंगनबाड़ी सेविकाओं, आशा कार्यकर्ता, जीविका दीदियों एवं विकास मित्रों ने लाभुक बच्चों को शिविर स्थल तक लाने में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन कार्यालय की ओर से चिकित्सकों की उपस्थिति और प्राथमिक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय ने बताया कि दिव्यांग बच्चों की समय पर पहचान एवं प्रमाणन उन्हें सरकारी सहायता तक पहुंचाने की पहली और सबसे ज़रूरी कड़ी है। ऐसे शिविरों से न केवल योजनाओं की पहुंच बढ़ती है, बल्कि यह बच्चों के आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समावेश की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होते हैं।उन्होंने सभी विभागों को आगामी शिविरों की बेहतर तैयारी और आपसी समन्वय के निर्देश भी दिए हैं, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थी लाभान्वित हो सकें।

# जिला पदाधिकारी ने वृक्षारोपण व ड्रिप इरिगेशन कार्य का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** जहानाबाद की धरती को हरियाली और किसानों को समृद्धि की ओर अग्रसर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने शनिवार को घोसी प्रखंड के परावन पंचायत में वृक्षारोपण एवं ड्रिप इरिगेशन कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत संचालित लगभग 10 योजनाओं की प्रगति की समीक्षात्मक जांच की। विशेष रूप से सघन वृक्षारोपण कार्य की गहन समीक्षा एरिया ऑफिसर मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से की गई, जिसकी संतोषजनक स्थिति पर उन्होंने संतोष जताया और इसे ग्रामीण पर्यावरणीय सुधार की दिशा में एक प्रेरक प्रयास बताया। **ड्रिप इरिगेशन को लेकर जिलाधिकारी ने दिए कई महत्वपूर्ण निर्देश।** जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान खेतों में लगे ड्रिप इरिगेशन सिस्टम की स्थिति का अवलोकन किया गया, जिसमें कई स्थानों पर पानी आपूर्ति हेतु मरम्मती की आवश्यकता पाई गई। इस पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को 48 घंटे के भीतर मरम्मत कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि ड्रिप इरिगेशन की उपयोगिता को लेकर अन्य किसानों को भी जागरूक किया जाए साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जल संरक्षण एवं आधुनिक खेती को बढ़ावा देने हेतु स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण एवं डेमो प्रदर्शन आयोजित किए जाएं। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने बताया कि वृक्षारोपण और ड्रिप इरिगेशन जैसे प्रयास न केवल हमारे पर्यावरण को समृद्ध करते हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसानों की आय में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने माना कि मनरेगा जैसी योजनाएं तभी सफल होंगी जब इनका क्रियान्वयन पारदर्शिता और प्रतिबद्धता से हो।

# साइबर ठग के पास से पाकिस्तानी कोड का मोबाइल नंबर बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)।** बैंक एटीएम के आसपास मंडराने वाले लोगों से सावधान होने की जरूरत है,अगर आप पैसे निकालने जाते हैं तो कुछ संगठित साइबर गिरोह के लोग इधर-उधर करते देख सकते हैं थोड़ी लापरवाही के कारण आपका एटीएम बदल सकते है ये लोग इसका उदाहरण शुक्रवार के दिन छौडादानो एकडरी बैंक से पकड़ा गया आरोपित साइबर ठग के संगठित गिरोह के संचालक निकला जिसके पास से अलग-अलग बैंकों के आवश्यक पासबुक, चार एटीएम, दो मोबाइल, पाकिस्तानी कोड का मोबाइल नंबर मिलने से हड़कंप मच गई। छौडादानो पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया लेकिन इनके संगठित गिरोह पर काबिज होना सन्देह लगता है पकड़ा गया आरोपित दरपा थाना क्षेत्र के महुआवा गांव निवासी रधुनाथ साह के पुत्र मोनू कुमार है। इसके बयान के बाद आदापुर के औरैया गांव में सक्रिय रहने वाले साइबर ठग अपना ठिकाना बदल दिए हैं, आदापुर अवस्थित श्यामपुर बाजार के पास भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम व पंजाब नेशनल बैंक एटीएम के पास मंडराने वाले साइबर ठग नहीं दिख रहे हैं।

# जिलाध्यक्ष मंजू देवी की अध्यक्षता मे जिला जदयू कार्यकर्त्ता समन्वय की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मोतिहारी।** सर्किट हाउस के कॉंफ्रेस हॉल में पूर्वी चम्पारण जिला जदयू की कार्यकर्ता समन्वय बैठक जिलाध्यक्ष मंजू देवी की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक को वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता आपसी समन्वय बनाकर बूथ स्तर तक मजबूत एवं धारदार बूथ कमेटी बना कर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष - सह - मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मिशन को सफल बनायें। श्री झा ने कहा कि हम सभी लोगों को मिलकर 2025 में 225 और फिर से नीतीश कुमार के संकल्प को पूरा करना है। इस बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश जदयू के अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि जिलाध्यक्ष, जिला संगठन प्रभारी, प्रकोष्ठों के सभी जिलाध्यक्ष, सभी विधानसभा प्रभारी एवं प्रखंड अध्यक्ष आपस में समन्वय बनाकर संगठन को मजबूती प्रदान करे ताकि 2025 के विधानसभा चुनाव में जदयू नंबर एक स्थान को प्राप्त कर सकें। इस बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर से कहा कि बिहार की आम जनता एवं पुरी जदयू पार्टी देश की सीमा पर लड़ रहे देश के वीर सैनिकों के समर्थन में उनके साथ मजबूती से खड़ा है। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला संगठन प्रभारी सुबोध कुमार सिंह, पूर्व विधान - पार्षद सतीश कुमार, जदयू के वरिष्ठ नेता प्रो.दिनेश चन्द्र प्रसाद, रतन सिंह पटेल, ब्रजेश श्रीवास्तव, ब्यास प्रसाद सिंह, सुनील भूषण ठाकुर, दिनेश पासवान, अनिल कुमार कुशवाहा, बद्री पासवान, बिनोद कुमार यादव, जिला जदयू के प्रवक्ता जन्मेजय कुमार पटेल सरपंच, संजीव श्रीवास्तव, विधानसभा प्रभारी बृजेश कुशवाहा, शिवरानी देवी, प्रो.अरूण पटेल, राकेश सिंह, दयाशंकर सिंह, विजय विकास, संतोष भास्कर, संजीव कुमार पटेल, सुरेश गुप्ता, प्रताप पटेल, महानगर अध्यक्ष प्रकाश चौधरी,प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कुणाल सिंह पटेल,शाहजाद खान इत्यादि लोग उपस्थित थे। उपरोक्त आशय की जानकारी जिलाध्यक्ष मंजू देवी के हवाले से जिला प्रवक्ता संजीव श्रीवास्तव ने दी।

## एक नजर

### मतगणना निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चम्पारण)।** मत्स्य सहयोग समिति चुनाव का मतगणना निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। मंत्री पद पर राजू मुखिया ने निवर्तमान मंत्री बलिराम सहनी को 61मतो से हराया तो दुसरे तरफ अध्यक्ष पद पर विजय मुखिया ने हरेन्द्र सहनी को 173 मतों से पराजित किया। निर्वाचन पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने विजयी प्रत्याशी को प्रमाणपत्र दिया। पुअनि अनूप कुमार द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का कमान संभाला। मतगणना केंद्र पर समर्थकों का काफी भीड़ थी।

### महिला का शव बरामद

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बखरी गांव के वार्ड 16 में संदेहास्पद स्थिति में एक महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शनिवार को शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया के बाद पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया। मृतका की पहचान उक्त गांव निवासी शिवम ठाकुर की पत्नी सुनीता देवी के रूप में की गई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मृतका की शादी पूर्व में शिवम ठाकुर के बड़े भाई अमरेंद्र ठाकुर से हुई थी। अमरेंद्र ठाकुर के मौत के बाद मृतका की दूसरी शादी शिवम ठाकुर से हुई। जिसे दो बच्चे है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हीं मौत के कारणों का पता चलेगा।

### मिट्टी भरवाने को लेकर दिया आवेदन

**कल्याणपुर (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखंड के हनुमान नगर गांव के छठ घाट के तालाब पर मिट्टी भरवाने को लेकर कुंती देवी ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में बताया है कि यह छठ पूजा का घाट है। जिस पर आम जनता पूजा किया करते चले आ रहे हैं। एवं सर्वे नक्शा में भी तालाब का नक्शा काटा गया है. उक्त गांव के भोला प्रसाद साह व वगैरह सभी पट्टीदार लोग मिलकर तालाब को भरवा रहे हैं। जबकि मेरा भी हिस्सा का तालाब में है जिसे हड़पने एवं कब्जा करने में लगे हैं। इस स्थल पर सार्वजनिक कार्य हुआ करते थे। जिसका खाता 116, खेसरा 551 व 557 है। इस संबंध में सीओ रणधीर प्रसाद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### समाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित

**कल्याणपुर (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखंड मुख्यालय के दुर्गा मंदिर के प्रांगण में शनिवार को समाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन राजद कार्यकर्ताओं द्वारा किया है। जिसकी अध्यक्षता कोटवा प्रखंड के अनील दास व संचालन विधायक प्रतिनिधि असरार आलम ने की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि इस सरकार में महंगाई, बेरोजगारी व अफसर शाही सर पर चढ़कर बोल रहा है। जब राजद की सरकार थी तो तेजस्वी द्वारा कार्य के साथ-साथ रोजगार भी दिया गया था। आगे भी हम लोग की सरकार होगी तो रोजगार के साथ-साथ कार्य भी बढ़कर किया जाएगा। यह सरकार सुशाशन का नही कुशासन का सरकार है। कार्य के मामले में जिला के कोई विधायक हमें दबा नहीं सकते हैं। कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने का अपील की है। मौके प्रदेश सचिव धनिक लाल मुखिया, प्रदेश प्रवक्ता मोहम्मद इकबाल शर्मा, युवा प्रदेश मुकेश यादव, गणेश माझी, लखिन्द्र यादव, जलालुद्दीन साहेब, अवधेश राय, रामलाल प्रसाद, सुरेश सहनी, नुरुल होदा, अरुण कुशवाहा, अवधेश ठाकुर, अरुण साह,मोहम्मद निजामुद्दीन, सुदामा अंबेडकर, पप्पू यादव, अशोक कुमार यादव, सुरेश पासवान, भागवत कुशवाहा नौशाद आलम, अवध राय, जयलाल पटेल, अजमत अली, जयशंकर जायसवाल, विनय पासवान, सरोज पासवान, पूनम देवी, शशि कन्या देवी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ज्ञान बाबू चौक की बदहाल व्यवस्था बनी शहरवासियों की मुसीबत

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी शहर का प्रमुख व्यावसायिक केंद्र ज्ञान बाबू चौक आज बदहाली और उपेक्षा की मार झेल रहा है। शहर के वार्ड संख्या 17, 18, 19 और 20 की बड़ी आबादी प्रतिदिन इस चौराहे से होकर गुजरती है। हेनरी बाजार, मीना बाजार और जानपुल जैसे क्षेत्रों से जुड़ा यह चौराहा व्यापार और शिक्षा के लिहाज से बेहद अहम है, लेकिन यहां की जर्जर सड़कों, अव्यवस्थित नाले और लचर ट्रैफिक व्यवस्था ने आमजन के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है। स्थानीय नागरिकों – मितुल कुमार, मनोज कुमार, संजय कुमार और भरत कुमार – ने बताया कि हेनरी बाजार थोक मंडी है, जहां सुबह से देर रात तक खरीददारी होती है। मीना बाजार, एनएच और छतौनी की ओर जाने वालों को भी इसी रास्ते से गुजरना पड़ता है। बावजूद इसके, यहां ट्रैफिक की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है, जिससे दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। चौक पर फैला कचरा, असंतुलित नाला व्यवस्था और आवारा पशुओं की भरमार न केवल आमजनों की परेशानी बढ़ा रही है, बल्कि क्षेत्र की छवि भी धूमिल कर रही है।

# डॉ0 अम्बेदकर समग्र सेवा अभियान के तहत विशेष विकास शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मोतिहारी।** आज जिले के कुल 181 अनु. जाति एवं अनु0 जनजाति टोलों में डॉ. अम्बेदकर समग्र सेवा अभियान के तहत विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सरकार के द्वारा संचालित कुल 22 योजनाओं से कुल 7598 अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति के व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया तथा उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया। जिलाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के निदेशानुसार आयोजित शिविर स्थल का निरीक्षण जिले के वरीय पदाधिकारियों के द्वारा कराई गई साथ हीं निदेशित किया गया कि आयोजित शिविर में नामित पदाधिकारियों एवं कर्मियों की अनुपस्थिति पाये जाने पर एक दिन के वेतन की कटौती कर अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी। इस संदर्भ में जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा आयोजित शिविर का नियमित रूप से अनुश्रवण भी किया जा रहा है। दिवेश दिवाकर, जिला कल्याण पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी द्वारा बताया गया है कि पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत अभी तक कुल छह चरणों में अनु0जाति एवं अनु0 जनजाति टोलों में विशेष विकास शिविर का आयोजन कर ली गई है। परिणामस्वरूप सरकार के महत्वकांक्षी योजनाओं से अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति व्यक्तियों के कल्याणार्थ प्रत्याशित उपलब्धियाँ मिली है तथा आमजनों के बीच जागरूकता की लहर देखी जा रही है।

# मोतिहारी में तिरंगा यात्रा के माध्यम से भारतीय सेना को किया गया नमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मोतिहारी।** जिला कांग्रेस कमेटी, पूर्वी चंपारण द्वारा आज मोतिहारी में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा गांधी स्मारक से शुरू होकर गांधी चौक होते हुए मीना बाजार तक निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। इस तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य हाल ही में पहलगांव में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर किए गए साहसिक कार्रवाई को सम्मान देना था। भारतीय सेना ने जिस शौर्य, पराक्रम और वीरता का परिचय दिया, वह पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। यह तिरंगा यात्रा देशभक्ति, एकजुटता और सेना के प्रति सम्मान का प्रतीक बनकर शहरवासियों के लिए प्रेरणा बनी। यात्रा के दौरान 'जय हिंद', 'भारतीय सेना अमर रहे' जैसे देशभक्ति नारों से वातावरण गूंज उठा। मौके पर महिला अध्यक्ष किरण कुशवाहा, डॉ आशीष रंजन सिंह,सुमित्रा यादव, हरिकिशोर पटेल, धनंजय तिवारी, मुन्नी सहनी, संजीव ठाकुर उर्फ ठाकुर बाबा, इम्तियाज अख्तर, आफताब आलम, रामप्रवेश तिवारी, जवाहर लाल सिंह, पंडित मुक्तिनाथ झा, सत्येंद्र नाथ तिवारी, राजकुमार अंजुमन, जयप्रकाश सिंह, मदन प्रसाद, मो0 लाल आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण,मोतिहारी के तत्वावधान में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसका विधिवत शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवराज त्रिपाठी तथा प्रभारी जिलाधिकारी मुकेश कुमार सिन्हा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यहां बता दे कि न्यायालय से मिली जानकारी के अनुसार, बीएसएनएल के 4 मामले में 5838 रुपये की रिकवरी हुई, जबकि ट्रैफिक चालान के 22 मामलों में 17000 की राशि की रिकॉवरी हुई साथ ही 811 विभिन्न बैंको के मामले निष्पदित हुए जिसकी 30775346 की राशि रिकवरी हुई। इसके साथ ही विभिन्न मामलों में कुल 34731184 रुपये की राशि की रिकवरी हुई है।

# गड्ढे में बाइक पलटने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**सिंहवाड़ा (दरभंगा)।** सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के शोभन एकमी बाइपास सड़क पर एम्स स्थल के समीप शुक्रवार को दर्दनाक हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब बाइक असंतुलित होकर करीब 20 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी। मृतक की पहचान मधुबनी जिले के बिस्फी थाना क्षेत्र के कमलाबारी पूर्वी टोल निवासी परीक्षण सदा के पुत्र राम उद्गार सदा के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक की पहचान कमतौल थाना अंतर्गत कुमरौली गांव निवासी झरी मांझी के पुत्र मिथिलेश मांझी के रूप में की गई है, जिसका इलाज डीएमसीएच में चल रहा है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि दोनों युवक ग्लैमर बाइक पर सवार होकर एकमीघाट की ओर से शोभन की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान बाइक असंतुलित होकर गहरे गड्ढे में पलट गई, जिससे बाइक सवार राम उद्गार सदा की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना स्थल पर सुरक्षा के उपाय और सड़क मरम्मत की मांग की है।

# नेपाल के प्रख्यात गांधीवादी चिंतक ने आतंकवाद के खिलाफ इस लडाई में भारत को दिया अपना पूर्ण समर्थन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** नेपाल में प्रख्यात गांधीवादी चिंतक और वरिष्ठ पत्रकार चंद्रकिशोर झा ने हाल ही में पहलगाम आतंकी घटना के बाद भारत और पाकिस्तान के दरम्यान उपजे युद्ध जैसे हालात में भारत के पक्ष में अपना बयान दिया है, जिसमें उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत का पूर्ण समर्थन किया है। उन्होंने कहा है कि हम नेपाल के गांधीवादी लोग आतंकवाद का जोरदार विरोध करते हैं और इसके निर्मूलन के लिए किए जाने वाले प्रत्येक कोशिश के प्रतिबद्धता प्रकट करते हैं। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद ने पहलगाम में निर्दोष नागरिकों की हत्या किया है। इसलिए भारत पीड़ित पक्ष है और उसका न्याय के लिए युद्ध लड़ना जायज है। महात्मा गांधी ने 29 अक्टूबर 1947 को कहा था जब दो पक्ष युद्धरत हो तो मेरा कर्तव्य उस पक्ष को समर्थन देना है जो पीड़ित हैं। पाकिस्तान दक्षिण एशिया में आतंकवाद का हैचरी है और चीन धाई मां है। जो मुल्क आतंकवाद को पनाह देता है उसको हम अमन एवं भाईचारा का दुश्मन मानते हैं । गांधीवादी चिंतक का यह यह बयान नेपाल के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी उस बयान के बाद आया है, जिसमें कहा गया है कि नेपाल अपनी भूमि का उपयोग अपने पड़ोसी देश के खिलाफ नहीं होने देगा। यह नेपाल और भारत के बीच चल रहे उस मैत्रीपूर्ण संबंधों को दर्शाता है,जो ऐतिहासिक, धार्मिक, सामाजिक,सांस्कृतिक और भाषीय समानता पर आधारित हैं।

# पेंशनर समाज के लोगों ने सफल आपरेशन सिंदूर को लेकर सरकार को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**केसरिया (पूर्वी चम्पारण)।** स्थानीय आर्य समाज मंदिर परिसर में प्रखण्ड पेंशनर समाज कि बैठक अध्यक्ष सुदामा मिश्र के अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के उपरांत पेंशनभोगियों ने अपनी समस्याओं और चिंताओं को साझा किया और समाधान के लिए सुझाव दिए. बैठक में पेंशन संबंधी मुद्दों, स्वास्थ्य सुविधाओं, और अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा हुई साथ ही पहलगाव में हुए आतंकी हमले भारतीय पर्यटक की हत्या पर रोष प्रकट की गई तथा आपरेशन सिन्दूर की सफलता पर बधाई दी गई। उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह ने बताया कि पेंशनर समाज भारत सरकार द्वारा उठाए गए कदम का शत प्रतिशत समर्थन करती है।

# सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम का राजद कार्यकर्ताओं ने किया आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कल्याणपुर (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखंड मुख्यालय के दुर्गा मंदिर के परिसर में शनिवार को समाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन राजद कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। जिसकी अध्यक्षता कोटवा प्रखंड के अनील दास व संचालन विधायक प्रतिनिधि असरार आलम ने की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि इस सरकार में महंगाई, बेरोजगारी व अफसर शाही सर पर चढ़कर बोल रहा है। जब राजद की सरकार थी तो तेजस्वी द्वारा कार्य के साथ-साथ रोजगार भी दिया गया था। आगे भी हम लोग की सरकार होगी तो रोजगार के साथ-साथ कार्य भी बढ़कर किया जाएगा। यह सरकार सुशाशन का नही कुशासन का सरकार है। कार्य के मामले में जिला के कोई विधायक हमें दबा नहीं सकते हैं। कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने का अपील किये। मौके प्रदेश सचिव धनिक लाल मुखिया, प्रदेश प्रवक्ता मोहम्मद इकबाल शर्मा, युवा प्रदेश मुकेश यादव, गणेश माझी, लखिन्द्र यादव, जलालुद्दीन साहेब, अवधेश राय, रामलाल प्रसाद, सुरेश सहनी, नुरुल होदा, अरुण कुशवाहा, अवधेश ठाकुर, अरुण साह, मोहम्मद निजामुद्दीन, सुदामा अंबेडकर, पप्पू यादव, अशोक कुमार यादव, सुरेश पासवान, भागवत कुशवाहा नौशाद आलम, अवध राय, जयलाल पटेल, अजमत अली, जयशंकर जायसवाल,विनय पासवान, सरोज पासवान, पूनम देवी, शशि कन्या देवी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग टीम ने नाबालिग लड़की को मानव तस्करी का शिकार होने से बचाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)।** गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी 47 वाहिनी की एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग टीम ने रक्सौल बॉर्डर से नेपाल की तरफ़ जा रहे एक व्यक्ति के साथ एक नाबालिग लड़की को चेकिंग के दौरान संदेह के आधार पर रोकर पूछताछ की, तो लड़की व व्यक्ति द्वारा संतोष जनक जवाब नहीं मिलने पर इसकी सूचना प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चम्पारण को दिया गया। जब लड़की की काउंसिलिंग की गई तो पता चला कि गांव के ही किसी व्यक्ति से महीनों से स्कूल जाने के क्रम में बातचीत के दौरान दोस्ती हुई थी। जिसका नाम लड़की ने बताई कि काल्पनिक नाम मनोज कुमार सिंह हमे अपने घर वालों से बिना बताए हुए मुझे घर से भागने के लिए बोला था। कल रात्रि लगभग 10:00 बजे घर से भागा कर रक्सौल बॉर्डर के रास्ते नेपाल ले जा रहा था। वहां पर कौन से जगह पर जाना है मुझे पता नहीं था। वहां जाकर शादी करने और नौकरी करने की बात हुई थी। लड़की का थाना नौतन पश्चिमी चम्पारण जिला की रहने वाली है। ?जब ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट 47 वाहिनी ने घर वालों से सम्पर्क किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि नजदीकी थाना नौतन में गुमशुदगी एवं अपहरण करने का प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसका कांड संख्या 207/25 हैं। नौतन पुलिस के आने तक व्यक्ति व लड़की को अगली प्रक्रिया हेतु एसएसबी 47वीं एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग एवं प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चम्पारण द्वारा अग्रिम प्रक्रिया के लिए हरैया थाना को सुपुर्द किया गया। मौके पर एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग से इंस्पेक्टर विकास कुमार, अरविंद द्विवेदी, नीतू कुमारी, सरिता, प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चम्पारण से जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता राज गुप्ता आदि शामिल थे।

# समग्र सेवा अभियान शिविर में जिला पदाधिकारी ने की सहभागिता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिला प्रशासन द्वारा सामाजिक न्याय एवं समग्र विकास को समर्पित डॉ. भीमराव अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के अंतर्गत शनिवार को घोसी प्रखंड अंतर्गत भारथु पंचायत के बिजलीपुर महादलित टोला में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने स्वयं उपस्थित होकर महादलित समुदाय के बीच सीधा संवाद किया और उन्हें सरकारी योजनाओं की पहुंच और लाभ से जोड़ने की प्रतिबद्धता दोहराई। राशन कार्ड (पीडीएस) 06 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया। वहीं जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र में 11 प्रमाण-पत्र तत्काल जारी कर दिए गए।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 947 सुलहनीय वादों का हुआ निष्पादन

## दो करोड़ 94 लाख का कराया गया समझौता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 947 सुलहनीय वादों का निष्पादन किया गया जिसमें कुल दो करोड़ 94 लाख 3 हजार 800 रूपये का समझौता कराया गया। सर्वप्रथम जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद एवं अनुमंडलीय न्यायालय दाउदनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन जिला जज राज कुमार, जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल, प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस उद्घाटन समारोह में काफी संख्या में न्यायिक पदाधिकारीगण, अधिवक्तागण, बैंक, बीमा के पदाधिकारीगण सहित अन्य विभागों के पदाधिकारीगण तथा वादकारीगण उपस्थित रहें। पूरे कार्यक्रम का संचालन विधिक सेवा प्रतिरक्षा प्रणाली के अधिवक्ता उप मुख्य अभिनंदन कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आगंतुकों का स्वागत अभिभाषण जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल द्वारा किया गया। मौके पर जिला जज राज कुमार ने कहा कि प्राधिकार द्वारा किये जाने वाले सभी गतिविधियों में लोक अदालत का आयोजन महत्वपूर्ण स्थान रखता है। लोक अदालत का आयोजन न्यायालय में मनाया जाने वाला एक पर्व का अवसर होता है। उन्होंने लोक अदालत के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्षो पुराने विवाद को आज के दिन दरकिनार करते हुए निस्तारण करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आपका सहयोग विगत कई माह, कई वर्षो से प्राधिकार को मिल रहा है वह आगे प्राप्त होता रहे ताकि जिला विधिक सेवा प्राधिकार जन-जन तक लाभ पहुंचाकर अपने उद्देश्यों को सार्थक साबित करता रहें। जिला जज द्वारा वादों के निस्तारण के लिए गठित सभी बेंचों का भ्रमण करते हुए अद्यतन जानकारी प्राप्त किया गया जिसके कारण वादकारियों के बीच उत्साह का माहौल रहा। उन्होंने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि देश में जो गतिविधियां दो-तीन दिनों से चल रही है उसमें लोग सरकार एवं प्रशासन के निर्देशों का अक्षरशः और पूरा पालन करें क्योंकि जो भी निर्देश दिये जा रहे हैं वह देशहित और सुरक्षाहित दोनों के लिए है। इस अवसर पर हम सभी का परम कर्तव्य हो जाता है कि हम सभी देश के सेनाओं के साथ खडें रहे। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि यह बार-बार याद दिलाया जाता है कि लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है इस पर हमलोग भी सक्रिय हो जाते हैं और अधिक से अधिक लोगों तक प्रशासन की पहुंच एवं सूचना स्थापित कर लोगों को लोक अदालत में अपने छोटे-छोटे विवादों को समाप्त करने का प्रयास करते हैं। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि उनके स्तर से भी समाज को विवादमुक्त एवं वादमुक्त बनाने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं। आपस में जितना समन्वय बेहतर होगा लोक अदालत उतना ही सफल होता है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने कहा कि आजकल सोशल मीडिया का दौर है, इसलिए छोटे वाद में भी प्राथमिकी दर्ज करना अनिवार्य है। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस के पास कोई कंपाउंडिंग शक्ति नहीं है इसलिए हमलोग लोगो को प्रेरित करते हैं कि लोक अदालत के माध्यम से अपने वाद का निस्तारण कराए। उन्होंने लोक अदालत के महत्व को बताते हुए कहा कि आज का राष्ट्रीय लोक अदालत छोटे-छोटे वादों के निस्तारण में काफी सहायक साबित होगा। इस लोक अदालत में आज सात परिवारिक मामले, आपराधिक सुलहनीय संबधित 102 वाद एवं एनआई एक्ट के दो मामले में 8 लाख 60 हजार का समझौता किया गया। इसके साथ साथ अनुमंडल पदाधिकारी के न्यायालय से संबधित 213 वाद, टेलीफोन से संबंधित 5 तथा बैंक ऋण से संबधित 618 मामले का निस्तारण करते हुए कुल 02 करोड़ 85 लाख 25 हजार 8 सौ रूपये का समझौता कराया गया। इस तरह कुल 947 मामलों का निस्तारण करते हुए कुल लगभग 02 करोड़ 94 लाख 03 हजार 8 सौ रूपये का समझौता कराया गया। इस पूरे लोक अदालत के आयोजन को सफल बनाने में प्राधिकार के उप प्रमुख विधिक रक्षा परामर्श प्रणाली अभिनन्दन कुमार, कर्मी सुनील कुमार सिंह, परशुराम कुमार सिंह, संजय कुमार, अर्पणा सहाय, सुनील कुमार सिन्हा, सहयोगी नवरतन कुमार, गीता कुमारी, कुंदन कुमार सहित सभी अर्द्धविधिक स्वयं सेवकों की भूमिका भी सराहनीय रही।

लोक अदालत की मुख्य विशेषता यह रही की राष्ट्रीय लोक अदालत के साथ- साथ स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन विधिक सेवा सदन में किया गया, जिसमें सुगर, बीपी, हिमोग्लोबिन के साथ- साथ चिकित्सीय जांच और दवा का वितरण इत्यादि प्रमुख सुविधाओं से वादकारियों के साथ- साथ सभी उपस्थित लोगों ने लाभ उठाया। इस अवसर पर जिला विधिक संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान ने लोक अदालत की प्रक्रिया में सभी की भूमिका एवं सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि आप लोगो के द्वारा कई स्तरों पर कई दिनों से लगातार किये जा रहे प्रयास का प्रतिफल है। उनके द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन में अब तक किये सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया।




# 35 किलो गांजा, 700-700 ग्राम अफीम व चरस विनिष्टीकरण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के विभिन्न थानों में जप्त 35 किलोग्राम गांजा, 700 ग्राम अफीम व 700 ग्राम चरस (मादक पदार्थ) को कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के देवरिया गांव स्थित किसान ईट्ट भट्ठा पर विनष्ट किया गया। विनष्टीकरण के दौरान डीआईजी राजीव मिश्रा की मौजूदगी में ड्रग डिस्पोजल कमिटी में एसपी मिस्टर राज, सार्जेंट मेजर गौतम कुमार, डीएसपी मुख्यालय, सदर डीएसपी आरा 2 रंजीत कुमार सिंह, इंस्पेक्टर, कृष्णागढ़ थानाध्यक्ष पवन कुमार समेत भारी पुलिस बल मौजूद था। पुलिस अधिकारी ने पत्रकारों को बताया कि एनडीपीएस के तहत जो मादक पदार्थ जप्त होता है। न्यायालय के गाइडलाइन के अनुसार हर जिले में ड्रग डिस्पोजल टीम गठित की गई है। जहां भोजपुर में एसपी, एएसपी, सार्जेंट मेजर, डीएसपी हेडक्वाटर शामिल है। यह टीम विभिन्न स्टोरेज से उठाकर मादक पदार्थ को वीडियोग्राफी कराते हुए विनष्ट कराती है। पुलिस विभिन्न कांडों में दर्ज जप्त मादक पदार्थ को स्टोरेज करा पूरी गाइड लाइन के अनुसार कार्रवाई करती है। इसके लिए प्रक्रिया के तहत स्थल चयन कर विनष्ट कराया गया।

# आशा कार्यकर्ता चयन प्रक्रिया को लेकर हुई बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रखंड के 23 पंचायतों के मुखिया एवं मुखिया प्रतिनिधि के बीच आशा कार्यकर्ता चयन प्रक्रिया को लेकर एक बैठक की गई। इस बैठक में जिस जिस पंचायत में आशा कार्यकर्ता चयनित करना है, उस पर चर्चा किया गया। डॉ अरविंद कुमार सिंह ने मुखिया प्रतिनिधियों को गाइडलाइन का पालन करते हुए कहा कि पहली प्राथमिकता में विधवा महिला, दूसरी एससी एसटी महिला, तीसरी अन्य सभी जातियों की महिला, जिनकी उम्र सीमा 18 से 40 वर्ष एवं उनकी शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक हो को वरीयता देना है। मौके पर बीसीएम सनी कुमार, चौबड़ा मुखिया संजय कुमार, ईटार मुखिया प्रतिनिधि शंभू कुमार, अर्थुआ मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना कुमार, ढोसिला मुखिया गुड़िया देवी, भादवा मुखिया प्रमिला देवी, पौथू मुखिया प्रतिनिधि राजीव रंजन, बलिगाव मुखिया सरिता देवी, भदूकी कला मुखिया कलावती देवी, बघौरा मुखिया गुड़िया देवी सहित अन्य मुखिया एवं मुखिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# 14 मई को लगेगा दिव्यांग शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** बीआरसी कार्यालय में बुधवार को संसाधनसेवी सुनील कुमार एवं संजय कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन कर यह निर्णय लिया गया कि आगामी 14 मई को ओबरा पंचायत भवन में दिव्यंका शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में ओबरा प्रखंड के दिव्यांग लोगों को चिकित्सक के द्वारा प्रारंभिक जांच के बाद प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे, साथ ही साथ आईडी कार्ड हेतु विशेष शिविर लगाया जा रहा है।

# सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम की तैयारी को लेकर शनिवार को राजद कार्यकर्ताओं की एक बैठक रफीगंज विधानसभा के विधायक मो नाहलुद्दिन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मौके पर विधायक ने कहा कि 14 मई को रफीगंज विधानसभा स्तरीय सामाजिक न्याय परिचर्चा का आयोजन प्रखंड मुख्यालय में किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में जिला स्तरीय कई नेता शिरकत करेंगे। इस क्रम में सामाजिक न्याय पर व्यापक चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सामाजिक न्याय से काफी दूर हो गई है। जाति धर्म के नाम पर लोगों को बांटने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए हम सभी को एकजुट होने की आवश्यकता है। आगामी विधानसभा चुनाव से पूर्व हम सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को सरकार के नाकामी एवं राजद के नीति सिद्धांत का प्रसार करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में तेजस्वी यादव की सरकार ने 5 लाख नियुक्ति 17 महीने के अल्प कार्यकाल में दिया। मौके पर राजद जिला महासचिव रणविजय यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष विक्की सिंह यादव, माहिद खान, मो लल्लू, दीपक यादव, टप्पू यादव, प्रखण्ड अध्यक्ष मदनपुर सरोज कुमार, संजय यादव, सैफ आलम आदि उपस्थित थे।

# परलोक में एक धर्म ही जाता है साथ : जीयर स्वामी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** उदवंतनगर प्रखंड के चोराई गांव में श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि परलोक में सहायता के लिये माता-पिता, पुत्र-स्त्री और सम्बन्धी कोई नहीं रहते। वहां एक ही धर्म काम आता है। मरे हुए शरीर को बंधु-बांधव काठ और मिट्टी के ढेलों के समान पृथ्वी पर पटककर घर चले जाते हैं। एक धर्म ही उसके साथ जाता है। मन, वाणी और कर्म से प्राणी मात्र के साथ अद्रोह, सबपर कृपा और दान। यही साधु पुरुषों का सनातन धर्म है, जो आत्मनिष्ठ हैं। जो आत्मा के सिवा कुछ भी नहीं चाहते, वे विषयी मनुष्यों की भांति रमणीय वस्तु की प्राप्ति में हर्षित नहीं होते और दुःखरूप वस्तु की प्राप्ति में उद्विग्न नहीं होते। उन्होने कहा कि सोये हुए गांव को जैसे बाढ़ बहा ले जाती है, वैसे ही पुत्र और पशुओं में लिप्त मनुष्यों को मौत ले जाती है। जब मृत्यु पकड़ती है उस समय पिता, पुत्र, बंधु या जातिवाले कोई भी रक्षा नहीं कर सकते। इस बात को जानकर बुद्धिमान पुरुष को चाहिये कि वह शीलवान बने और निर्माण की ओर ले जानेवाले मार्ग को जल्द पकड़ ले। चोराई में काफी संख्या में महिला तथा पुरुष हिस्सा लेने आ रहे हैं। पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता सेवा भाव में लगे हुए हैं। बाहर से आने वाले अतिथियां के लिए रहने खाने की भी व्यवस्था की गई है। 12 तारीख को पूर्णाहुति है। जिसमें भव्य भंडारे की व्यवस्था की गई है।



# दुर्घटना में टेंट संचालक घायल

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** मदनपुर प्रखंड के अंजनवा गांव में टेंट लगाने के दौरान बाइक की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के खिरियावा गांव निवासी विनय प्रजापत के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल विनय प्रजापत ने बताया कि वह अंजनवा गांव में टेंट लगा रहा था। गांव के बाहर अंजनवा मोड पर सीढ़ी पर चढ़कर वह गेट बना रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार आया और सीढ़ी में टक्कर मार दिया, जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 899 मामलों का हुआ निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** व्यवहार न्यायालय, आरा परिसर में आयोजित जिला विधिक सेवा प्राधिकार भोजपुर के तत्वावधान में वर्ष का दूसरा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को हुआ। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन व्यवहार न्यायालय परिसर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश भारत भूषण भसीन के अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा, जिला अधिवक्ता संघ के सचिव मनमोहन ओझा, अभियोजन पदाधिकारी, मणिक कुमार सिंह, जिला शासकीय अधिवक्ता राजनाथ सिंह, जिला अग्रणी प्रबंधक, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के वरीय पदाधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक के पदाधिकारी, सभी न्यायिक पदाधिकारीगण के साथ पक्षकारगण उपस्थित थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, गौतम कुमार द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 14 पीठ का गठन किया गया था। कुल 899 मामलों का निष्पादन हुआ है। जिसमें बैंक निष्पादन मामले की संख्या 342 वादों का निष्पादन इस राष्ट्रीय लोक अदालत में किया गया एवं न्यायालय में लंबित कुल सुलहनीय वाद के निष्पादन की संख्या 544 है, साथ ही कुल 31815460 रुपए समझौता की राशि रही। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार द्वारा यह भी बताया गया कि विगत 2 माह से सभी कार्यालय कर्मी एवं पारा विधिक स्वयंसेवकों द्वारा कार्य किया जा रहा था।



# विशेष शिविर लगा बनाया गया दिव्यांगता प्रमाण पत्र

**■गोह में 41 दिव्यांग बच्चों का यूडीआइडी कार्ड भी बनाया गया**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोह में 3 से 18 आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों हेतु दिव्यंगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 40 दिव्यांग छात्र एवं छात्राओं का नामांकन हुआ, जिसमें कुल 15 दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाया गया, साथ ही यूडीआइडी कार्ड बनाने के लिए भी शिविर आयोजित किया गया। जिसमें कुल 41 दिव्यांग बच्चों का यूडीआइडी कार्ड बनाया गया। उक्त कार्यक्रम बिहार शिक्षा परियोजना और स्वास्थ्य विभाग औरंगाबाद के सहयोग से संचालित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभिनव चंद्र, अमित सिंह, अशोक कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।



### रफीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भी लगा शिविर

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें त्रिसदस्यीय चिकित्सा पदाधिकारी के जांच दल द्वारा दस दिव्यांगों का जांचोपरांत प्रमाणपत्र बनाया गया एवं 13 नेत्र, मूक बधिर, श्रवण बधिर एवं मानसिक विक्षिप्त को सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर किया गया है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए दिव्यांगजनों के सहूलियत के लिए रजिस्ट्रेशन काउंटर के समीप परामर्श काउंटर पर भी कर्मियों को लगाया गया। साथ ही शिविर स्थल पर पंखा एवं पेयजल की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर चिकित्सा दल के अलावे रूपेश कुमार, सुनील कुमार, राघवेन्द्र नारायण, रामप्रवेश सिंह, मो0 मोमताज, धनेश्वर मिस्त्री, दुःखन पासवान, सतेंद्र यादव सहित अन्य कर्मी शिविर के कार्य में शामिल रहे।

# महादलित परिवारों को मिला सरकारी योजनाओं का लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के खुदवां थाना क्षेत्र के क्लेन गांव स्थित महादली टोला पर सरकार द्वारा बुधवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पंचायत के मुखिया रागिनी देवी एवं प्रतिनिधि मुन्ना कुमार ने की। इस दौरान प्रखंड मुख्यालय से सभी विभाग के पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में बड़ी संख्या में महादलित परिवार के लोग मौजूद रहे। इस दौरान इंदिरा आवास, राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ शिविर के माध्यम से ऑन द स्पॉट महादलित परिवार के लोगों को उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य से संबंधित भी महादलित परिवार के लोगों को लाभ उपलब्ध कराया गया। नोडल पदाधिकारी के रूप में मार्केटिंग ऑफिसर आशुतोष कुमार के नेतृत्व में यह शिविर लगाया गया। इस दौरान पंचायत के मुखिया रागिनी देवी ने कहा कि सरकार के द्वारा महादलित परिवार के बीच जो शिविर लगाया जा रहे हैं इसका लाभ सरकार सीधा महादलित परिवार के लोगों को उपलब्ध करा रही है, वह काफी सराहनीय है।



# जवानों की सलामती के लिए मांगी दुआ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत- पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर भारतीय जवानों की रक्षा के लिए ओबरा के हनुमान मंदिर में शनिवार को पूजा-अर्चन किया। यह कार्यक्रम सड़क दुर्घटना रोकथाम चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले किया गया। ट्रस्ट के सदस्यों ने हाथ में तिरंगा लिए हवन किया। इस दौरान सदस्यों ने भारतीय सेना के पक्ष में जिंदाबाद के नारे लगाए और हौसला अफजाई की। साथ ही जवानों के सुरक्षा की कामना की। कहा कि पहलगाम के बाद आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर जरूरी था। हमारी सेना ने प्रशंसा योग्य कार्य किया है। हम उनके आभारी हैं। इस मामले में पूरा देश एकजुट हैं। मौके पर ट्रस्ट के सदस्य पुष्कर अग्रवाल, चंदन सिंह, गुड्डू सिंह, नौलेश मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।



# चित्र प्रदर्शनी में छात्राओं ने बेहतरीन कलाकृतियों का किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** चरपोखरी में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के कला प्रेक्षागृह में चित्र प्रदर्शनी आयोजित हुआ। तीन दिनों तक कला शिविर आयोजित कर, कला के उत्कृष्टता को वरिष्ठ कला शिक्षक रौशन राय, राजकुमार, विवेक कुमार ने निर्देशन में संयोजित करवाया गया। इस दौरान तैयार कलाकृतियों को प्रदर्शित कर मिशाल कायम किया। कला कार्यशाला सह चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन सामूहिक रूप से किया गया। मौके पर डीपीएम चन्दन प्रभाकर, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भोजपुर प्रभारी मिथिलेश कुमार व निर्मल कुमार के साथ प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय चरपोखरी के प्रभारी एचएम अजय राय एवं आनंद पाण्डेय ने संयुक्त रूप से प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। छात्राओं द्वारा तैयार तकरीबन 200 अलग-अलग शैली में तैयार कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया था। विद्यालय के छात्राओं में एक अलग ही कलात्मक सौंदर्य सृजित करने का जुनून देखा गया जो साफ दृष्टिगत हो रहा था। अतिथि चन्दन प्रभाकर ने कहा कि यह एक खास तरह का पल है, जो भोजपुर की धरती से शुरू किया गया है। छात्राओं में रचनात्मक समझ विकसित हो इसके लिए कला शिक्षक प्रयास कर रहे हैं। वहीं मिथिलेश कुमार ने कहा कि यह बिल्कुल नए तरह का पहल है। जिसमें कलागत समग्रता के साथ रचित प्रविष्टियां चित्र धरातल को रंगीन बना रही है। वरिष्ठ शिक्षक आनंद पाण्डेय एवं अजय राय ने कहा कि छात्राओं ने हर क्षेत्र में खुद को निखारा है। भोजपुर में कला कार्यशाला पांच कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में एक साथ संचालित है। चरपोखरी, कोईलवर, बड़हरा, शाहपुर, जगदीशपुर में एक साथ कला शिविर सह चित्र प्रदर्शनी आयोजित है जो अपने आप में बेहद रचनात्मक है। चित्रों में जीवंतता के साथ अमूर्त कलाकृतियां सापाट रंगों में लोगों को आकर्षित कर रही थी। कागज से बने नाव, रंगीन कागज का सार्थक कलात्मक प्रयोग साफ मन मस्तिष्क को शीतलता प्रदान कर रहा था। मौके पर रौशन राय, रिमा कुमारी, रविन्द्र सिंह, विवेक कुमार, उमेश कुमार, मीना कुमारी व अन्य मौजूद थे।


मौके पर मौजूद शिक्षकगण

# राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 152 मामलों का निष्पादन

## कुल चार बेंचों का किया गया था गठन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य सेवा विधि प्राधिकरण के निर्देश पर मसौढ़ी सिविल कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जहां पर चार बेंच गठित किए गए जिसमें एसडीजेएम शुभम त्रिपाठी, मुंसिफ नवीन कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रणी नविन कुमार गौतम, न्यायीक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सत्यप्रकाश रहे। कुल 152 मामलों का निष्पादन किया गया। एसडीजेएम शुभम त्रिपाठी ने कहा कि लोक अदालत सुलहनीय वादों के निपटान के लिए सबसे प्रभावशाली है। यहां पक्षकारों की त्वरित और कम खर्च पर न्याय दिया जाता है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबे समय तक चलने वाले कानूनी लड़ाई को समाप्त कर वादियो को राहत देने का काम किया जाता है। ऐसे में राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलभ और सस्ता नया उपलब्ध है, वादों के निपटारों में पक्षकारों के हार जीत नहीं होती है इसका फैसला अंतिम चुनौती रहित होती है। बहरहाल राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1314 मामले मामले आये थे जहाँ 152 मामले का निपटारा किया गया जिसमे सुलहनीय वाद 74, मापतौल-03 बिजली-75 का निपटारा किया गया। इसके अलावा 19,89213 बैंक सेटलमेंट हुआ। मौके पर लोक अदालत सहायक पंकज कुमार शामिल रहे।

## नगर परिषद क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नगर परिषद द्वारा हर वर्ष सार्वजनिक शौचालय व अतिरिक्त चलंत शौचालय बनाने के लिए करीब चार करोड़ का बजट पारित किया जाता है। इसके बाद परिषद क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण नहीं किया गया है। रिहायशी इलाके तो क्या शहर के चौक-चौराहे पर सार्वजनिक शौचालय नहीं है। नगर परिषद क्षेत्र में मात्र एक ही सार्वजनिक शौचालय रामजीचक बाटा के पास है। इसके अलावा कहीं भी सार्वजनिक शौचालय नहीं है। शहर में शौचालय की सर्वाधिक जरूरत रूपसपुर नहर, गोला रोड, रामजयपाल मोड़, आरपीएस मोड़, सगुना मोड़, खगौल रोड, तकियापर, शाहपुर व दाउद्पुर आदि क्षेत्रों में है। स्थानीय लोगों बताते हैं कि परिषद क्षेत्र में एक भी सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से लोगों को काफी परेशानी होती है। लोजपा जिलाध्यक्ष चंदन यादव ने नगर विकास व आवास मंत्री समेत विभाग के वरीय अधिकारियों से सार्वजनिक शौचालय के निर्माण की मांग की है। परिषद के इओ पंकज कुमार ने बताया कि बोर्ड की बैठक में सार्वजनिक शौचालय निर्माण कराने के लिए प्रस्ताव रखा गया है। जमीन का चयन किया जा रहा है। स्थल चयन कर जल्द ही सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया जायेगा। छावनी परिषद क्षेत्र के एकमात्र बस पडाव से प्रतिवर्ष लाखों रुपए के राजस्व देने के बाद भी मूलभूत सुविधाएं पेयजल ,शौचालय ,यात्री बैठने आदि का घोर अभाव है। जिसके कारण यात्रियों के साथ साथ वाहन चालकों को भी रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। छावनी प्रशासन इसके प्रति संवेदनशील नहीं दिख रहा है। जबकि बस स्टैंड से छावनी परिषद द्वारा हर गाड़ी से रोज 50 से 60 रुपये एजेंटी वसूला जाता है। इसके बावजूद बस स्टैंड यात्री सुविधा का अभाव झेल रहा है। जिससे यात्रियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पडता है। खासकर शौचालय के अभाव में महिला यात्रियों को शर्मसार होना पडता है। यात्रियों को प्यास बुझाने के लिए जेव ढीली करनी पड़ती है। बता दें कि बस पडाव से बेली रोड पटना जंक्शन, गांधी मैदान, खगौल, मनेर व सराय के लिए ऑटो का परिचालन किया जाता है।

## पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से बढ़ी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी अनुमंडल के तीनों प्रखंड के सभी पंचायतों के सचिव दो मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। सचिवों ने नौ सूत्री मांगों को लेकर काम बंद किया है। सचिव गृह जिला में पदस्थापन की मांग कर रहे हैं, ग्रेड पे 2800 करने और पदोन्नति की उम्र सीमा 55 वर्ष समाप्त करने की मांग भी शामिल है। यात्रा भत्ता देने, सेवा संपुष्टि करने और समान्य प्रशासन विभाग के निर्णय के अनुसार प्रोन्नति हेतु पद चिह्नित करने की मांग कर रहे हैं। कार्यरत और सेवानिवृत्त कर्मियों को एसीपी का लाभ देने की भी मांग है। कार्यालय अवधि सुबह 10 से शाम 6 बजे के बाद रैंडम जांच के नाम पर हो रहे शोषण को बंद करने की बात कही गयी है। ठेकेदारी कार्य से मुक्ति की भी मांग की गयी है। मसौढ़ी प्रखंड से आशुतोष कुमार गुप्ता, अविनाश कुमार, देव कुमार, दिलीप कुमार, मुरलीधर सिंह, विकास, उज्जैन, अविनाश कुमार एवं धनरूआ प्रखंड से देवनंदन प्रसाद, सुमित कुमार, मिथिलेश कुमार, सुबोध कुमार, कुणाल कुमार, राजीव चौधरी, पुनपुन प्रखंड से नीतीश कुमार, अभिषेक सिंह, महेश कुमार, रविशंकर चौधरी, संगम कुमार, अरविंद कुमार, अभियंता शेखर, हड़ताल पर है। हड़ताल पर जाने से एनओसी सहित प्रखंड के अन्य सरकारी कामकाज प्रभावित हैं। सभी हड़ताल पर गए पंचायत सचिवो ने कहा है कि जब तक हमारी 9 सूत्री मांगों पर सरकार विचार नहीं करती है, हड़ताल अनिश्चितकालीन जारी रहेगी।

## पैक्स अध्यक्ष के साथ मारपीट व छिनतई

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ प्रखंड के पथरहट पंचायत के पैक्स अध्यक्ष रंजू देवी ने मसौढ़ी थाने में दो लोगों पर मारपीट और छिनतई का मामला दर्ज कराया है। दरअसल रंजू कुमारी पति चितरंजन कुमार यादववेश मार्केट ने बताया है कि कुशवाहा मार्केट के पास घात लगाए दो युवक सूरज कुमार एवं साहिल कुमार पिता ब्रजेश कुमार हमें और हमारे बेटे के साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे, वही पैक्स से संबंधित दस्तावेज को फेंक दिया और गाली गलौज करते हुए सोने का चेन छीन लिया, पूर्व में भी हमारे बेटे के साथ मारपीट किया है, मुझे अंदेशा है यह कोई भविष्य हमारे बेटे के साथ अप्रिय घटना कर सकता है। पुलिस विभिन्न मामले में छानबीन में जुटी है।

## तिलक लगाकर छात्र-छात्राओं ने मनाया ऑपरेशन सिंदूर का जश्न, भारत माता की जय के लगे नारे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** पाकिस्तान के नापाक और कायराना करतूत से पूरे देशवासियों में गुस्से का उबाल है ऐसे में जबाबी कारवाई पर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर पूरे देश भर मे जश्न का माहौल है। ऐसे में शनिवार को मसौढ़ी के प्राथमिक विद्यालय मीरचक में तिलक लगाकर सभी छात्र-छात्राओं के बीच जश्न मनाया गया। सभी बच्चों ने मोदी अंकल से मांग की पाकिस्तान को कोई इस बार अच्छी तरह से सबक सिखाना है। इसके अलावा पाकिस्तान के कब्जे में पीओके को भी उसके कब्जे में लो और सेना के शौर्य के सम्मान में लोगों ने सैल्यूट भी किया। इसके अलावा सभी छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय के नारे भी लगाते दिखे। प्राथमिक विद्यालय मीरचक के प्रधानाध्यापक दीपक शर्मा ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर पूरे देश भर में महिलाओं में खुशी का माहौल हैं इसके अलावा पाकिस्तान को उसके कायराना करतूत पर सबक सिखाने की लगातार मांग हो रही है।

## एक नजर

### सेल्समैन से नगदी समेत बाइक छीनी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी नौबतपुर मार्ग के मसौढी थाना क्षेत्र के तुलसीचक मुशहरी मोड़ के पास एक आईटीसी कंपनी में सेल्समैन के रूप में काम करने वाले सेल्समेन संतोष कुमार पिता बिरजू प्रसाद जो मसौढ़ी स्टेशन रोड कुमहरटोली के पास रहने वाले हैं, जिन्होंने बताया की तुलसीचक के पास पहले बाइक को रुकवाया उसके बाद रंगदारी करते हुए मोबाइल और उसके पैकेट से 53,942 रूपये नगदी और मोटरसाइकिल को हुए छीन लिया है। इसमें संतोष कुमार ने बताया कि ललन केसरी पिता बैद्यनाथ प्रसाद केसरी सतिस्थान का रहने वाला है, जो रंगदारी कर हमसे छीन लिया है। इस मामले में पुलिस छानबीन में जुटी है। बताया जाता है कि संतोष कुमार तगादा का पैसा लेकर वापस अपने घर मसौढ़ी लौट रहा था। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि सभा

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कामरेड प्रोफ़ेसर अरविंद सिंह की चौथी स्मृति दिवस पर धनरूआ के बारा गांव में श्रद्धांजलि सभा व उनकी याद में मुफ्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। सबसे पहले सभी लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनकी याद में 2 मिनट का मौन रखकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। इस श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य कमलेश कुमार ने की। मौके पर मुफ्त जांच शिविर के तहत डॉक्टरों द्वारा बीपी और शुगर सहित अन्य चीजों की जांच की और दवाइयां भी दी, सैकड़ो महिला पुरुष ने जांच सिविर का लाभ लिया। इस श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए ऐपवा राज्य सचिव अनिता सिंह ने कहा कि आज के दौर में कामरेड अरविंद सिंह को याद करने का मतलब होगा कि आज पूरे देश में नफरत के माहौल के खिलाफ साझी शहादत साझी विरासत की परंपरा को बुलंद करना। वही पोलित ब्यूरो सदस्य सह जिला सचिव कामरेड अमर ने कहा की चार श्रम कोड और किसान विरोधी कृषि विपणन नीतियों के खिलाफ लड़ रहे मजदूर किसानों की एकता के साथ-साथ छात्र नौजवानों के निजीकरण ठेका करण प्रथा के खिलाफ लडना। मौके पर प्रखंड सचिव अकलू पासवान, भगवान पासवान, प्रमोद यादव, निरंजन वर्मा, कमलेश यादव आदी शामिल रहे।

### सबमर्सिबल पंप बनी शोभा की वस्तु

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विद्युत कनेक्शन के अभाव में नप क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में आधा दर्जन से अधिक नवनिर्मित सबमर्सिबल पंप शोभा का वस्तु बना हुआ है। लाखों की खर्च कर नप प्रशासन द्वारा परिषद के विभिन्न वार्डों में सबमर्सिबल पंप का निर्माण कराया गया था, ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जा सकेंगे। परंतु सबमर्सिबल पंप निर्माण किये हुए करीब डेढ साल से अधिक होने के बाद भी आज तक बिजली कनेक्शन नही होने के कारण बंद पडा हुआ है। लोगों ने बताया कि कई मोहल्ले में नलों से गंदे व दूषित पानी आपूर्ति के बाद नप प्रशासन ने सबमर्सिबल पंप का निर्माण कराया गया था। ताकि तपती गर्मी में लोगों शुद्ध पेयजल के लिए तपती धूप में भटकना नही पडेगा। परंतु आज तक पंप में बिजली कनेक्शन नही किया गया हे। परिषद क्षेत्र के वार्ड 7 में एक, वार्ड 9 में एक, वार्ड 10 में एक, वार्ड 12 में तीन, वार्ड 14 में पांच, वार्ड 17 में एक, वार्ड 22 में एक, वार्ड 29 में एक, वार्ड 31 में एक, वार्ड 33 में एक , वार्ड 35 में एक व वार्ड 37 में एक सबमर्सिबल पंप का निर्माण कराया गया था। ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जा सकेंगे। परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन बिजली विभाग को भेजा गया है। जल्द ही विद्युत कनेक्शन कर पंपों का चालू किया जायेगा।

### अधेड़ महिला का शव मिला

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** फुलवारी शरीफ के गोणपुरा, सोरंगपुर और हसनपुरा चंवर के बीच स्थित खेतों में शनिवार की दोपहर एक अधेड़ महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। महिला की उम्र लगभग 60 वर्ष बताई जा रही है। प्रथम दृष्टया उसकी मौत लू लगने और ब्रेन स्ट्रोक से होने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, महिला खेतों के रास्ते एक गांव से दूसरे गांव जा रही थी। दोपहर की तेज धूप में अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। संभवतः गर्मी और धूप के कारण उसे ब्रेन स्ट्रोक और लू लगी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कुछ समय बाद गांववालों की नजर महिला के शव पर पड़ी। उसके बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने पहचान की कोशिश की लेकिन महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी।

## मातृ दिवस पर मातृशक्ति को समर्पित रंगारंग कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**फुलवारीशरीफ।** मदर्स इंटरनेशनल अकादमी में शनिवार को मातृ दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'मॉन्टेसरी' वर्ग के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा और कला से यह सिद्ध कर दिया कि हुनर उम्र का मोहताज नहीं होता है। बच्चों ने मंच पर अपनी प्रस्तुति के माध्यम से मातृशक्ति की ममता, त्याग और प्रेरणा को जीवंत कर दिया। उन्होंने यह संदेश दिया कि मां की ममता जीवन को संजीवनी देती है, हमें हिम्मत और सुरक्षा का एहसास कराती है, और जीवन की सबसे गहरी सीख प्रदान करती है। कार्यक्रम में बच्चों ने अंग्रेजी कविता, हिंदी राइम्स, अंग्रेजी भाषण और उर्दू भाषण के जरिए अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया। इनके माध्यम से उन्होंने माँ के प्रति प्रेम और आभार को गहराई से दर्शाया। आगंतुक माताओं के सम्मान में मनोरंजक खेलों का आयोजन भी किया गया। इनमें ब्लाइंड फोल्ड, म्यूजिकल चेयर, बॉल्स गेम और डम्ब शराड्स जैसे खेलों ने सभी को आनंदित कर दिया। मंच पर प्रस्तुति देने वाले बच्चों के नाम हैं रूहान, मधुरव, अरीबा, आरूष, सुफियान, इफरा, अलीज़ा, नमीरा, अनाबिया, अंबरी, इमाद और आदित्या। स्वागत गान की मनमोहक प्रस्तुति कायशा हीना, राइमा रज़ा, प्रज्ञा सिन्हा, सानिया खालिद, ताहिरा ज़ैनब, शानिका युसूफ, आलिशा खान, सिफा परवीन, साइमा परवीन और मंतशा मोहसिन ने दी। विद्यालय के निदेशक अरशद अहमद ने मातृ दिवस पर अपने संबोधन में कहा कि मां ही बच्चे की पहली गुरु होती है, जो उसे जीवन जीने की शिक्षा देती है। माँ की ममता, प्रेम और बलिदान की कोई तुलना नहीं हो सकती। विद्यालय की प्राचार्या सुप्रिया चटर्जी ने माताओं और बच्चों का अभिनंदन करते हुए कहा कि माँ ऐसा अस्तित्व है जो सबकी जगह ले सकती है, लेकिन जिसकी जगह कोई नहीं ले सकता। 'माँ' केवल एक शब्द नहीं, बल्कि यह प्रेम, त्याग और स्नेह से ओत-प्रोत ब्रह्मांड की सबसे पवित्र भावना है। उन्होंने कहा कि आज मातृ दिवस पर उपस्थित माताओं को सम्मानित करके वह गर्व और गौरव का अनुभव कर रही हैं। सभागार में उपस्थित माताओं ने बच्चों की प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया और विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की।

## भाकपा माले ने पटना में निकला मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** पटना मे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लिबरेशन ने एक और युद्ध नहीं शांति के मार्ग पर आगे बढ़ो के नारे के साथ पटना में मार्च निकाला। फुलवारी शरीफ विधायक गोपाल रविदास ने बताया कि एक और युद्ध हर्गिज नहीं, आतंकवाद को शिकस्त दो, सीमा पर चौकसी मजबूत करो, और शांति के लिए कूटनीतिक वार्ता की ओर बढ़ोक्ष जैसे नारों के साथ आज पटना की सड़कों पर शांति और लोकतंत्र की मजबूत आवाज गूंजी। भाकपा माले और अखिल भारतीय किसान महासभा के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल मोर्चा एवं मार्च का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि देश को युद्ध नहीं, शांति चाहिए। आतंकवाद का मुकाबला शांति और न्याय के रास्ते से ही किया जा सकता है। उन्होंने केंद्र सरकार की विदेश नीति और सैन्य रणनीति पर सवाल उठाते हुए कूटनीतिक वार्ता और पड़ोसी देशों के साथ बेहतर संबंधों की आवश्यकता पर बल दिया। यह मार्च जीपीओ गोलंबर से आरंभ होकर स्टेशन गोलंबर होते हुए बुद्ध स्मृति पार्क तक पहुंचा, जहाँ यह एक जनसभा में तब्दील हो गया। मार्च का उद्देश्य आतंकी हमलों, युद्धोन्माद, सरकारी दमन और लोकतांत्रिक अधिकारों पर हो रहे हमलों के खिलाफ आमजन की एकजुट आवाज को बुलंद करना था।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सभी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों...

बॉर्डर रोड पर लगातार गश्ती होनी चाहिए। बॉर्डर पर आवाजाही पर कड़ी नजर रखी जाय। संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जाय। सेना के साथ उचित समन्वय सुनिश्चित किया जाए और राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग दिया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम की घटना के बाद की स्थिति को ध्यान में रखते हुए हर प्रकार से सतर्कता बरतने की जरूरत है। आतंकवादी या असामाजिक तत्व किसी व्यक्ति को गुमराह कर या लालच देकर गड़बड़ी करा सकते हैं। इन सब चीजों पर भी विशेष नजर रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बलों के साथ समन्वय सुनिश्चित किया जाय। महत्वपूर्ण पथों, पुलों, रेलवे लाईन, एयरपोर्ट, पेट्रोल-डीजल डिपो, गैस स्टेशन आदि पर कड़ी नजर रखी जाय। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर कड़ी नजर रखी जाए। सूचना तंत्र को अत्यंत संवेदनशीलता से सूचना संग्रहण हेतु लगाया जाय। मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देश और सुरक्षा संबंधी की गई तैयारियों के संबंध में पूर्णिया, किशनगंज, कटिहार, अररिया एवं सुपौल के जिलाधिकारियों ने बैठक में अपनी बातें रखीं। बैठक में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी, आईबी के अपर पुलिस महानिदेशक बलजीत सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, पूर्णिया प्रमंडल के आयुक्त राजेश कुमार पुलिस उप महानिरीक्षक प्रमोद कुमार मंडल और मनोज कुमार केअलावा सीमावर्ती जिलों के जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक मौजूद थे। बैठक में आर्मी, एयरफोर्स, बीएसएफ, एसएसबी और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे।

### पाकिस्तान को भारत...

को नुकसान पहुंचाया गया है, जो भी पूरी तरह से गलत है। पाकिस्तान ने झूठे आरोप लगाए कि भारतीय सेना ने मस्जिदों को नुकसान पहुंचाया। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है और हमारी सेना भारत के संवैधानिक मूल्यों का एक बहुत ही सुंदर प्रतिबिंब है। भारतीय सैन्य अधिकारी कमोडोर रघु आर नायर ने कहा कि हम भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना के बीच बनी सहमति का पालन करेंगे, लेकिन हम मातृभूमि की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार, सतर्क और प्रतिबद्ध हैं। पाकिस्तान के हर दुस्साहस का जवाब ताकत से दिया गया है। भविष्य में हर बार तनाव बढ़ने पर निर्णायक जवाब दिया जाएगा। हम राष्ट्र की रक्षा के लिए जो भी ऑपरेशन आवश्यक हो, उसे शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# मातृ दिवस : मां कभी थकती नहीं, बस मुस्कुराती है

## मातृ दिवस पर कई विद्यालयों में आयोजित किये गये कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**फुलवारीशरीफ।** मातृ दिवस के अवसर पर कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर में रंगारंग फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य नन्हे-मुन्ने बच्चों को अपनी मां के प्रति सम्मान और प्रेम प्रकट करने का अवसर देना था। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों ने त्यागमयी मां, सैनिक की मां, किसान की मां, कामकाजी मां जैसे विभिन्न रूपों में मंच पर उपस्थिति दर्ज कराई। उनके मासूम संवाद, भाव-भंगिमा और आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों को भावुक कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय की प्रबंधन निदेशक उषा कुमारी ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि 'माँ ईश्वर का साक्षात रूप होती हैं, और आज के इस आयोजन ने मां के महत्व को हृदयस्पर्शी रूप में प्रस्तुत किया।' प्रधानाचार्या अंकिता ने बच्चों की रचनात्मकता की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों ने अपने अभिनय के माध्यम से मां के प्रति गहरा भाव प्रकट किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। विशेष प्रस्तुतियों को 'श्रेष्ठ अभिनय', 'भावनात्मक प्रस्तुति' और 'सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा' जैसी श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया। समारोह में विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक और प्रबंधन समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### मां तू मेरे जीवन का है अनमोल रत्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**फुलवारीशरीफ।** प्राथमिक विद्यालय प्रखंड कॉलोनी, फुलवारी शरीफ में शनिवार को मातृ दिवस बड़े उत्साह और सृजनात्मकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका नीतू शाही ने कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए सभी अभिभावकगण, विशेषकर माताओं को एक-एक पौधा 'मां के नाम' समर्पित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व के प्रति सम्मान की भावना को जागृत करना था। बच्चों की माताओं को पेड़ लगाने का महत्व समझाते हुए शिक्षिका ने कहा कि जैसे मां अपने बच्चों की परवरिश करती हैं, वैसे ही एक पेड़ भी सहेज कर हमें जीवनदायी वातावरण देता है। मातृ दिवस के अवसर पर बच्चों ने अपनी प्यारी मां के लिए सुंदर-सुंदर कार्ड और गुलदस्ते बनाकर भेंट किए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया और भावनात्मक स्लोगन बोले गए, जैसे– मां तू मेरे जीवन का अनमोल रत्न है और मां, आपके आशीर्वाद से ही हर मुश्किल आसान लगती है। शिक्षिका नीतू शाही ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि मातृ दिवस हमारे जीवन का एक विशेष दिन है। यह उन सभी माताओं को समर्पित है जो हमें जन्म देती हैं, पालन-पोषण करती हैं और हमें एक अच्छा इंसान बनाने में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर देती हैं। उन्होंने कहा कि वास्तव में मां का दिन हर दिन होता है। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों और शिक्षिका द्वारा मिलकर एक पौधा मां के नाम रोपित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस निरीक्षक राजीव रंजन का निधन



**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के जीरादेई प्रखंड के सुरवल ग्राम निवासी झारखंड पुलिस में पुलिस निरीक्षक के रूप में कार्यरत राजीव रंजन सिंह का विगत सोमवार को दिल्ली में इलाज के दौरान निधन हो गया। 1994 बैच के अधिकारी राजीव रंजन वर्तमान में झारखंड के बोकारो जिला के चास मुफ्फसिल थाना में बतौर सर्किल इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थापित थे। राजीव रंजन जी इसके पहले साहेबगंज, राजमहल और रांची में भी सेवा दे चुके थे। इनके असमय निधन से इनके पैतृक घर समेत पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। इनके पिता भागलपुर विश्वविद्यालय में प्रोफेसर थे तथा इनके भाई बिहार के दरभंगा जिले में डी एस पी के पद पर कार्यरत हैं। राजीव रंजन के निधन पर उनके चचेरे भाई अशोक सिंह समेत अन्य ग्रामवासियों ने शोक व्यक्त किया है।

### सिसवन प्रखंड में जनता दरबार का आयोजन, जमीनी विवाद का हुआ निपटारा



**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सिसवन थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान सिसवन अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने जमीनी विवाद पर सुनवाई की और आपसी सहमति बनाते हुए जमीन से संबंधित दो मामलों का निपटारा किया। इस दौरान सिसवन थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह भी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों से लोगों ने जमीन से संबंधित विवाद निपटारा करने के लिए आवेदन दिया था। आवेदन के आधार पर दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर शनिवार को थाना परिसर में उपस्थित होने को कहा गया था।कागजातों के आधार पर आपसी सहमति बनाते हुए भूमि से जुड़े मामलों का निपटारा किया गया। इस पहल से प्रभावित लोगों ने राहत की सांस ली और प्रशासन की सराहना की।

### पेड़ की डाली गिरने महिला की मौत



**गुठनी/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव में शुक्रवार की देर शाम बगीचे में पेड़ के नीचे बैठकर कुछ घरेलू काम कर रही महिला के ऊपर पेड़ की एक बड़ी टहनी टूटकर गिर गई जिसकी चपेट में आने से महिला की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्मीपुर गांव निवासी रामलाल गोंड की पत्नी विनीता देवी (45 वर्ष) भीषण गर्मी और उमस के कारण घर के पास बगीचे में बैठकर घरेलू काम कर रही थी तभी आम के पेड़ की मोटी टहनी स्वतः टूट कर उनके ऊपर गिर गई। टहनी टूट कर महिला के ऊपर गिरने से वह उसके नीचे दब गई और गंभीर रूप से घायल हो गयी। अगल बगल के आवाज सुनकर मौके पर पहुचकर महिला को टहनी के नीचे से निकालकर गुठनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों के रोने व विलाप करने से गांव का माहौल गमगीन हो गया।

### सद्भावना एक्सप्रेस में आई तकनीकी खराबी



**मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा-बलिया रेलखंड पर मांझी रेलवे हाल्ट और मांझी रेलवे स्टेशन के बीच शनिवार को सद्भावना एक्सप्रेस में चेनपुलिंग के बाद आई तकनीकी खराबी के कारण ट्रेन करीब एक घंटे तक खड़ी रही। इस कारण छपरा-बलिया रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ और यात्रियों में अनहोनी की आशंका से अफरातफरी मच गई। इसी दौरान मझनपुरा स्थित 65 ए रेलवे क्रॉसिंग का फाटक भी बंद रहा, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। यात्री तेज धूप में घंटों परेशान रहे। राहगीर बाइक आदि से जान जोखिम में डालकर फाटक पार करने लगे, जिसे रोकने के लिए माँझी थाना पुलिस को मौके पर तैनात करना पड़ा।

### दो अग्निपीड़ितों को दिया गया सहायता राशि का चेक

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल क्षेत्र के चमुआ पंचायत के सैदपुर गांव के दो अग्निपीड़ितों को शनिवार को अंचल प्रशासन द्वारा अनुदान अनुग्रह राशि का चेक दिया गया। इसमें सैदपुर गाव निवासी राजकपूर पासवान व चुमन पासवान शामिल है। सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि चमुआ पंचायत के सैदपुर गाव में आगलगी की घटना घटी थी। इस घटना में दो लोगो घर जलने को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ था। दोनों अग्निपीड़ितों को 12 -12 हजार रुपये का चेक अंचल नाजिर के हाथों दिया गया है।

# संदिग्ध गतिविधियों पर रखें पैनी नजर: आईजी एसएसबी



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसएसबी के आईजी की उपस्थिति में जिले के अधिकारियों की एक बैठक संपन्न हुयी। बैठक में भारत पाक तनाव के मद्देनजर ऑपरेशन सिंदुर के बाद उत्पन्न परिस्थितियों पर चर्चा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय, एसपी डा. शौर्य सुमन, के अलावे अन्य अधिकारी एवं एसएसबी के अधिकारी मौजूद थे। बैठक के दौरान डीएम श्री राय ने बताया कि कल मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि देश में व्याप्त वर्तमान हालात में सभी को सचेत रहकर सुदृढ़ कार्रवाई करनी है। कहा कि जिले के महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा के साथ-साथ प्रत्येक गतिविधि पर ध्यान देना है ताकि जिला सहित राज्य और देश की सुरक्षा पर कोई आँच नहीं आए। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में कई लोग कालाबाजारी करने का भी प्रयास करेंगे, इस पर विशेष निगरानी रखते हुए सघन जांच और छापेमारी करनी है। जिलाधिकारी ने महानिरीक्षक, सशस्त्र सीमा बल को जानकारी दिया कि विगत दिनों मैनाटांड़, सिकटा के सीमावर्ती क्षेत्रों का जायजा लिया गया और वहां उपस्थित एसएसबी के जवानों को पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने सीमा पर शांति एवं सौहार्द कायम रखने की दिशा में समुचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। उन्होंने कहा कि ज्वाइंट पेट्रोलिंग कराने सहित इंटेलिजेंस गैदरिंग की आवश्यकता है।पुलिस अधीक्षक, डॉ० शौर्य सुमन ने कहा कि सीमावर्ती इलाकों में प्रॉपर चेकिंग करने का निर्देश दिया गया है। एक-एक वाहन को सही तरीके से जांच करने का निर्देश दिया गया है ताकि किसी प्रकार की चूक नहीं रह जाये। एसएसबी के अधिकारी एवं जवान पूरी तरह एक्टिव रहें। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि नियमित रूप से पेट्रोलिंग करते रहें। साथ ही नियमित रूप से रात्रि गश्ती करते रहें। संदिग्धों की विशेष निगरानी एवं जाँच करें।महानिरीक्षक, एसएसबी द्वारा बताया गया कि सभी चेकपोस्ट पर एस एस बी के जवान मुस्तैद हैं। उन्हें संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही जॉइंट पेट्रोलिंग करने का भी निर्देश दिया गया है। जो जवान छुट्टी पर गए थे उन्हें रिकॉल कर लिया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जब भी जिस प्रकार की आवश्यकता हो तुरंत खबर दिया जाए, उस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

### अनुमंडलीय मैदान में वाकिंग ट्रैक का लोकार्पण

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडलीय मैदान में बने वाकिंग ट्रैक का लोकार्पण एसडीएम गौरव कुमार एसडीपीओ कुमार देवेंद्र, सभापति प्रतिनिधि व उप सभापति प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि अनुमंडलीय मैदान में लोगों को मॉर्निंग वॉक के समय परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मैदान में सुबह-शाम वॉकिंग करने वाले लोगों की भीड़ को देखते हुए नगर परिषद की ओर से वाकिंग ट्रैक बनाने की सहमति बनी थी। जिसके बाद नगर प्रशासन की ओर से किया निर्माण गया है। सभापति प्रतिनिधि ने बताया कि वाकिंग ट्रैक सहित मैदान में लाइटिंग आदि की व्यवस्था की गई है।

## युद्ध जैसी स्थिति में स्काउट-गाइड निभाएंगे डिफेन्स वॉलेंटियर की भूमिका

**प्रत्यय अमृत के निर्देश पर राज्य स्तरीय वर्चुअल आपात बैठक, सुरक्षा तैयारी को लेकर मंथन**

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव व संभावित युद्ध जैसे हालात को लेकर बिहार राज्य सरकार ने सतर्कता बढ़ा दी है। इसी कड़ी में बिहार आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के निर्देश पर शनिवार को बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड के राज्य सचिव श्रीनिवास कुमार के नेतृत्व में राज्य स्तरीय वर्चुअल आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी जिलों के जिला संगठन आयुक्त (स्काउट और गाइड) को निर्देशित किया गया कि 18 वर्ष से अधिक एवं 40 वर्ष से कम आयु वर्ग के प्रशिक्षित स्काउट-गाइड स्वयंसेवकों की सूची दो दिनों के भीतर उपलब्ध कराई जाए। यह सूची राज्य सरकार को सौंपी जाएगी ताकि किसी भी आपात स्थिति में इन प्रशिक्षित स्वयंसेवकों को डिफेंस वॉलेंटियर के रूप में इस्तेमाल किया जा सके। जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अमन राज ने बताया कि भारत स्काउट और गाइड का प्रशिक्षण भी सैन्य प्रशिक्षण का एक लघु रूप है। इसमें स्वयंसेवकों को प्राथमिक उपचार, गांठ विद्या, सीपीआर, टेंट पिचिंग, आपदा प्रबंधन और संकट की स्थिति में बचाव कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाता है। बैठक में राज्य प्रशिक्षण आयुक्त डॉ. विजय कुमार, संयुक्त राज्य सचिव बैजनाथ प्रसाद, राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) आलोक रंजन समेत सभी जिलों के जिला संगठन आयुक्त स्काउट और गाइड शामिल हुए।

# 131 महादलित टोलों में बाबा साहेब डॉ आंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत विकास शिविर का हुआ आयोजन





**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को जिले के 19 प्रखण्डों के 131 महादलित टोलों में बाबा साहेब डॉ आंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योजनाओं के लाभ से वंचित लाभुकों को लाभान्वित किया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। गौरतलब हो कि डा० भीमराव अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर दिनांक 14.04.2025 को माननीय मुख्यमंत्री बिहार श्री नीतीश कुमार के द्वारा बाबा साहेब डा०अम्बेदकर समग्र सेवा अभियान के तहत माइक्रो प्लान बनाकर राज्य के सभी पंचायतों में क्रमवार सभी महादलित टोलों में विशेष विकास शिविर का आयोजन किये जाने की योजना का शुभारम्भ किया गया था।उक्त योजना के तहत जिले के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोलों में निवास कर रहे व्यक्तियों को विकास योजनाओं से आच्छादान हेतु सिवान जिला के सभी प्रखण्डों में पंचायत स्तर पर दिनांक-26.04.2025 से प्रत्येक सप्ताह बुधवार एवं शनिवार को विशेष विकास शिविर का आयोजन किया जिला के प्रमुख 22 विभागों से संबंधित शिविर के निर्धारित तिथि के पूर्व ऑफलाइन/ ऑनलाइन आवेदन प्राप्त कर उसका निष्पादन नियमानुसार शिविर से पूर्व किया जाता है तथा छुटे लाभुकों को शिविर के दिन योजना का लाभ दिया जाता है। इसके बावजूद शेष रह गए महादलित बस्ती के निवासियों के द्वारा संबंधित योजनाओं से लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन प्राप्त कर यथासंभव ऑन स्पॉट मामलों का निष्पादन किया जाता है। किसी कारणवश आवेदन का तत्काल निष्पादन नहीं हो सकने की स्थिति में यह सुनिश्चित किया जाता है कि लाभुकों को संबंधित योजना का लाभ यथाशीघ्र मिल सके।इसी क्रम में आज बुधवार को जिले के सभी 19 प्रखण्डों में स्थित 131 महादलित टोलों में शिविर आयोजित किया गया। डॉ आंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत विकास शिविरों में किये जा रहे कार्यों के अनुश्रवण हेतु जिला पदाधिकारी, सिवान के आदेशानुसार प्रखंडों के वरीय प्रभारी पदाधिकारी गण भी उपस्थित रहें। शिविर से पूर्व प्राप्त कई आवेदनों के आलोक में ऑन स्पॉट निष्पादन करने के साथ बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड,मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम तीनों योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

## महिला संवाद कार्यक्रम में पहुंचे डीएम व डीडीसी



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए तत्पर है। इसी उद्देश्य से महिला संवाद कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को जागरूक कर रही है। आजकल जागरूक व सशक्त महिलाएं बच्चों व परिवार को सुदृढ़ करने में अहम योगदान दे रही है। इसके लिए सरकार एवं जिला प्रशासन भी लगातार पहल कर रहा है। उक्त बातें जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने चमुआ पंचायत के रमौली में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कही। वे शनिवार को चमुआ पंचायत के वार्ड संख्या पांच रमौली गाव में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में पहुचे हुए थे। जिलाधिकारी श्री राय ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को कहा कि समय का सदुपयोग करें। खासकर बच्चियों के शिक्षा के प्रति सभी महिलाएं जागरूक रहें। किसी प्रकार के विवाद में 112 को कॉल करिए वह तुरंत आपकी सहायता में उपस्थित होगी। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम दिनेश कुमार राय, डीडीसी सुमित कुमार के साथ अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वहीं उप विकास आयुक्त सुमित कुमार ने कहा कि हर क्षेत्र में महिलाएं अग्रणी बन रही है। देश के विकास में कदम से कदम बढ़ाकर चल रही है। कार्यक्रम के दौरान कई सफल महिलाओं ने अपना अनुभव साझा किया। वहीं महिला संवाद कार्यक्रम में पंचायत में नाली एवं नलजल की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। महिलाओं में बताया कि नल जल योजना से पानी नहीं मिलता है। इसके साथ हीं आवास एवं शौचालय योजना का मांग किया। इस मौके एडीएम राजीव कुमार सिंह, एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता, एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह, बीडीओ सूरज कुमार सिंह, सीओ सुधांशु समेत कई अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

### विधानसभा स्तरीय बीएलओं को दिया गया प्रशिक्षण

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी विधानसभा के निर्वाचन की तैयारी को लेकर 04 बगहा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड सभागार बगहा -01 के पुराने भवन में मतदान केंद्र संख्या -01 से मतदान केंद्र संख्या 53 तक के मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारियों बीएलओ का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसका औचक निरीक्षण निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी 04 बगहा अनुमंडल पदाधिकारी गौरव कुमार द्वारा किया गया। इसके उपरांत उनके द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित सभी बीएलओ को निर्वाचन की तैयारी के मद्देनजर आवश्यक दिशा- निर्देश दी गई। इस प्रशिक्षण को आई आई आई डी एम द्वारिका दिल्ली से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षु गौरव कुमार (शिक्षक) सहायक प्रशिक्षु मो कलीमुल्ला एवं श्री प्रदीप कुमार द्वारा दिया गया।

## गर्मी व लू से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**दिघवारा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय निजामचक में शनिवार को भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए सुरक्षित शनिवार के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुख्तार अहमद की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों को गर्मी और लू से बचाव के आवश्यक उपायों की जानकारी दी गई। शिक्षिका अंजली कुमारी ने बच्चों को बताया कि इस मौसम में तेज धूप और गर्म हवाओं से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, जिससे बचने के लिए हल्के और सूती कपड़े पहनने चाहिए। साथ ही, धूप में बाहर निकलने से बचना, अधिक से अधिक पानी पीना और ताजे फलों एवं तरल पदार्थों का सेवन करना जरूरी है। बच्चों को तेज धूप में खाली पेट बाहर नहीं जाने की भी हिदायत दी गई। प्रधानाध्यापक मुख्तार अहमद ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों की सुरक्षा सबसे पहले है। विद्यालय में नियमित रूप से बच्चों को जागरूक किया जा रहा है ताकि वे मौसम के अनुसार अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकें। इस कार्यक्रम में अनिल कुमार, उमेश राय, मोहम्मद इमरान, उषा कुमारी, सुषमा कुमारी, कंचन माला, रंजना कुमारी और चंदन कुमार सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की बैठक में मांझी विस की सीट से प्रत्याशी उतारने की उठी मांग



**मांझी (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी के जलाल बाबा मजार के समीप स्थित फूल बाबू मार्केट के सभागार में शनिवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यकताओं ने माँझी विधानसभा क्षेत्र को कांग्रेस की परम्परागत सीट बताते हुए यहाँ से पार्टी प्रत्याशी उतारने की जोरदार माँग की। पार्टी के जिलाध्यक्ष बच्चू प्रसाद बीरू ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने, हर घर कांग्रेस का झंडा पहुँचाने, सक्रिय सदस्यता अभियान चलाने, पंचायत स्तर पर चौपाल लगाने, पंचायत व बूथ अध्यक्षों की नियुक्ति जैसे मुद्दों पर दिशा-निर्देश दिए। बैठक में माँझी नगर पंचायत के लोहार समाज के नेता द्वारिका शर्मा ने जिलाध्यक्ष की मौजूदगी में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पूर्व विधायक स्व. बुद्धन प्रसाद यादव के पुत्र संदीप रौशन तथा पूर्व मंत्री प्रो. रविन्द्र नाथ मिश्रा के पुत्र राहुल कुमार मिश्रा ने जिलाध्यक्ष समेत अन्य नेताओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल्ला खान ने की। मौके पर मुखिया राजेश पाण्डेय, बिमल तिवारी, डॉ. शंकर चौधरी, नेहाल खान, तारकेश्वर राम, अजय पाण्डेय, बच्चा खान, मुल्तान खान, अशोक तिवारी, भजन शुक्ला, जिला प्रवक्ता रामबाबू शर्मा एवं डॉ. ब्रजेन्द्र सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के बघौना पंचायत अंतर्गत चटया गांव सहित प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में शनिवार, को डॉक्टर अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रखंड स्तरीय अधिकारियों ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और लोगों को इन योजनाओं के बारे में जागरूक किया। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के तहत नागरिकों को जन्म प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड बनाने और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद की जाएगी। इसके अलावा, स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय निर्माण, गरीबों को आवास और जमीन के आवंटन, और उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने में सहायता की जाएगी।

### 'कलम से क्रांति' के छात्र मुकेश कुमार ने रचा कीर्तिमान, एक साथ दो नौकरियों में पायी सफलता



**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिक्षा की शक्ति व कठिन परिश्रम का अद्भुत उदाहरण पेश करते हुए "कलम से क्रांति" कोचिंग संस्थान परसागढ़ के छात्र मुकेश कुमार ने एक साथ दो प्रतिष्ठित सरकारी नौकरियों में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मुकेश का पहले फाइनल चयन भारतीय सेना के अग्निवीर पद पर हुआ। इसके तुरंत बाद बिहार पुलिस में भी उनका फाइनल चयन हुआ। मुकेश कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता, भाई व संस्थान के निदेशक एसएसएस सिंह संतोष को दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में कठिनाईयां जरूर आईं, लेकिन परिवार व गुरुजनों के मार्गदर्शन से वे आगे बढ़ते रहे। "कलम से क्रांति" संस्थान के डायरेक्टर एसएसएस सिंह संतोष ने मुकेश की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि मुकेश शुरू से ही मेधावी छात्र थे, उन्हें बस सही दिशा और प्रेरणा की जरूरत थी। गौरतलब है कि मुकेश के पिता का पहले ही निधन हो चुका है, जिसके कारण आर्थिक संकट से जूझते हुए उन्होंने बिजली कंपनी में नौकरी की। लेकिन पढ़ाई नहीं छोड़ी। इसी दौरान संतोष सर का मार्गदर्शन मिला और वे सफलता की सीढ़ियां चढ़ते गए। मुकेश का अगला लक्ष्य बिहार दरोगा बनना है। जिसके लिए वे आज भी जी-जान से तैयारी में जुटे हैं।

## प्रतिभा सम्मान समारोह में एक दर्जन से अधिक होनहार छात्र हुए सम्मानित



**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षा ही एकमात्र साधन है जो व्यक्ति को सही मुकाम तक पहुंचा सकती है। पढ़ाई से न सिर्फ गांव, बल्कि राज्य और देश में भी पहचान बनाई जा सकती है। शिक्षा से ही सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक मजबूती मिलती है।अगर शिक्षा है तो दुनिया में कहीं भी बेहतर जीवन जिया जा सकता है। उक्त बातेंमझौलिया प्रखंड के बैठनिया भानाचक पंचायत के वार्ड नम्बर 5के वार्ड सदस्य संतोष कुमार तिवारी ने कही ।जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि विशाल मातृ सेवा सदन संस्था द्वारा हर साल की भांति इस साल भी प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान मैट्रिक व इन्टर में सफल छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाता है ।वार्ड सदस्य सह भाजपा नेता संतोष कुमार तिवारी ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेरे पिता कौशल्यानंद तिवारी के 70 वें जन्मदिन के पावन अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह एवं जन्मदिन हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता हैं। उन्होंने आगंतुक सभी अतिथियों को फूल माला पहनाकर तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।उन्होंने मैट्रिक और इंटर बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को पुरस्कृत करते हुए सम्मानित किया गया तथा उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया गया। सम्मानित होने वाले छात्रों में जुगनू कुमारी, गुड़िया कुमारी, शिवानी कुमारी, रितु कुमारी, दीक्षा कुमारी, सलोनी कुमारी, रोशनी कुमारी, मुस्कान कुमारी, प्रेम कुमार, नवीन कुमार, रंजन कुमार, आयुष कुमार, कन्हैया कुमार, गोलू कुमार, अंकित कुमार, रुपेश कुमार, अनिमेष कुमार, मोहित कुमार, अभिषेक कुमार, मौसम कुमार, अमन कुमार, अभिजीत मिश्रा, धेनु कुमार आदि शामिल है।

## सिवान में सब्जी मंडी स्थानांतरण का मामला अटका

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के दरोगा प्रसाद राय कॉलेज के पास लगने वाली सब्जी मंडी को दूसरे जगह स्थानांतरित करने का मामला फाइलों में अटका हुआ है। नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव और अनुमंडल पदाधिकारी सिवान द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने के लिए 08/06/2024 को पत्र जारी किए जाने के बावजूद, अभी तक इस दिशा में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है।

इस मामले को लेकर परिवादी प्रयाग कुमार ने अनुमण्डलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सिवान और अपर समाहर्त्ता (लो० शि० नि०)-सह-प्रथम अपीलीय प्राधिकार, सिवान के आदेशों का पालन न होने पर जिला पदाधिकारी-सह-द्वितीय अपीलीय प्राधिकार, सिवान के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें परिवादी ने कहा है कि सचिव नगर विकास विभाग, बिहार सरकार, आयुक्त सारण और जिला लोक शिकायत के पूर्व आदेशों के बावजूद दरोगा राय सब्जी मंडी एवं फल मंडी स्टेशन रोड, सिवान को अभी तक दूसरी जगह उपलब्ध नहीं करवाई गई है। वही अनुमण्डलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सिवान ने अपने आदेश में लोक प्राधिकार को प्राथमिकता के आधार पर सब्जी मंडी के लिए जगह का चयन करने का निर्देश दिया था। वहीं, अपर समाहर्त्ता (लो०शि०नि०)-सह-प्रथम अपीलीय प्राधिकार, सिवान ने लोक प्राधिकार को कृषि उत्पादन बाजार समिति, कृषि विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त कर परिवादी की समस्या का समाधान करने का आदेश दिया था।हालांकि, लोक प्राधिकार-सह-नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, सिवान ने अपने पत्रांक 622 दिनांक 21.03.2025 के माध्यम से बताया है कि परिवादी प्रयाग कुमार द्वारा आयुक्त सारण प्रमण्डल, छपरा के यहाँ भी शिकायत दर्ज कराई गई थी। इस क्रम में सिवान सदर के अंचलाधिकारी ने पत्रांक 829 दिनांक 06.06.2024 के माध्यम से सब्जी मंडी एवं फल मंडी के लिए जमीन खोजकर अनुमण्डल पदाधिकारी, सिवान को सूचित किया था। साथ ही, बाजार समिति की संदर्भित भूमि से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने के लिए पत्र भी भेजा गया था। इसके बाद अनुमण्डल पदाधिकारी, सिवान ने भी अपने पत्रांक 370/सी० दिनांक 08.06.2024 के माध्यम से भूमि का संपूर्ण विवरण देते हुए अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने का अनुरोध किया था।लोक प्राधिकार के अनुसार, परिवादी की शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई की जा चुकी है और आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित कर दिया गया है।

### मडुआ की खेती को लेकर एकदिवसीय प्रशिक्षण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कृषि विज्ञान केंद्र में शुक्रवार को मोटे अनाज मडुआ की खेती करने को लेकर किसानों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ सूरज कुमार सिंह उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. आर.पी. सिंह ने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा संचालित सभी गतिविधियों की जानकारी दी और किसानों को मोटा अनाज से मिलने वाली लाभ के बारे में बताया। उन्होंने मडुआ, ज्वार, बाजरा, मक्का, मडुआ, सावा, कोदो चीना, कौनी इत्यादि फसलों की खेती करने को लेकर आवश्यक जानकारी व उससे मिलने वाली लाभ के बारे में किसानों को बताया। इससे पहले कृषि विज्ञान केंद्र में फलदार पौधों लगाए गये।

# विधानसभा स्तर पर बीएलओ का प्रशिक्षण शुरू

**चुनाव में तकनीकी टूल्स के उपयोग पर की गयी विस्तृत चर्चा**



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय के निर्देश पर विधानसभा चुनाव के के लिए जिले के सभी बीएलओ का विधानसभा स्तर पर प्रशिक्षण शुरू किया गया है। चुनाव आयोग एवं निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना के निर्देश पर जिले के 8 बेतिया विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) का विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षण शनिवार से आरंभ किया गया। यह प्रशिक्षण इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट द्वारा प्रशिक्षित विधानसभा क्षेत्र स्तरीय मास्टर ट्रेनर के मार्गदर्शन में हो रहा है। नई दिल्ली से प्रशिक्षित बीएलओं को एएलएमटी का नाम दिया गया है। बेतिया विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी डा. विनोद कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बीएलओ को उनके कार्यो, कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों के प्रति जागरूक करना तथा एक स्वस्थ, निष्पक्ष और त्रुटिरहित मतदाता सूची के निर्माण में उनकी भूमिका को सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण सत्र में बीएलओ को मतदाता सूची अद्यतन, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने और अपात्र नामों को हटाने की प्रक्रिया सहित सभी आवश्यक जानकारी दी गयी। साथ ही निर्वाचन से संबंधित नवीनतम दिशा-निर्देशों एवं तकनीकी टूल्स के उपयोग पर भी विस्तृत चर्चा की गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया है कि इस प्रशिक्षण से सभी बीएलओ आगामी निर्वाचन कार्यों को और अधिक प्रभावशाली ढंग से संपन्न करेंगे। आज के प्रशिक्षण में अनुमंडल पदाधिकारी डा. विनोद कुमार के अलावे नगर निगम के उप नगर आयुक्त, अवर निर्वाचन पदाधिकारी यशलोक, डीइओ संतोष कुमार आदि भी मौजूद रहे।

# जिले की सुरक्षा को लेकर डीएम ने सभी अधिकारियों से किया गहन मंथन

## पड़ोसी देश से तनाव के मद्देनजर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में शामिल हुए सभी उपक्रमों के प्रतिनिधिगिण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** समाहरणालय के सभाकक्ष में ऑपरेशन सिंदूर से उत्पन्न परिस्थितियों के मद्देनजर विधि व्यवस्था संधारण एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ करने के निमित्त जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की संयुक्त अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आहूत किया गया। बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा एनटीपीसी एवं श्री सीमेंट के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया कि अपने कैंपस में कार्यरत सभी कर्मियों एवं प्रत्येक वाहन चालकों को हर हाल में अपने थाना द्वारा निर्गत आचरण प्रमाण पत्र जांच कर ही प्रवेश दें। इसके लिए अपने स्तर से गाइडलाइन जारी करते हुए सभी कर्मियों को आचरण प्रमाण पत्र बनाने का निर्देश दें। अपने कैंपस में सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता प्रबंध करें कहीं भी किसी तरह से चूक नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित पदाधिकारी को इन कंपनियों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से सिक्योरिटी ऑडिट करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा इन कंपनियों के बाउंड्री पर लाइट एवं सिक्योरिटी का भी उचित प्रबंध करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी रेलवे के अधिकारियों से रेलवे स्टेशन एवं ट्रैक की सुरक्षा व्यवस्था से भी अवगत हुए। उन्होंने रेलवे लाइन एवं रेलवे पुल को नियमित सघन जांच कराते रहने का निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा कम्युनिकेशन के साधन बरकरार रखने हेतु टावर कंपनियों से जिला प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यकता के बारे में पूछा गया। उन्होंने टावर कंपनियों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि ट्रांसमिशन का तार जिस-जिस प्रखंड से गुजरा हो उस थाना प्रभारी से संपर्क स्थापित करें। जिलाधिकारी द्वारा एनएचएआई के पदाधिकारी से अवगत हुए कि कि रास्ते में पड़ने वाले पुल-पुलिया पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा हर पुल पर सुपरवाइजर रैंक के अधिकारी को प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया गया एवं सभी बड़े पुल के नीचे लाइट लगाने का निर्देश दिया गया। जिले के बड़े धार्मिक स्थल यथा-देव सूर्य मंदिर, उमगा सूर्य मंदिर, देवकुंड मंदिर, जामा मस्जिद, महावीर मंदिर एवं अन्य जगहों पर तीनों पाली में गृहरक्षकों की प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी द्वारा समाहरणालय, जेल, अनुमंडल कार्यालय, प्रखंड कार्यालय, सदर अस्पताल एवं अन्य प्रमुख स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा एसएसबी एवं सीआरपीएफ के प्लाटून के अधिकारियों को निरंतर गश्ती करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त स्काउट एंड गाइड एवं एनसीसी के पदाधिकारी द्वारा बताया गया एनसीसी कैडर में 18 वर्ष से ऊपर के कुल 400 अभ्यर्थी एवं स्काउट एंड गाइड कैडर के 200 अभ्यर्थी हैं जो इस परिस्थिति में जिला में सेवा देने के लिए तत्पर हैं। जिलाधिकारी ने लोगों से सोशल मीडिया पर फैलाए गए अफवाहों से बचने की अपील की। इस बैठक में जिला स्तरीय सभी पदाधिकारीयों के साथ-साथ जिले के सभी एसएसबी एवं सीआरपीएफ के अधिकारी, श्री सीमेंट एवं एनटीपीसी के प्रतिनिधि, एनसीसी एवं स्काउट एंड गाइड के पदाधिकारी, सहायक अभियंता दूरभाष बीएसएनएल, परियोजना निदेशक एनएचएआई पदाधिकारी, रेलवे अधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।




# कलयुगी बेटे ने भूमि विवाद में पिता की ली जान



मामले की जांच में जुटी पुलिस टीम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** भूमि विवाद में एक युवक ने अपने पिता की हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद वह फरार हो गया। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। घटना कासमा थाना क्षेत्र के अर्थुआ गांव की हैं। मृतक की पहचान 60 वर्षीय अर्जुन नोनिया के रूप में की गई है। हत्या का आरोप मृतक के बड़े जितेंद्र चौहान पर लगा है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जाता है कि मृतक के तीन पुत्र हैं, भूमि को लेकर बीते कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। इसी क्रम में शनिवार की सुबह बड़े बेटे ने अर्जुन नोनिया को मारपीट कर जख्मी कर दिया गया जिसमें उनकी मौत हो गई। कांड की गंभीरता के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मदनपुर सीडीपीओ अमित कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। मदनपुर सीडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि भूमि विवाद में एक बुजुर्ग की हत्या का मामला सामने आया हैं। घटना की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह प्रतीत हो रहा है कि किसी ठोस पदार्थ से मृतक के सिर पर मारा गया है। पुलिस ने एक लकड़ी का टुकड़ा बरामद किया है जिसमें खून लगा हुआ था। हत्यारोपित फरार है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# नव विवाहिता के साथ देवर ने किया दुष्कर्म, प्राथमिकी

- बीते 20 अप्रैल को धूमधाम से हुई थी महिला की शादी
- घटना बाद से आरोपित फरार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** एक विवाहिता के साथ जबरन दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मामला हसपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव की है। घटना को लेकर महिला ने देवर के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है और कार्रवाई की मांग की हैं। महिला ने बताया कि 20 अप्रैल 2025 को उसकी शादी धूमधाम से हुई थी। उसका मायका पटना जिले में पड़ता हैं। शादी के बाद उनके मंझले देवर ने उसके साथ अवैध शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया, लेकिन हमने उसका विरोध किया तो उसने काफी भला-बुरा कहा। इसके बाद छोटे देवर ने दूसरे दिन हमारे साथ जबरन दुष्कर्म किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई, मामले की जांच-पड़ताल कर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएंगी। महिला को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया हैं। घटना के बाद से आरोपित फरार है।

# मारपीट में तीन जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र के जयपाल बिगहा गांव में मोबाइल चोरी के आरोप में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटी। इस घटना में तीन लोग जख्मी हो गए। जख्मियों में उस गांव निवासी ओमप्रकाश राम, रीता देवी व पवन कुमार शामिल है। जानकारी के अनुसार टेंट लगाने के दौरान मजदूरों द्वारा मोबाइल की चोरी कर ली गई थी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया। आवेश में दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई। हालांकि दूसरे पक्ष से ज़िख्मयों का इलाज शुक्रवार को सदर अस्पताल में कराया गया था। फिलहाल घटना की सूचना मदनपुर थाना को दी गयी है।

# सिपाही भर्ती परीक्षा के अंतिम परिणाम में नाम न आने से आहत छात्र ने की आत्महत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शनिवार को एक युवक द्वारा आत्महत्या का मामला सामने आया है। मामला देव थाना क्षेत्र के मोरवा गांव की है। मृतक की पहचान 29 वर्षीय संजीत कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि संजीत बिहार पुलिस में सिपाही भर्ती परीक्षा में फेल हो गया था। अंतिम सूची में नाम नहीं आने से वह सदमे में चला गया। उसने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। संजीत लंबे समय से पुलिस में भर्ती की तैयारी कर रहा था। उसने लिखित और शारीरिक परीक्षा पास कर ली थी। परिजनों ने बताया कि उसे पूरा भरोसा था कि उसका चयन हो जाएगा। शुक्रवार को जब फाइनल मेरिट लिस्ट आई और उसमें उसका नाम नहीं था, तो वह टूट गया। वह अपने कमरे में चला गया और दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। जब कोई जवाब नहीं मिला तो लोगों ने रोशनदान से झांककर देखा तो पाया कि संजीत फंसी के फंदे पर लटका हुआ था। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। इधर, सूचना मिलते ही देव थानाध्यक्ष कुमार सौरभ और एसआई राहुल कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया गया।

# राजद को मजबूत बनाने का लिया संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** बेल रोड स्थित राष्ट्रीय जनता दल कार्यकर्ताओं द्वारा सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबरा प्रखंड अध्यक्ष रामप्रवेश राम ने किया जबकि संचालन दाउदनगर प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र कुमार यादव ने किया। मौके पर विधायक ऋषि कुमार ने कहा कि राजद सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर आधारित पार्टी है और विशेष रूप से पिछड़े वर्ग, दलित, मुस्लिम समुदायों तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। पार्टी का लक्ष्य इन वर्गों को समाज की मुख्यधारा में लाना है। पूर्व शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने समाज के वंचित लोगों को आवाज देने का काम किया। जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा, पूर्व विधायक अनवर आलम, आपदा प्रकोष्ठ अध्यक्ष केपी चौधरी समेत कई लोगो ने कहा कि विधानसभा चुनाव में समय कम है। कार्यकर्ता सजग रहे और बूथ कमिटी को मजबूती करें। मौके पर पूर्व विधायक समता देवी, धनंजय कुमार, युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष रामप्रवेश राम, मुन्ना अजीज, इंदल यादव, रामप्रवेश यादव, लोकनाथ कुमार, जितेंद्र यादव, महावीर सिंह, जयनंदन सिंह, कौशल कुमार, भोला कुमार, अवधेश सिंह, शिव कुमार, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन सिंह, योगेंद्र सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।



# शिव मंदिर से अज्ञात बुजुर्ग का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शिव मंदिर से एक अज्ञात बुजुर्ग व्यक्ति का शव बंदेया थाना की पुलिस द्वारा बरामद किया गया। मामला थाना क्षेत्र के रूखड़ी गांव की है। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है, वहीं पोस्टमार्टम के उपरांत शव पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि 60 वर्षीय एक अज्ञात बुजुर्ग व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। शव की पहचान के लिए विभिन्न थानों से संपर्क किया जा रहा है। मृतक हाफ पैंट और शर्ट पहने हुए हैं। सिर में बाल पूरी तरह पका हुआ हैं। फिलहाल विविध माध्यमों से पहचान की कोशिश की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 72 घंटे के बाद भी पहचान न होने पर सरकारी प्रक्रिया के तहत शव का शिनाख्त कर दिया जायेगा।

# देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** सोशल मिडिया पर अवैध हथियार की नुमाइश करने वाले एक युवक को ओबरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए युवक की पहचान एकोना गांव निवासी ऋषिराज कुमार के रूप में की गई है। दाउदनगर सीडीपीओ कुमार ऋषि राज ने बताया कि 9 मई को सूचना मिली कि पकड़े गए युवक के सोशल मीडिया आईडी पर अवैध हथियार के साथ फोटो वायरल हो रहा है। सूचना के आलोक में जांच-पड़ताल की गई तो मामले की पुष्टि की गई। तत्पश्चात मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए देसी कट्टा के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया। संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत आरोपित को जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष नीतीश कुमार सहित अन्य सशस्त्र बल शामिल थे।

# पटाखों पर पूर्ण रोक संगीत भी मध्यम बजेंगे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पहलगाम हमले से उत्पन्न दो देशों के बीच तनाव को ध्यान में रखते हुए बिहार पुलिस मुख्यालय ने आम लोगों से राष्ट्रहित में वैवाहिक व अन्य समारोहों के दौरान दिन में मध्यम आवाज में संगीत बजाने की अपील की है। इसके साथ ही रात में संगीत बजाने और पटाखे फोड़ने पर पूर्णतः रोक लगाने का निर्देश दिया है। एडीजी (विधि- व्यवस्था) पंकज दराद ने इस संबंध में सभी जिलों के सीनियर एसपी व एसपी (रेल सहित) को पत्र लिख कर निर्देश का अनुपालन कराने व आम लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया है। पुलिस मुख्यालय से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को भेजे गये पत्र के मुताबिक भारत-पाकिस्तान तनाव के दृष्टिकोण से राज्य की समस्त व्यवस्था को हाई अलर्ट मोड पर रखा गया है।

# शिविर लगा डीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं जनजाति टोलों में आयोजित विशेष विकास शिविर का निरीक्षण जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा देव प्रखंड के पवई पंचायत अंतर्गत तिताई बिगहा में किया गया। इस विशेष शिविर का उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के वंचित लोगों को शत प्रतिशत आच्छादन करते हुए सरकारी योजनाओं का त्वरित एवं समावेशी लाभ प्रदान कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है। शिविर में विभिन्न विभागों की सहभागिता रही, जहां लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा शिविर में उपस्थित शिविर प्रभारी से अब तक कुल प्राप्त आवेदनों का अवलोकन किया गया। प्राप्त आवेदन में अधिकांशतः मामले राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल जल योजना एवं नाली गली योजना, आयुष्मान कार्ड से संबंधित पाया गया। सभी प्राप्त आवेदनों को पोर्टल पर अपलोड करते हुए संबंधित पदाधिकारी को आवेदन ऑन द स्पॉट निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा आयोजित शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से राशन कार्ड में नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन देने हेतु प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा आयोजित शिविर में आवेदक को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। शिविर को जनहितकारी, पारदर्शी और सुलभ बनाने के उद्देश्य से लाभार्थियों का ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन, जांच और वितरण की प्रक्रिया संपन्न की गई। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस प्रकार के विशेष शिविरों का आयोजन आगामी 19 अप्रैल से प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को जिले के सभी प्रखंड के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोला में करते हुए 22 चयनित सेवाओं से वंचित परिवारों को आच्छादित किया जायेगा।




# 370 राजस्व ग्रामों में 55709 किसानों का फार्मर आईडी बनाने का कार्य सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** कृषि टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में किया गया। सबसे पहले कृषि विभाग के बारे चल रही योजनाओं की गहन समीक्षा किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी राम ईश्वर प्रसाद के द्वारा बताया गया कि जिला के सभी अंचलों में कुल 370 राजस्व ग्रामों में किसान पंजीयन कार्य कराने का निर्देश प्राप्त हुआ है। फार्मर रजिस्ट्री के वेब पोर्टल एवं एंड्रॉयड ऐप पर कार्य करने हेतु चयनित किये गये राजस्व ग्रामों के कृषि समन्वयक एवं राजस्व कर्मचारी के द्वारा किया जाना है। किसान का फार्मर आईडी बनाने में किसान का आधार कार्ड संख्या, ओटीपी प्राप्ती हेतु मोबाईल नंबर एवं लाइव फोटो के लिए स्वयं उपस्थित रहना होगा। किसानों की जमीन सम्बंधित सूची राजस्वग्राम के कृषि समन्वयक एवं राजस्व कर्मचारी के पास उपलब्ध है उनसे सम्पर्क स्थापित कर किसान अपना फार्मर रजिस्ट्री कार्य करा सकते है। किसान से सम्बंधित सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर आईडी आनेवाले समय में बहुत उपयोगी होगा। अभी तक औरंगाबाद जिला में 370 राजस्व ग्राम में कुल 115622 किसानों का बुकेट आईडी तैयार हुआ है, जिसके विरूद्ध में 55709 किसानों का फार्मर आईडी बनाने का कार्य सम्पन्न किया जा चुका है। इस पर जिलाधिकारी के द्वारा उक्त कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देश दिया गया है। साथ ही जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन अन्तर्गत औरंगाबाद जिला में 15 कलस्टर अन्तर्गत 750 हे0 में 1875 किसानों के द्वारा प्राकृतिक खेती किया जाना है। उक्त योजना के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु जिला एवं प्रखंड स्तर पर कार्यकारिणी समिति का गठन कर लिया गया है। मौके पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि उक्त योजना कार्यान्वयन अनुदेश के अनुरूप पारदर्शिता के साथ संचालन करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही कृषि टास्क फोर्स की बैठक में उपस्थिति सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने विभाग में योजनाओं का पारदर्शिता के साथ प्रचार-प्रसार कर किसानों को लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

# संगीत और साहित्य के बिना समाज का यथोचित विकास संभव नहीं

## अनुभव के रंग, यादों के संग' पुस्तक का भव्य लोकार्पण समारोह संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर के ब्लॉक मोड़ स्थित पृथ्वीराज चौहान ट्रस्ट के सभागार में शनिवार को साहित्यिक उल्लास और सराहना का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब वरिष्ठ साहित्यकार रामनाथ सिंह 'रमा' की नवीनतम कृति 'अनुभव के रंग, यादों के संग' का लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ। यह आयोजन औरंगाबाद जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने की, जबकि संचालन महामंत्री धनंजय जयपुरी ने संभाला। दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर मिश्र, जिला परिषद उपाध्यक्ष किरण सिंह, पंचदेव धाम चपरा के संस्थापक अशोक कुमार सिंह, डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, आरएनपी ग्रुप के संस्थापक शंभुनाथ पांडेय और पत्रकार प्रेमेंद्र मिश्र जैसे अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व मौजूद रहे। मौके पर शंभुनाथ पांडेय ने कहा कि संगीत और साहित्य के बिना समाज का यथोचित विकास संभव नहीं है। उन्होंने साहित्यकार मिथिलेश मधुकर के नाम पर एक पुस्तकालय स्थापना की योजना की भी जानकारी दी। शिक्षिका प्रियंका पांडेय ने साहित्य को समाज का दर्पण बताया, वहीं डॉ. संजीव रंजन और डॉ. ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह ने साहित्यकारों को समाज का जीवंत उदाहरण बताया। पत्रकार प्रेमेंद्र मिश्र ने रचनाकार को साहित्य के माध्यम से अमरता प्राप्त करने वाला बताया। वहीं, डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि इंटरनेट के युग में पुस्तक लिखना अत्यंत सराहनीय प्रयास है। हमें सिर्फ किताबें ही नहीं, व्यक्तित्व को भी पढ़ना चाहिए। डॉ. रामाधार सिंह ने साहित्य में पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि समाज व प्रकृति से जुड़ा साहित्य ही पूर्ण होता है। जिला परिषद की उपाध्यक्ष किरण सिंह ने पुस्तक लेखन को वर्षों की साधना का फल बताया। मुख्य अतिथि डॉ. सुधीर मिश्र ने कहा, साहित्य न केवल समाज का दर्पण होता है बल्कि यह एक साधना है, जिसमें लेखक अपने जीवनानुभवों को सृजनशीलता के साथ प्रस्तुत करता है। उन्होंने रमा जी की लेखनी की भूरी-भूरी प्रशंसा की। अध्यक्षीय वक्तव्य में डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा, कवि ब्रह्मा के समान होता है, जो अपने विचारों से सृष्टि करता है।




